**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 22.6 |
| डालटनगंज | 29.4 | 24.4 |
| धनबाद | 30.6 | 25.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



धनबाद, मंगलवार 08 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 91 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन में किया वैश्विक एकजुटता का आह्वान, कहा

# आतंकवाद के खिलाफ हम सब एक हों

एजेंसियां। रियो डी जेनेरियो

पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक शासन के ढांचे में सुधार, आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास की आवश्यकता पर बल दिया.

विदेश मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री की शिखर सम्मेलन में सहभागिता पर जानकारी दी गई. मोदी ने उद्घाटन सत्र में आतंकवाद, वैश्विक शासन और शांति-सुरक्षा पर विचार रखे. उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को सतत विकास के लिए अधिक जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी की पहुंच की आवश्यकता है. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और डब्ल्यूटीओ जैसे संस्थानों में तत्काल सुधार की मांग की.

आतंकवाद पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मानवता पर आघात बताया. उन्होंने कहा कि आतंक को संरक्षण, वित्तपोषण या प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने दोहरे मानकों से बचने और आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता नीति की वकालत की. मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि हम सबको एक होकर इसका मुकाबला करना होगा. बाद में मल्टीलेटरलिज्म, आर्थिक-वित्तीय मामलों और एआई सत्र में मोदी ने कहा कि विविधता और बहुध्रुवीयता ब्रिक्स की ताकत हैं.



### दिए चार सुझाव


मोदी ने ब्रिक्स की बैठक में चार सुझाव दिए– ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक को दीर्घकालिक और मांग आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, विज्ञान एवं अनुसंधान रिपोजिटरी स्थापित किया जाए, आवश्यक खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाया जाए और एआई के क्षेत्र में नवाचार और उत्तरदायित्व को संतुलित किया जाए. सम्मेलन के अंत में ब्रिक्स देशों ने रियो डी जेनेरियो घोषणा को अपनाया. रियो डी जनेरियो डिक्लेरेशन – स्ट्रेंग्थनिंग ग्लोबल साउथ कोऑपरेशन फॉर अ मोर इंक्लूसिव एंड सस्टेनेबल गवर्नेंस में विकासशील देशों के बीच सहयोग बढ़ाने, वैश्विक संस्थानों में सुधार और समावेशी तथा सतत विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है. साथ ही आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाया गया है.

### भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक सफलता

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025 भारत के लिए एक बड़ी राजनयिक जीत लेकर आया, जब सम्मेलन के संयुक्त घोषणा–पत्र में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। इस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी और कई घायल हुए थे. संयुक्त घोषणा–पत्र में कहा गया कि आतंकवाद किसी भी रूप में, उद्देश्य या औचित्य के साथ स्वीकार्य नहीं है. इसमें यह भी जोड़ा गया कि आतंकवाद को किसी धर्म, नस्ल, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ा जा सकता और सभी आतंकी संगठनों एवं उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए. पहलगाम हमले को अत्यंत निंदनीय और गंभीर अपराध करार देते हुए ब्रिक्स ने पहली बार इतने स्पष्ट शब्दों में भारत में हुए किसी आतंकी हमले की आलोचना की है. इस बयान को भारत की कूटनीतिक रणनीति की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है. ब्रिक्स नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की मांग को फिर दोहराया. उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संस्थाएं अब समकालीन वास्तविकताओं और विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण की चिंताओं को प्रभावी ढंग से प्रतिबिंबित नहीं कर पा रही हैं. यह सुझाव दिया गया कि परिषद की संरचना में बदलाव कर इसे अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक बनाया जाए.

### ट्रंप ने दी चेतावनी, बोले- 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को बड़ी चेतावनी दे डाली. उन्होंने कहा



कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करते हैं, तो उन पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा. ब्रिक्स सम्मेलन में ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों की निंदा किए जाने के बाद ट्रंप ने नाराजगी जताते हुए ब्रिक्स देशों को चेताया. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़ने वाले किसी भी देश पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा.

**क्या है इस बार ब्रिक्स सम्मेलन की थीम :** गौरतलब है कि इस बार ब्रिक्स सम्मेलन ब्राजील की मेजबानी में हुआ, जिसमें पुराने 5 देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के अलावा नए सदस्य देशों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया ने हिस्सा लिया. ब्राजील ने 1 जनवरी 2025 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली थी. इस बार की थीम रही–समावेशी और टिकाऊ वैश्विक शासन के लिए ग्लोबल साउथ का सहयोग मजबूत करना.

## ब्रीफ न्यूज

### यूपी में 5,000 स्कूलों के मर्जर को मिली अनुमति

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी में स्कूलों के मर्जर फैसला सुना दिया है. कोर्ट ने सीतापुर के 51 बच्चों की याचिका को खारिज करते हुए मर्जर को हरी झंडी दे दी. सीतापुर के 51 बच्चों ने सरकार की स्कूल मर्ज नीति के ख़िलाफ़ याचिका दी थी. सरकार के पक्ष को सही मानते हुए कोर्ट ने याचिका को ख़ारिज किया है. बता दें यूपी के 50,00 स्कूलों का मर्जर होना है. न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने फैसला सुनाया.

### 4 पीएलएफआई उग्रवादी समेत पांच गिरफ्तार

**खूंटी ।** खूंटी थाना पुलिस ने चार पीएलएफआई नक्सलियों समेत पांच लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. खूंटी पुलिस ने रांची में गोलीबारी की घटनाओं समेत लूट और डकैती के मामलों का भी खुलासा किया है. गिरफ्तार नक्सलियों में पवन लोहरा, विक्की लोहरा, अर्जुन लोहरा और अर्पित केरकेट्टा शामिल हैं, जबकि एक अन्य मामले में शामिल सागर मुंडा को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए हैं.

### आईपीएस संजय ए लाठकर हुए विरमित

**रांची।** झारखंड कैडर के सीनियर आईपीएस संजय ए लाठकर को सरकार ने विरमित कर दिया है. गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. अभी एडीजी रेल की जिम्मेदारी संभाल रहे लाठकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं. वे अब परमाणु ऊर्जा विभाग में आईजी सिक्यूरिटी की जिम्मेदारी संभालेंगे. लाठकर झारखंड में आईजी अभियान जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके हैं.

### खेमका को पटना के ही शूटर ने मारी गोली

**पटना।** बिहार के बड़े उद्योग पति गोपाल खेमका की हत्या मामले में पुलिस को बड़ी लीड मिली है. पुलिस ने दो शूटर को हिरासत में लिया है. उनकी निशानदेही पर पुलिस अन्य अपराधियों की तलाश कर रही है. चौंकाने वाली बात यह है कि गोपाल खेमका की हत्या के लिए पटना सिटी से शूटर हायर किए गए थे. उसने ही गोपाल खेमका के सिर में गोली मारी थी. पुलिस की मानें तो उसका नाम विजय है. उसपर हत्या के तीन मामले दर्ज हैं.

### सीसीएल के 4 अफसरों के खिलाफ एफआईआर

**रामगढ़।** जिले में खदान ढहने की घटना को लेकर सीसीएल के चार अधिकारियों के खिलाफ पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज किया है. यह कार्रवाई रामगढ़ के कुजू क्षेत्र में शनिवार तड़के एक बंद खदान के धंसने से हुई मौतों के सिलसिले में की गई है. जिले के डीसी फैज अहमद मुमताज ने बताया कि कुजू इलाके के जीएम, परियोजना पदाधिकारी, करमा खदान के प्रबंधक और सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है.

**26/11 मुंबई हमला : तहव्वुर राणा ने उगले कई राज**

# पाकिस्तानी सेना से गहरे संबंधों का किया खुलासा

एजेंसियां। नयी दिल्ली


26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों से जुड़े एक अहम घटनाक्रम में मुंबई क्राइम ब्रांच ने इसी साल अप्रैल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कस्टडी में बंद मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा से गहन पूछताछ की थी. पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में जांच के दौरान कई जानकारियां पहले से ही रिकॉर्ड में थीं.

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राणा अभी भी मानसिक रूप से अपने दिए हुए पुराने जवाबों पर टिका हुआ है. पुलिस को वह जानकारियां तो दे रहा है, लेकिन उसके बातचीत के तरीके से उसकी कट्टरपंथी विचारधारा भी झलकती है.

**पाकिस्तानी सेना का भरोसेमंद :** अपने बयान में राणा ने दावा किया कि वह पाकिस्तानी सेना का एक भरोसेमंद व्यक्ति था. उसने बताया कि इराक द्वारा कुवैत पर आक्रमण के दौरान उसे सऊदी अरब में एक गुप्त मिशन पर भी भेजा गया था, जिससे पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान के लिए उसके रणनीतिक महत्व का पता चलता है. राणा ने बताया कि उसने 1986 में रावलपिंडी के आर्मी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी, जिसके बाद उसे क्वेटा में कैप्टन (डॉक्टर) के पद पर नियुक्त किया गया. उसने सिंध, बलूचिस्तान, बहावलपुर और सियाचिन-बालोतरा सेक्टर सहित पाकिस्तान के कई संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों में भी काम किया.

**26/11 के अन्य साजिशकर्ता से संबंध कबूला :** पूछताछ के दौरान, राणा ने अब्दुल रहमान पाशा, साजिद मीर और मेजर इकबाल को जानने की बात भी स्वीकार की. ये तीनों पाकिस्तानी नागरिक हैं और माना जाता है कि 26/11 मुंबई हमलों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी. राणा कई भाषाओं जैसे- हिंदी, अंग्रेजी, अरबी और पश्तो का जानकार है.

**सैन्य सेवा से भगोड़ा घोषित कर हुआ था बर्खास्त :** अपने पिछले सैन्य करियर के बारे में बताते हुए राणा ने बताया कि सियाचिन में एक असाइनमेंट के दौरान उसे पल्मोनरी एडिमा हो गया था, जिसकी वजह से उसे लंबे समय तक ड्यूटी से अनुपस्थित रहना पड़ा. इस लंबी अनुपस्थिति के कारण उसे भगोड़ा घोषित कर बर्खास्त कर दिया गया. पुलिस ने यह भी बताया कि डेविड हेडली के कोर्ट में दिए हुए बयान के बारे में भी राणा की स्टडी अच्छी है.



### हेडली पर किए कई खुलासे

वहीं, क्राइम ब्रांच को दिए अपने बयान में राणा ने डेविड हेडली के बारे में भी कई खुलासे किए. उसने बताया कि 2003 और 2004 के बीच हेडली ने लश्कर–ए–तैयबा के साथ तीन ट्रेनिंग कोर्स में हिस्सा लिया था, हालांकि उसे सभी कोर्स के नाम याद नहीं हैं. जब उससे पूछा गया कि मुंबई में पहला इमिग्रेशन सेंटर खोलने का विचार किसका था, तो राणा ने दावा किया कि यह पूरी तरह से उसका अपना विचार था, हेडली का नहीं. हेडली को भेजे गए पैसों के बारे में राणा ने कहा कि यह रकम कारोबारी खर्च के तौर पर भेजी गई थी. राणा ने यह भी स्वीकार किया कि मुंबई में ऑफिस होने के बावजूद क्लाइंट हासिल करने में चुनौतियां आईं.

**मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग पहुंचे ओवैसी, कहा**

# प्रक्रिया के लिए और समय दें

एजेंसियां। नयी दिल्ली


बिहार में चुनावों से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर एआईएमआईएम की



एक टीम सांसद ए. ओवैसी के नेतृत्व में सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा. टीम ने चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की. इस दौरान ओवैसी ने कहा कि हम मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ नहीं है. लेकिन इस प्रक्रिया के लिए थोड़ा और समय दिया जाना चाहिए.

एआईएमआईएम के प्रमुख अगर 15-20 फीसदी लोगों के नाम मतदाता सूची से छूट भी गए, तो वे अपनी नागरिकता भी खो देंगे. अगर किसी का नाम हटा दिया जाएगा, तो वह व्यक्ति न केवल अपना वोट खो देगा, बल्कि यह उसकी आजीविका का भी मुद्दा है. हमारा एकमात्र मुद्दा यह है कि चुनाव आयोग इतने कम समय में इस तरह की कवायद को कैसे लागू कर सकता है? लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ेगा और हमने व्यावहारिक कठिनाइयों को उजागर करते हुए इन मुद्दों को चुनाव आयोग के सामने रखा है.

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, 10 जुलाई को सुनवाई



इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई पर सहमति जताई है. सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करेगा. मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में राजद सांसद मनोज झा, एडीआर और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने याचिका दायर की है.

**24 जून को चुनाव आयोग ने दिया था आदेश :** चुनाव आयोग ने 24 जून को बिहार में एसआईआर करने के निर्देश जारी किए थे, जिसका उद्देश्य अपात्र नामों को हटाना और यह सुनिश्चित करना था कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची में शामिल हों. आयोग ने कहा कि तेजी से बढ़ती शहरीकरण, प्रवासन, युवा मतदाता बनने, मौत की सूचनाएं न मिलने और विदेशी अवैध प्रवासियों के नाम जुड़ने जैसे कारणों से यह पुनरीक्षण जरूरी हो गया है. इस प्रक्रिया में बूथ स्तर के अधिकारी घर-घर जाकर नामों की जांच करेंगे.

### राहुल कल बिहार में करेंगे चक्का जाम

**पटना :** बिहार में चुनाव के पहले सियासी हलचल जोर पकड़ चुकी है. और इस बीच एक मुद्दा बना है वोटरलिस्ट अपग्रेडेशन की प्रक्रिया. इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 9 जुलाई को बिहार में चक्का जाम करने का ऐलान कर दिया है. इस प्रक्रिया के खिलाफ इंडिया महागठबंधन राहुल गांधी के नेतृत्व में आंदोलन करने वाला है



और वे उसी दिन पटना पहुंच रहे हैं. बता दें कि बिहार चुनाव की इस सियासी हलचल के बीच राहुल गांधी का यह 5वें महीने में 7वां बिहार दौरा है. मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी वोटरलिस्ट अपग्रेडेशन को लेकर प्रक्रिया को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ खुद को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे. चक्का जाम के दौरान पटना के प्रमुख चौक चौराहों पर यातायात ठप रहने की संभावना है. कांग्रेस का कहना है कि गरीब, प्रवासी और वंचित तबके के लोगों के मताधिकार पर यह हमला किया जा रहा है.

## पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाया

**इलाके में मची सनसनी, गांव छोड़कर भागे लोग**

शुभम संदेश। पटना

बिहार के पूर्णिया जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के टेटगामा गांव से हैरान करने वाली खबर सामने आई है, जहां डायन का आरोप लगाकर एक ही परिवार के पांच लोगों को बुरी तरह पीटा गया और फिर जिंदा जलाकर निर्मम हत्या कर दी गई. इस घटना से सनसनी मच गई है. सभी आरोपी गांव छोड़कर फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है.

दरअसल गांव के ही रामदेव उरांव के पुत्र की गांव में झाड़-फूंक और इलाज के दौरान तीन दिन पहले मौत हो गई और दूसरे बच्चे की भी तबीयत बिगड़ रही थी. गांव के लोगों ने इस मौत की वजह उक्त परिवार में डायन का होना बताया और इसी आरोप में एक ही परिवार के पांच लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई. मृतकों के नाम बाबूलाल उरांव, सीता देवी, मनजीत उरांव, रनिया देवी और तपतो मोसमत बताया गया है. यह सब एक ही परिवार के हैं. घटना के बाद इलाके में दहशत व्याप्त है. गांव के लोग घर छोड़कर चले गए हैं. वहीं मौके पर पुलिस गश्त कर रही है और डॉग स्क्वायड एवं एफएलसी की टीम पहुंचकर जांच कर रही है. इस मामले में एक शख्स नकुल कुमार की पुलिस ने गिरफ्तारी की है.

**बद्रीनाथ**

### हाईवे पर भूस्खलन 4 जिलों में अलर्ट जारी

**देहरादून ।** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश ने चारधाम यात्रियों की रफ्तार पर विराम लगा दिया है. सोमवार को प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया. यात्रियों को सोनप्रयाग और गौरीकुंड में ही रोक दिया गया है. वहीं, बद्रीनाथ जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन के कारण बंद हो गया है. इस बीच मौसम विभाग ने रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है. सावधानी के तौर पर एसडीआरएफ की टीमें तैनात कर दी गई हैं. गौरीकुंड में मलबा हटाने का काम जारी है ताकि जल्द से जल्द यात्रा को फिर से शुरू किया जा सके.

**झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारी तेज**

# जानकी बने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार ने नगर निकाय चुनाव की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाते हुए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए पूर्व विधायक जानकी यादव को आयोग का अध्यक्ष और गिरिडीह कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा को सदस्य नियुक्त किया है. जानकी यादव वर्ष 2024 में झामुमो के टिकट पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं. वहीं नरेश वर्मा वर्तमान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव हैं.

आयोग में पहले से ही नंद किशोर मेहता और लक्ष्मण यादव बतौर सदस्य कार्यरत हैं. अब आयोग के सभी सदस्यीय पद भरने की प्रक्रिया पूरी हो रही है. अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

**चुनाव प्रक्रिया को मिल सकती है गति :** राज्य सरकार अब राज्य निर्वाचन आयोग में भी नियुक्ति की दिशा में तेजी दिखा रही है. जल्द ही नए निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संभावित है, जिस पर अगली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया जा सकता है. निर्वाचन आयुक्त के बिना मतदाता सूची का प्रकाशन, वार्डों व बूथों का गठन और ईवीएम की व्यवस्था जैसे आवश्यक कार्य नहीं किए जा सकते, जिससे निकाय चुनाव की प्रक्रिया ठप पड़ी थी.



### चुनाव में देरी से झारखंड को हुआ आर्थिक नुकसान

चुनाव में देरी का असर राज्य के राजस्व और योजनाओं पर भी पड़ा है. अब तक झारखंड को 16वें वित्त आयोग के तहत लगभग 1600 करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान नहीं मिल पाया है. हाल ही में रांची दौरे पर आए वित्त आयोग की टीम ने साफ कहा था कि जब तक निकाय चुनाव नहीं कराए जाएंगे, तब तक अनुदान जारी नहीं किया जा सकता. इस कारण राज्य की कई शहरी योजनाएं ठप हैं और नई योजनाओं का कार्यान्वयन भी अटका हुआ है. यही वजह है कि सरकार अब निकाय चुनाव टालने की स्थिति में नहीं है.

**भविष्य की उम्मीद : खून जैसा है पर खून नहीं... फिर भी बेहद कारगर, जापान ने बनाया**

# आर्टिफिशियल ब्लड, भविष्य में देगा जीवनदान

शुभम संदेश डेस्क

अब तक खून की जरूरत पड़ते ही सबसे पहले यही सवाल उठता था, ब्लड ग्रुप क्या है? और उसके बाद शुरू होती है खून की तलाश. लेकिन अब जापान की नई खोज इस मुश्किल को हमेशा के लिए खत्म कर सकती है. वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल ब्लड (नकली खून) तैयार किया है, जो किसी भी ब्लड ग्रुप वाले इंसान को चढ़ाया जा सकता है. यानी अब ग्रुप मैच नहीं हुआ, तो जान जाने का डर नहीं. ये आर्टिफिशियल ब्लड दो साल तक बिना फ्रिज के कमरे के तापमान में सुरक्षित रह सकता है. न कोई डोनर की जरूरत, न स्टोरेज की झंझट. ऐसे में युद्ध, प्राकृतिक आपदा, दूर-दराज के इलाके या एक्सीडेंट के समय ये जान बचाने का सबसे बड़ा हथियार बन सकता है.



### क्या है ये सिंथेटिक ब्लड

एक रिपोर्ट के मुताबिक जापान के नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हीरोमी सकाई और उनकी टीम ने एक खास तरह का 'नकली खून' बनाया है, जिसे हेमोग्लोबिन वेसाइकल' (एचबीवीएस) कहा जाता है.

### कैसे बनता है एचबीवीएस

- इसमें पुराने डोनेशन या एक्सपायर हो चुके खून से हीमोग्लोबिन निकाला जाता है.
- फिर उसे लिपिड (तेल जैसी परत) में बंद करके बेहद छोटे–छोटे सेल बनाए जाते हैं, जिनका आकार सिर्फ 250 नैनोमीटर होता है. ये आकार में इतने छोटे हैं कि आसानी से शरीर की महीन नसों (कैपिलरीज) से गुजर सकते हैं.
- इनका रंग बैंगनी होता है क्योंकि ये तब तक ऑक्सीडाइज नहीं होते जब तक शरीर में न जाएं.

### नकली खून के फायदे

इसमें ब्लड ग्रुप की जरूरत नहीं होती. किसी भी व्यक्ति को चढ़ाया जा सकता है, चाहे उसका ब्लड ग्रुप कुछ भी हो. इससे संक्रमण का खतरा नहीं होगा क्योंकि ये वायरस–फ्री होता है. इसे बिना फ्रिज के 2 साल तक रखा जा सकता है, जबकि असली खून सिर्फ 42 दिन चलता है.

**चूहों पर टेस्ट का क्या निकला नतीजा :** शुरुआती प्रयोगों में देखा गया कि इस खून को जानवरों और स्वस्थ इंसानों में बिना साइड इफेक्ट के इस्तेमाल किया जा सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने चूहों के 90% खून को इस नकली खून से बदला और फिर भी उनकी ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन और गैस स्तर सामान्य रहे. उन्हें 2 हफ्तों तक डोज दी गई और किसी भी अंग पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा. यह नकली खून शरीर में जाकर स्प्लीन और लिवर में टूटता है, जैसे असली खून होता है, और एक हफ्ते में बाहर हो जाता है.

**भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने किया खुलासा**

# इंदिरा ने ब्रिटेन से मिल कर स्वर्ण मंदिर पर कराया हमला

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 1984 के स्वर्ण मंदिर हमले को लेकर



सनसनीखेज दावा किया है. उन्होंने कहा, तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने ब्रिटेन के साथ मिल स्वर्ण मंदिर पर हमला किया था. दुबे ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए सिख समुदाय सिर्फ खिलौना है. सिखों के कत्लेआम को छुपाने के लिए 2004 में मनमोहन सिंह को कठपुतली प्रधानमंत्री बनाया गया.

**रिपोर्ट शेयर कर किया दावा :** भाजपा नेता एक्स पर गृह सचिव की एक कथित रिपोर्ट का हवाला देते हुए लिखा, 1984 में स्वर्ण मंदिर पर हमला ब्रिटेन के साथ मिलकर किया गया. ब्रिटिश अधिकारी अमृतसर में मौजूद थे. उन्होंने यह भी दावा किया कि 1960 में करतारपुर साहिब पाक को देने का करार सरदार स्वर्ण सिंह ने किया, 1984 में कत्लेआम को छुपाने के लिए कांग्रेसी नेताओं को बचाया गया और 2004 में मनमोहन सिंह को कठपुतली प्रधानमंत्री बनाया गया. दुबे ने गृह सचिव की कथित गोपनीय चिट्ठी साझा की, जिसमें दावा किया गया कि भारतीय अधिकारियों ने स्वर्ण मंदिर से सिख चरमपंथियों को हटाने के लिए ब्रिटेन से सलाह मांगी. ये खत राष्ट्रमंडल कार्यालय के सचिव ब्रायन फॉल ने तत्कालीन गृह सचिव के निजी सचिव ह्यूग टेलर को लिखा था. इसके जरिए निशिकांत ने अपने दावे को पुख्ता किया है.

### एक्सएलआरआई सभागार, जमशेदपुर में डूरंड कप 2025 की ट्रॉफी का भव्य अनावरण

# झारखंड की मिट्टी में खेलों का संस्कार है : राज्यपाल

**शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को जमशेदपुर स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान एक्सएलआरआई के सभागार में डूरंड कप 2025 ट्रॉफी अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए इसे झारखंड के लिए गौरव का क्षण बताया और कहा कि डूरंड कप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का हिस्सा बनना झारखंड की खेल संस्कृति के लिए मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि डूरंड कप केवल एक फुटबॉल टूर्नामेंट नहीं, बल्कि भारत की ऐतिहासिक खेल विरासत का प्रतीक है. इस वर्ष जब इसके कुछ मैच झारखंड में खेले जाने हैं, यह हमारे राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है.

राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि पर्यटन, स्थानीय व्यवसाय और युवाओं के मनोबल को भी सशक्त बनाएगा. उन्होंने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो गली-कूचों से निकलकर स्टेडियम और फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सपना जगाता है. यह खेल अवसरों की समानता का प्रतीक है, जो ग्रामीण और शहरी, सभी पृष्ठभूमियों के युवाओं को एक समान मंच प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि झारखंड की मिट्टी में खेलों का संस्कार है. राज्य के अनेक गांवों में बच्चे बड़े उत्साह से फुटबॉल एवं अन्य खेलों में भाग लेते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में खेलों के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी पहलें हुई हैं, जिनमें 'खेलो इंडिया', 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम जैसी योजनाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं. उन्होंने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा पारित 'राष्ट्रीय खेल नीति 2025' को एक दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि यह नीति भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

राज्यपाल ने भारतीय सेना, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, एक्सएलआरआई, जमशेदपुर प्रशासन तथा आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और कामना की कि डूरंड कप 2025, झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक नई पहचान देगा.

### श्रावणी मेला को लेकर मंत्री सुदिव्य सोनू ने की समीक्षा बैठक, कहा

# अबुआ सरकार सेवा में तत्पर

**शुभम संदेश। रांची/देवघर**



झारखंड के देवघर जिले में राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई 2025 से शुरू हो रहा है, जो 9 अगस्त तक चलेगा. मेला को सफल बनाने को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं. इसी क्रम में 7 जुलाई को मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने देवघर एवं दुमका जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के साथ श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक की. इसकी जानकारी मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने अपने एक्स हैंडल पर साझा करते हुए लिखा, श्रावणी मेला प्रारंभ होने में अब केवल 4 दिन शेष हैं. सोमवार को आज देवघर एवं दुमका ज़िला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के साथ श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक की. मेला की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण मिलेगा। अबुआ सरकार आपकी सेवा में तत्पर है. बोल बम.

### गिरिडीह को भारतीय रेल की सौगात !

# पारसनाथ से नवादा तक चलेगी सीधी ट्रेन

**शुभम संदेश। रांची**

गिरिडीह जिले के लिए एक बड़ी खुशखबरी है. उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी होने वाली है. भारतीय रेलवे जल्द ही झारखंड के गिरिडीह और बिहार के नवादा जिले को बड़ी सौगात देने वाला है. इसके बाद जैनियों और आदिवासियों के सबसे बड़े तीर्थस्थलों में एक पारसनाथ से नवादा जाना आसान हो जायेगा. रेल लाइन बिछ जाने के बाद पारसनाथ से नवादा के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू हो जायेगी, जिससे लोगों को काफी फायदा होगा.पारसनाथ-नवादा रेल प्रोजेक्ट के पूरा होने और रेलवे परिचालन शुरू होने से धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को तो बढ़ावा मिलेगा ही, पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा. कोडरमा लोकसभा की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पारसनाथ-गिरिडीह-तिसरी-गावां-सतगावां-नवादा रेल परियोजना पर विस्तृत चर्चा की थी.गिरिडीह-नवादा रेल प्रोजेक्ट प्रसिद्ध जैन तीर्थस्थल पारसनाथ को बिहार के नवादा से जोड़ेगा. इससे जैन एवं बौद्ध श्रद्धालुओं को यात्रा में विशेष सहूलियत होगी. इसके साथ ही गिरिडीह, तिसरी, गावां और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सस्ती परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा. इससे जिससे स्थानीय व्यापार को नयी गति भी मिलेगी.



#### अन्नपूर्णा देवी बोलीं
#### प्रोजेक्ट शुरू होने पर लोगों को मिलेगा रोजगार

कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी का कहना है कि पारसनाथ-नवादा रेल प्रोजेक्ट के शुरू हो जाने से पर्यटन की गतिविधियों में तो तेजी आयेगी ही, रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि इस परियोजना को जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य शुरू करवायें.

**गिरिडीह के लोगों को उम्मीद-जल्द मिलेगी सौगात:** कोडरमा की सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बताया है कि गिरिडीह क्षेत्र के लोग लंबे समय से पारसनाथ से नवादा के बीच ट्रेन चलाने की मांग कर रही है. अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई है. मोदी सरकार में उनकी यह मांग पूरी हो जायेगी, तो धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. लोगों को रोजगार भी मिलेगा. इसलिए गिरिडीह के लोगों में उम्मीद जगी है कि उनकी मांग जल्द पूरी हो सकती है.

### लगाया आरोप : रिनपास में 18 वर्षों से कोई निदेशक नहीं

# टेंडरों और प्रशासनिक कार्यों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी के कांके स्थित मानसिक आरोग्य संस्थान रिनपास (रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-पसायट्री एंड एलायड साइंसेज) एक बार फिर विवादों में है. कांके प्रखंड के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास आयुक्त को संयुक्त रूप से पत्र लिखकर रिनपास में वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ियों की जांच की मांग की है. सबसे गंभीर आरोप यह है कि बीते 18 वर्षों से संस्थान में कोई स्थायी निदेशक नहीं है. प्रभार में ही संचालन हो रहा है, जिससे संस्थान में जवाबदेही और पारदर्शिता का अभाव बना हुआ है. प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि प्रभार में कार्यरत अधिकारी टेंडरों के माध्यम से बड़े पैमाने पर अनियमितताएं कर रहे हैं. इनके कार्यकाल में वित्तीय मामलों में गड़बड़ियों का सिलसिला लगातार जारी है, और संस्थान में घोटालों की जड़ें गहराती जा रही हैं. पत्र में रिनपास का विशेष ऑडिट कराने की मांग करते हुए कहा गया है कि संस्थान की मौजूदा स्थिति जांच की पूरी तरह से मांग करती है.

**अवैध प्रोन्नति और संविदा बहाली पर सवाल :** रिनपास में पदोन्नति और संविदा बहाली में भी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं. पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि चहेते कर्मचारियों को नियमों की अनदेखी कर प्रोन्नति दी जा रही है, जबकि संविदा के माध्यम से अपनों को नियुक्ति दी जा रही है. उपकरणों की खरीद में भी गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं. प्रतिनिधियों ने दावा किया है कि उपकरण महंगी दरों पर खरीदे जा रहे हैं और इसमें कमीशनखोरी का संगठित नेटवर्क सक्रिय है.



#### समानता सुरक्षा एजेंसी को बार-बार लाभ

प्रतिनिधियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि रिनपास में समानता सुरक्षा एजेंसी को बार-बार ठेका देकर लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि इस एजेंसी को देश के कई राज्यों में ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है. बताया गया कि एजेंसी सुरक्षा गार्डों और सुपरवाइजरों को मिलने वाली राशि का केवल एक हिस्सा ही भुगतान कर रही है. साथ ही पीएफ, बोनस और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं. इसके बावजूद इस एजेंसी को हाल ही में नर्सिंग और पारा मेडिकल स्टाफ के टेंडर में भी सफल घोषित किया गया, जो मिलीभगत और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है.

#### 35 करोड़ के टेंडरों पर उठे सवाल

प्रतिनिधियों ने बताया कि दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 के बीच लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत वाले मरम्मत और निर्माण कार्यों के टेंडर जारी किए गए, जबकि ये परियोजनाएं वर्षों से लंबित थीं और आपात श्रेणी में नहीं आती थीं. इन टेंडरों की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि कुछ ही दिनों के ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस के आधार पर टेंडर आमंत्रित किए गए. इससे टेंडरों में पारदर्शिता की कमी और मनमानी की आशंका को बल मिलता है. इसी के साथ, पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2012 में 8 करोड़ रुपये की लागत से बना तकनीकी ब्लॉक आज तक उपयोग में नहीं लाया गया. इसके बावजूद हर साल उसकी मरम्मत और रखरखाव के नाम पर बड़ी रकम खर्च की जाती रही है.

**विधायक भी जता चुके हैं आपत्ति:** कांके के वर्तमान विधायक सुरेश बैठा भी पहले रिनपास प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर चुके हैं. उन्होंने प्रभारी निदेशक की कार्यशैली पर कड़ी आपत्ति जताई थी और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी.

### कमलेश की मौजूदगी में वित्त मंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# अधिकारियों के चक्कर काटने से मिलेगी निजात

**शुभम संदेश। रांची**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की मौजूदगी में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आम जनों की समस्याएं सुनीं. जनता दरबार में आम जनों की समस्याओं को सुनने के क्रम में केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस परिपाटी के शुरू होने से जनता के बीच सकारात्मक संदेश जा रहा है, लोग सरकार के पक्ष में स्पष्ट राय रख रहे हैं,जनता समझ रही है कि सरकार समस्याओं को धरातल पर समाधान करने के लिए कार्रवाई कर रही है. जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि कई योजनाओं का पैसा केंद्र सरकार ने रोक रखा है, नकारात्मक सहयोग है अपना अंशदान नहीं दे रहा. जिसके चलते वृद्धा पेंशन जैसी कई योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है. भाजपा लोगों के बीच दुष्प्रचार करती है कि झारखंड सरकार लोगों को पैसा नहीं दे रही है. सरकार कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी, जनता का काम समय पर अधिकारियों को करना होगा. यदि संभव है तो काम कीजिए नहीं तो जनता को बता दीजिए कि यह कार्य नहीं हो सकता, जनता को बेवजह कार्यालय और अधिकारियों का चक्कर लगवाना बंद करना होगा. हम त्वरित परिणाम पर विश्वास करते हैं, पूर्ववर्ती सरकार की कार्यशैली-कार्य संस्कृति में अधिकारियों को बदलाव लाना होगा. हम जनता के लिए आए हैं, जनता का काम होगा, जो उचित है अधिकारियों को उसे करना होगा टालमटोल की नीति बदलनी होगी.

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कुल 49 मामले वित्त मंत्री के समक्ष आए. जिसमें बिजली विभाग, सड़क निर्माण, जमीन संबंधी, तालाब जीर्णोद्धार-निर्माण, अबुआ आवास सहित अन्य मामले आए. समस्याओं को सुनने के क्रम में मंत्री ने सीधे अधिकारियों से समस्याओं के संदर्भ में बात की तथा समस्याओं का समाधान त्वरित एवं समयबद्ध करने को कहा. इसी क्रम में भू अर्जन से संबंधित एक मामले में शिकायतकर्ता ने कहा कि एनएचएआइ द्वारा जमीन का अधिग्रहण किया गया था. जिसकी जमीन अधिग्रहित की गई थी उसने दो शादियां की थी परंतु दूसरी शादी को कानूनी मान्यता नहीं थी. वित्त मंत्री द्वारा रांची जिला भू अर्जन पदाधिकारी को फोन कर मामले की जानकारी मांगी गई,

## एक नजर

### पेसा कानून लागू नहीं होने से आदिवासी समाज आक्रोशित

- 11 जुलाई को गुमला से रांची तक पदयात्रा

**गुमला/रांची।** झारखंड में पेसा कानून लागू करने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है, बावजूद इसके अब तक यह कानून राज्य में लागू नहीं हो पाया है. पेसा कानून की अनदेखी को लेकर आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश है. इसी आक्रोश के तहत 11 जुलाई को गुमला के बाबा कार्तिक उरांव के समाधि स्थल से पदयात्रा निकाली जाएगी. यह पदयात्रा निशा भगत के नेतृत्व में निकाली जाएगी. पदयात्रा को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में मौली पड़हा देवराम भगत, केंद्रीय सरना समिति झारखंड के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, मौली पड़हा के महेंद्र उरांव, केंद्रीय सरना समिति की प्रवक्ता एंजेल लकड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र भगत और गुमला पड़हा समिति के विनोद मिंज सहित कई आदिवासी सामाजिक संगठनों और लोगों ने भाग लिया. सभी ने पदयात्रा को समर्थन देते हुए मीडिया के सामने अपनी बात रखी. यह पदयात्रा राज्यपाल भवन तक जाएगी, जहां राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

### फरार दाहू यादव ने मांगी अग्रिम जमानत

**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फरार चल रहे आरोपी दाहू यादव ने रांची स्थित पीएमएलए (पीएमएलए) की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है. वह बीते तीन वर्षों से अधिक समय से फरार है. ईडी ने हाल ही में दाहू यादव समेत छह अन्य आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है. यह आरोप पत्र रांची की विशेष अदालत में दायर किया गया है, हालांकि कोर्ट ने अभी इस पर संज्ञान नहीं लिया है. बता दें कि दाहू यादव आखिरी बार 18 जुलाई 2022 को ईडी कार्यालय, रांची में पूछताछ के लिए पेश हुआ था, इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला है. एजेंसियां तब से उसकी तलाश कर रही हैं. अगस्त 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने उसे सरेंडर करने का आदेश दिया था, लेकिन वह अदालत में पेश नहीं हुआ. इसके बाद ईडी, सीबीआई और पुलिस ने उसे वॉन्टेड घोषित कर दिया.

# लाह की खेती से किसान बनेंगे आत्मनिर्भर

### रांची के लापुंग में 191 किसानों को मिला प्रशिक्षण और टूल किट्स

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में किसानों की आय बढ़ाने और वनोपज आधारित आजीविका को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ी पहल की गई है. सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ (सिद्धको फेड) की ओर से रांची जिले के लापुंग प्रखंड अंतर्गत रायटोली (मालगो लैंपस) में लाह की खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह टूल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं. उन्होंने 191 किसानों को लाह उत्पादन का प्रशिक्षण दिया और उन्हें खेती के लिए जरूरी टूल किट्स भी वितरित किए.

**10 हजार किसानों को लाह प्रशिक्षण देने का लक्ष्य :** सिद्धको फेड के सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि संगठन का उद्देश्य वनोपज को मुख्यधारा में लाकर किसानों को स्थायी आय के साधन देना है. उन्होंने कहा, हमने 10,000 किसानों को लाह की खेती में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है. लाह को अब कृषि उत्पाद का दर्जा मिलने से किसानों को सरकारी योजनाओं का भी लाभ मिलेगा. कार्यक्रम में आईआईएनआरजी के वैज्ञानिक डॉ. डीके सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, सुदामा महली, देवती देवी, चैतन्य गंझु, सुरेश कुमार, विश्वनाथ मुंडा, सरोज मुंडा और सलीम सहित कई स्थानीय नेता और ग्रामीण शामिल हुए.



#### पेड़ से भी बढ़ेगी आमदनी : शिल्पी नेहा तिर्की

मंत्री ने कहा, अब किसान सिर्फ खेत तक सीमित नहीं रहेंगे. पेड़ों से भी आय बढ़ाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं. लाह की खेती ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बन सकती है. उन्होंने बताया कि झारखंड देश का सबसे बड़ा लाह उत्पादक राज्य है, और इससे किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद मिलेगी. उन्होंने यह भी जोड़ा कि एक पेड़ से 25 किलो तक लाह प्राप्त किया जा सकता है, जिससे अच्छी कमाई होती है.

#### मिली ये सुविधाएं

- 5 किलो लाह बीज
- कटाई उपकरण और सुरक्षा किट
- तकनीकी जानकारी
- लाह की खेती क्यों है लाभदायक
- मेहनत कम, मुनाफा ज्यादा

#### कॉस्मेटिक और दवा उद्योग में बढ़ती मांग

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात की संभावनाएं
- गांवों में रोजगार और पलायन रोकने का समाधान

# झारखंड सिपाही भर्ती 2023 का विज्ञापन हो जाएगा रद्द

▸ **नई नियमावली के तहत होगी बहाली**

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 से संबंधित पूर्व में जारी विज्ञापन को रद्द करने का फैसला राज्य सरकार ने ले लिया है. अब सरकार इस भर्ती की अधियाचना वापस लेगी. मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है, जिसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वीकृति दे दी है. जल्द ही इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा. कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इस बहाली प्रक्रिया का नया विज्ञापन हाल में लागू हुई संयुक्त भर्ती नियमावली-2025 के तहत जारी किया जाएगा. गौरतलब है कि पहले की अधिसूचना के अनुसार, झारखंड में कुल 4919 सिपाही पदों पर नियुक्ति होनी थी. इनमें से 20 जिलों में 3799 पद नियमित थे, जबकि 11 जिलों में 1120 पद बैकलॉग के अंतर्गत भरे जाने थे. इनमें कुछ जिले ऐसे भी हैं जहां दोनों तरह की बहाली होनी थी. इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जनवरी से 28 फरवरी 2024 तक लिए गए थे, और हजारों उम्मीदवारों ने आवेदन किया था. हालांकि, अब तक परीक्षा की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है.

इस बीच, 12 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि पुलिस, कक्षपाल, गृह रक्षा वाहिनी सिपाही और उत्पाद सिपाही की संयुक्त भर्ती नियमावली 2025 के तहत आगे की सभी नियुक्तियां की जाएंगी. कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने उस समय स्पष्ट किया था कि अब इसी नई नियमावली के आधार पर सिपाहियों की बहाली होगी.

### तबाही | झारखंड में भारी बारिश से सब्जियां बर्बाद, बिचड़े भी बहे

# पानी में बह रहे किसानों के अरमान, टूट जाएगी कमर

**शुभम संदेश। रांची**

रांची और खूंटी जिले सहित पूरे झारखंड में पिछले 20-25 दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण किसानों के अरमान पानी में बहते जा रहे है. लगातार हो रही मूसलाधार पानी के कारण किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है. भारी बारिश के कारण किसान न खेतों में बिचड़े डाल पाये और न ही मड़ुवा या गोढ़ा धान की खेती हो पा रही है. खेतों में पानी भर जाने के कारण सभी बीच और बिचड़े पानी में बह जा रहे हैं. बारिश ने सब्जी उत्पादक किसानों की भी कमर तोड़ दी है. खेतों में पानी भरने के कारण टमाटर, भिंडी, परवल, शिमला मिर्च सहित अन्य सब्जियां खेतों में ही सड़ जा रही हैं. किसानों का कहना है कि अभी तो आषाढ़ का ही महीना चल रहा है. अभी सावन, भादो बाकी है. यदि बारिश की यही रफ्तार रही, तो किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे.



तोरपा के किसान पंचम साहू कहते हैं कि यदि इसी तरह मेघ बरसता रहा, तो अकाल की आशंका बढ़ जाएगी. उन्होंने कहा कि कई किसानों ने सरकारी और निजी बैंकों के अलावा सेठ-साहूकारों से खेती के लिए कर्ज लिया है. उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि वे ऋण की आदयगी कैसे करेंगे. युवा किसान रोहित साहू कहते हैं कि पिछले 10-15 वर्षों से इस क्षेत्र में इस तरह की बारिश नहीं हुई थी. उन्होंने कहा कि बारिश कम नहीं होने पर किसानों की बर्बादी तय है.

लापुंग प्रखंड के रहने वाले किसान अह्लाद साहू उर्फ मोड़ेया ने कहा कि बारिश से किसानों को भारी क्षति हो रही है. खासकर भारी बारिश की मार सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों पर पड़ी है. खूंटी के बारकुली गांव कें किसान प्रमोद साहू कहते हैं कि बारिश से फसलों को तो नुकसान पहुंच ही रहा है, कई पुल-पुलिया और डायवर्सन भी टूट गए हैं. इस कारण आम लोगों को विद्यार्थियों को भारी कठिनाई हो रही है.

#### व्यवसाय भी हो रहा है प्रभावित

तोरपा के कर्रा रोड में चिकन-चाउमिन और भोजनालय चलानेवाले युवा व्यवसायी प्रकाश कुमार कहते हैं कि लगातार और भारी बारिश के कारण व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ हे. आये दिन उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है. राजमिस्त्री का काम करने कासीम शेख कहते हैं कि रोज हो रही बारिश के कारण उन्हें परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है. काम-धंधा सब चौपट हो गया है.

### एचईसी कर्मियों को बिना संघर्ष नहीं मिलेगा वेतन

# देशव्यापी हड़ताल का करें समर्थन : लालदेव

**शुभम संदेश। रांची**




हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने एचईसी के सभी मजदूरों और स्थानीय यूनियनों से अपील की है कि वे आगामी नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी एकदिवसीय हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें. तभी एचईसी कर्मियों को उनका हक मिलेगा। बगैर संघर्ष वेतन नहीं मिलनेवाला है। लालदेव सिंह सोमवार को एचईसी परिसर में बातचीत के दौरान बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि यह हड़ताल केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर हो रही है, लेकिन इसमें एचईसी के अलावा अन्य स्थानीय यूनियनें और उनके मजदूर भी भाग ले रहे हैं. लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी में पहले से ही श्रम कानूनों का पालन नहीं हो रहा है. और अब यदि मजदूर चुप रहे तो प्रबंधन पूरी तरह से श्रम कानूनों को खत्म कर देगा.

उन्होंने कहा कि मजदूर सोच रहे हैं कि एक दिन का वेतन कट जाएगा, लेकिन मौजूदा हालात ऐसे हैं कि पता नहीं कब और कितना वेतन मिलेगा या मिलेगा भी नहीं. उन्होंने निदेशक (कार्मिक) के साथ हुई पिछली बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनसे बकाया वेतन और वेतन पर्ची के बारे में पूछा गया, तो प्रबंधन चुप रह गए. इससे साफ है कि प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी भी अब हाईकोर्ट का सहारा ले रहे हैं क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं रहा कि मजदूरों को बकाया वेतन मिलेगा. लालदेव सिंह ने कहा कि जब तक संघर्ष नहीं होगा, मजदूरों का हक नहीं मिलेगा. उन्होंने कहा कि कभी-कभी वेतन कटवाकर भी लड़ाई लड़नी पड़ती है क्योंकि त्याग के बिना कुछ नहीं मिलता. सभी मजदूरों से अपील है कि देशभर के श्रमिकों के साथ कदम मिलाकर एचईसी में भी हड़ताल को सफल बनाएं.



शेफाली की याद में छलका पराग त्यागी के दिल का दर्द

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




धनबाद, मंगलवार 08 जुलाई 2025, आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, संवत 2082

## ब्रीफ खबरें

### सदर अस्पताल में आज रहेंगे ये डाक्टर

**धनबाद ।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर मंगलवार को सदर अस्पताल के ओपीडी में मौजूद रहने वाले चिकित्सकों की सूची जारी की गई है. मंगलवार को मेडिसिन में डॉ मासूम आलम और डॉ शीला कुमारी, हड्डी रोग में डॉ हरेंद्र कुमार, सर्जरी में डॉ प्रभात कुमार, नेत्र में डॉ गोलू पीनाज, दंत रोग में डॉ अनुपमा, शिशु रोग में डॉ उमेंद्र कुमार तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ अनजाना कुमारी मौजूद रहेंगे. वहीं गायनी इमर्जेंसी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 तक डॉ संध्या तिवारी, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉ सुमन कुमारी तथा रात 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक डॉ सुरभि रहेंगे. जबकि जेनरल इमर्जेंसी में दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक डॉ एपिल टोपनो तथा रात 9 बजे से बुधवार सुबह 9 बजे तक डॉ मंगेश कुमार रहेंगे.

### धनबाद-आसनसोल की तीन बंद ट्रेनों को चालू कराने की मांग

**कालुबथान।** कोविड के दौरान रेलवे द्वारा जिन तीनों पैसेंजर ट्रेनों को बंद किया गया था. धनबाद सासंद ढुलू महतो ने उन सभी ट्रेनों को पुनः शुरू करने की मांग पत्र के माध्यम से की है. इसके लिए हॉकर संघ, व्यासाय संघ के अलावा कई सामाजिक संगठनों ने सांसद से मांग की थी. सोमवार की दोपहर को डीआरएम धनबाद को मांग पत्र सौंपा गया. इसमें सभी ट्रेनें धनबाद आसनसोल रूट की हैं. जानकारी के लिए बता दें कि ट्रेन नंबर 53322 धनबाद आसनसोल पैसेंजर गाड़ी जो ढोकरा, प्रधानखंटा, छोटा आम्बोना, कालूबथान आदि स्टेशन के लोगों को सुविधा मिलेगी जबकि ट्रेन नंबर 63552 के चलने से थापर नगर, मुगमा, कुमारधुबी, कुलटी आदि जाने वाले लोगों को सुविधा होगी. वहीं ट्रेन नंबर 63551 के चालू होने से इसी रूट से धनबाद से आसनसोल जाने वाले सभी लोगों को काफ़ी सुविधा होगी.

### बारिश से झारखंड के 14 जिले बेहाल

**रांची।** झारखंड में भारी बारिश से 13 जिलों में लोग बेहाल हैं. पिछले 20 दिनों से इन जिलों में अच्छी तरह धूप नहीं निकली है. इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सबसे खराब स्थिति राजधानी रांची की है, जहां भारी बारिश से निचले इलाकों में पानी जमा होने से यातायात सहित आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. कई लोगों के घर में पानी घुस गया है. इससे उनको रात काटना मुश्किल हो गया है. रांची के नदी - नाले और डैम सहित सभी जल स्रोत लबालब हैं. इसके अलावा राज्य में कई जगह पुल-पुलिया और डायवर्सन बह गए हैं. भारी बारिश के चलते कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं. खेतों में पानी जमा होने से किसान बिचड़े महीन लगा पा रहे हैं और खेतों की जुताई भी नहीं कर पा रहे हैं.

## झरिया मास्टर प्लान पर डीसी के साथ कोयला मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी की बैठक में निर्णय

# बेलगड़िया, करमाटांड़ एवं कुसुम विहार में बनेंगे टीओपी

शुभम संदेश। धनबाद

झरिया मास्टर प्लान को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन के साथ कोयला मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी हिटलर सिंह तथा प्रबंधक (माइनिंग) सचिन मालपा ने सोमवार को बैठक की. बैठक में झरिया मास्टर प्लान के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी कार्यों को समय पर पूरा करने तथा सभी गतिविधियों की सख्त निगरानी करने का निर्णय लिया गया. उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए सभी कार्यों को तेजी से पूरा करना है.

साथ ही बेलगड़िया, करमाटांड़ एवं



कुसुम विहार में शीघ्र एक - एक पुलिस पोस्ट (टीओपी) का निर्माण करने का निर्णय लिया गया, वहीं बेलगड़िया में इलेक्ट्रिक रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बस चलाने पर चर्चा की गई. उपायुक्त ने बेलगड़िया के शत-प्रतिशत निवासियों का राशन कार्ड बनाने एवं उन्हें उज्ज्वला योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया. बैठक में झरिया मास्टर प्लान के महाप्रबंधक राजीव चोपड़ा, बीसीसीएल के महाप्रबंधक एमके सिंह, जेआरडीए के सलाहकार डीएन माहापात्रा, मुख्य प्रबंधक (माइनिंग) संजय कुमार, वित्त प्रबंधक अजय भरतिया उपस्थित थे. बता दें कि झरिया में लगभग 100 साल से भूमिगत आग लगी हुई है. इस भूमिगत आग के ऊपर हजारों लोग रह रहे हैं. लेकिन अब तक इन लोगों को सुरक्षित बसाने का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है. एक बार फिर से झरिया मास्टर प्लान के तहत राशि मंजूर करके इनको बसाने की कवायद शुरू की गयी है. झरिया मास्टर प्लान 2009 में लाया गया था. 2021 तक अग्निप्रभावित और डेंजर जोन में रहने वाले लोगों को विस्थापित करने का लक्ष्य था. लेकिन लंबे समय के प्रयास के बाद भी यह सफल नहीं हो पाई. अब केंद्र सरकार ने झरिया मास्टर प्लान के लिये 5940 करोड़ के राशि की मंजूरी दी है.

### सिमडेगा के बाल संप्रेक्षण गृह से 6 बच्चे फरार

**सिमडेगा।** बाल संप्रेक्षण गृह से 6 बच्चे फरार हो गए हैं. ये सभी बच्चे अलग-अलग कांडों में पकड़े गए थे. जानकारी के अनुसार ड्राम लगाकर बच्चे संप्रेक्षण गृह की बाउंड्री फांदकर फरार हो गए. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बच्चों की तलाश में जुट गई है.हत्या सहित अन्य अलग-अलग मामलों में पकड़े गए 6 बच्चे रविवार रात अंधेरे का फायदा उठाकर बाल संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर फरार हो गए. जानकारी के अनुसार फरार बच्चों में लातेहार का एक, पश्चिम सिंहभूम के दो और गुमला के 3 बच्चे शामिल हैं. इनके फरार होने की सूचना मिलते हैं डीएसपी हेडक्वार्टर और एसडीपीओ सिमडेगा मामले की जांच में जुट गए हैं.

# झामुमो जिला समिति का विस्तार नई कार्यकारिणी की घोषणा

शुभम संदेश। धनबाद

झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला समिति ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है. झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के निर्देशानुसार, धनबाद जिला समिति की नई कार्यकारिणी इस प्रकार गठित की गई है. अध्यक्ष-लखी सोरेन, उपाध्यक्ष - कालीचरण महतो, मुकेश सिंह, अजय रवानी, अकबर अंसारी, सचिव - मन्नू आलम, संगठन सचिव - मनोज महतो, मनोज रवानी, राज आनंद सिंह, सह सचिव - तपन तिवारी, रंजीत महतो (तेलमोच्चो), महेश मुर्मू, कोषाध्यक्ष - किशोर मुर्मू, प्रवक्ता - गुलाम कुरैशी, सगीर रवानी, श्रवण टुडू हैं.

सूरज महतो बने युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने धनबाद जिला में अपने विभिन्न मोर्चों की समितियों का गठन कर लिया है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है.

### धनबाद महानगर में हरेंद्र उपाध्यक्ष व आकाश बने प्रवक्ता

धनबाद । झारखंड मुक्ति मोर्चा ने धनबाद महानगर समिति के साथ-साथ झरिया, सिन्दरी, कतरास और चिरकुंडा नगर समितियों का गठन किया है. पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की हैं.

**धनबाद महानगर समिति**

उपाध्यक्ष : हरेन्द्र चौहान
संगठन सचिव : कुलदीप महतो, मदन राम, उत्तम कुमार, जितेन्द्र पसवान
सह सचिव : राधेश्याम बाल्मिकी, मोहम्मद निसार खान
प्रवक्ता : आकाश रवानी

**झरिया नगर समिति :**

उपाध्यक्ष : भीम हांसदा

**सिन्दरी नगर समिति :**

संगठन सचिव : पंकज पान
सह सचिव : दीपक बाउरी

**कतरास नगर समिति :**

उपाध्यक्ष : मनोज निषाद
संगठन सचिव : शशीरंजन कुमार
सह सचिव : राजेश बहादुर सिंह

**चिरकुंडा नगर समिति :**

संगठन सचिव : मोहन बाउरी
सह सचिव : सुदर्शन मुंडा, अनिल मुर्मू, पारस ठाकुर, रवि बाउरी, संजय मुर्मू, सागर भुईयां, आकाश कुमार, सुब्रतो सेन, मोना गोराई, रंजीत साव, मोहम्मद अल्ताफ शामिल हैं. पार्टी ने इन नियुक्तियों के जरिए स्थानीय स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का लक्ष्य रखा है. झामुमो नेताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और क्षेत्र में पार्टी की उपस्थिति को प्रभावी बनाने का आह्वान किया है.

इस अधिसूचना के तहत युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, छात्र मोर्चा, किसान मोर्चा और व्यवसायी मोर्चा सहित बुद्धिजीवी मोर्चा की जिला समितियों का गठन किया गया है.

युवा मोर्चा के अध्यक्ष सूरज महतो को नियुक्त किया गया है, जबकि उमेश राम और सामंत सुमन उपाध्यक्ष बनाए गए हैं. शंकर महतो सचिव, संदीप हांसदा संगठन सचिव, राजेन्द्र किस्कू और अरविन्द मुर्मू सह-सचिव तथा मदन महतो कोषाध्यक्ष होंगे. महिला मोर्चा की कमान मीना हेम्ब्रम को सौंपी गई है, जो अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगी. अनवरी खातुन, अपर्णा देवी और हसिना खातुन उपाध्यक्ष, लखी देवी सचिव और मालवती देवी कोषाध्यक्ष होंगी. अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अजीमुद्दीन अंसारी नियुक्त किए गए हैं. महेन्द्र सिंह राजपाल, मोबीन अंसारी, मंसूर अंसारी, मनोज जैन और शमीम अंसारी उपाध्यक्ष, इम्तियाज अहमद नाजमी सचिव, बेलाल अंसारी संगठन सचिव, शमशेर अंसारी सह-सचिव और अख्तर अंसारी व फारूख अंसारी कोषाध्यक्ष होंगे. छात्र मोर्चा का अध्यक्ष आजाद महतो को बनाया गया है. रमेश सोरेन, गुलेल अंसारी और रूपश्री सोनी उपाध्यक्ष, कुणाल पाण्डेय सचिव और स्पर्श चौधरी कोषाध्यक्ष होंगे. किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुन्ना साह होंगे, लाल मोहन महतो उपाध्यक्ष, परिक्षित दाँ सचिव, लोलीन बास्की सह-सचिव और दुलाल चन्द बाउरी कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं. व्यवसायी मोर्चा के अध्यक्ष हरीश सिंह बने हैं. संजय कुमार हेलीवॉल और राजेश जालान उपाध्यक्ष, अमीत अग्रवाल सचिव, मिहिर गोप सह-सचिव और विकास रवानी कोषाध्यक्ष होंगे. बुद्धिजीवी मोर्चा के अध्यक्ष राजु हाड़ी नियुक्त किए गए हैं. दिलीप पाठक और फाल्गुणी राम उपाध्यक्ष, इमरान कौसर सचिव और कासीम अंसारी कोषाध्यक्ष होंगे.

# रजरप्पा : भैरवी नदी की धारा में फंसे बुजुर्ग श्रद्धालु

मशक्कत के बाद किया गया रेस्क्यू



शुभम संदेश। रामगढ़

जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर, रजरप्पा में शनिवार को एक बुजुर्ग श्रद्धालु भैरवी नदी की तेज धारा में फंस गए. घटना उस समय हुई जब वे स्नान करने के लिए नदी में उतरे थे. बारिश के कारण नदी का बहाव तेज था और बहाव में बहते हुए वह नदी के बीच चट्टान पर जा फंसे. किसी तरह चट्टान पकड़ कर उन्होंने खुद को संभाला और मदद के लिए आवाज लगाई.

सूचना मिलते ही मंदिर के पुजारी पप्पू बाबा और स्थानीय लोगों ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया. एक तैराक को रस्सी के सहारे नदी में भेजा गया, जिसने बुजुर्ग की कमर में रस्सी बांधी और सावधानीपूर्वक उन्हें किनारे तक पहुंचाया गया. करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाला गया.

पुजारी पप्पू बाबा ने बताया कि बुजुर्ग हजारीबाग जिले के निवासी हैं और मंदिर दर्शन के लिए अपने परिवार के साथ रजरप्पा आए थे. स्नान के दौरान नदी की तेज धार में फंसने से वह काफी घबरा गए थे. रेस्क्यू के बाद उन्हें प्राथमिक सहायता दी गई.

प्रशासन और मंदिर न्यास समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मानसून के दौरान नदी में स्नान करने से बचें, क्योंकि जलस्तर अचानक बढ़ सकता है और जान को खतरा हो सकता है.

# 64 डीएसपी को डीजीपी ने बैज लगाकर किया सम्मानित

शुभम संदेश। रांची

पुलिस मुख्यालय में सोमवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के नव प्रोन्नत डीएसपी को बैज लगाकर सम्मानित किया। ये सभी 25 जून को डीएसपी रैंक में प्रोन्नत हुए थे। राज्य सरकार ने कुल 64 पुलिस निरीक्षक, सार्जेंट मेजर व समकक्ष कोटि को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति दी थी। गत 25 जून को ही इससे संबंधित अधिसूचना जारी हुई थी। डीजीपी ने जिन नव प्रोन्नत डीएसपी को बैज पहनाया, उनमें कुमुद सिन्हा, ज्योत्सना, अजय कुमार, इजाजुल हसन सिद्दकी, सुशील कुमार, अजय कुमार साहू, राजकपूर, लीलेश्वर महतो, नरेंद्र कुमार सिन्हा, राम अनूप महतो शामिल थे। वहीं, सरोज कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार राय, बिनोद उरांव, अखिलेश प्रसाद मंडल, शंभू प्रसाद गुप्ता, सतीश कुमार, नवल किशोर प्रसाद, उज्ज्वल साह, अजय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, शारदा रंजन प्रसाद सिंह, राजेश कुमार एवं राजीव कुमार वीर को भी डीजीपी ने बैज पहनाया। मौके पर एडीजी मुख्यालय प्रिया दूबे, आईजी प्रशिक्षण ए. विजयालक्ष्मी, आईजी अभियान डॉ. माइकल राज एस. आईजी मानवाधिकार नरेंद्र कुमार सिंह, आईजी सीआईडी सुदर्शन प्रसाद मंडल, आईजी प्रोविजन पटेल मयूर कन्हैयालाल, डीआईजी कार्मिक सुरेंद्र कुमार झा, डीआईजी एसआईबी चौथे मनोज रतन, डीआईजी बजट संध्या रानी मेहता, डीआईजी विशेष शाखा शैलेंद्र प्रसाद बर्णवाल, डीआईजी सीआईडी चंदन कुमार झा व अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सारंडा जंगल में बरामद हुए 16 आईईडी

**चाईबासा ।** जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने सोमवार को माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया. नक्सलियों की विध्वंसक गतिविधियों की खुफिया सूचना पर चाईबासा, सरायकेला पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने टोकलो थाना क्षेत्र के कोटसोना और लांजी के जंगली पहाड़ी इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान सुरक्षा बलों ने 16 शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किए. पुलिस को छह जुलाई को खुफिया इनपुट मिला कि माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम, अजय महतो, सागेन, अश्विन, पिंटु लोहरा, रापा मुंडा सहित कई अन्य दस्ता के सदस्य सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं.

## गोविंदपुर में जाम से निजात की कवायद में नया कदम

# प्रखंड मुख्यालय की चहारदीवारी से सटाकर बनेंगी दुकानें, सीओ रखेंगे प्रस्ताव

शुभम संदेश। गोविंदपुर

उपायुक्त आदित्य रंजन ने गोविंदपुर बाजार के फुटपाथ दुकानदारों के लिए प्रखंड मुख्यालय की चाहरदीवारी से सटकर जीटी रोड किनारे दुकान बनाने की संभावना तलाशने का निर्देश दिया है. मोहर्रम अखाड़ा का जायजा लेने रविवार को गोविंदपुर पहुंचे उपयुक्त आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने गोविंदपुर में जीटी रोड जाम की समस्या को निकट से देखा और इस संबंध में अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे, पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती और पुलिस



इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत से बात की. उपायुक्त ने कहा है कि जिला प्रशासन फुटपाथ दुकानदारों का कल्याण करना चाहता है. इससे गोविंदपुर में जीटी रोड जाम की समस्या का समाधान होगा और फुटपाथ दुकानदारों को रोजी-रोटी भी मिलेगी. उपायुक्त ने कहा कि झारखंड के कई प्रखंड मुख्यालय की चाहरदीवारी से सटाकर दुकानें बनाई गई हैं. इस तरह की दुकान यदि गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय की चारदीवारी से सटाकर बनाई जाए तो अनेक फुटपाथ दुकानदारों का कल्याण हो सकता है. दुकान बनाने का खर्च लाभुक देंगे और हर माह किराया भी देंगे. इससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी. इस संबंध में सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे को दुकानों के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश दिया है. अंचल अधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय जीटी रोड से सटा हुआ है और इसकी लंबाई बहुत है. इससे सटाकर अनेक दुकानें बनाई जा सकती हैं. अंचलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में वह उपयुक्त को प्रस्ताव देंगे ताकि बेकार पड़ी जमीन का सदुपयोग हो सके और लोगों को रोजगार मिल सके.

## झारखंड उत्पाद नियमावली को शुरू करने में लगेंगे डेढ़ से दो महीने

# गृह रक्षकों की देखरेख में चलेंगी शराब दुकानें

शुभम संदेश। रांची

राज्य में हैंडओवर-टेकओवर की चल रही प्रक्रिया के चलते शराब की दुकानें बंद पड़ी हैं। इससे लोगों को तो परेशानी हो ही रही है, राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। हालांकि, उत्पाद विभाग इसका समाधान निकालने में जुटा है। राज्य में करीब 70 प्रतिशत दुकानों में हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही मंगलवार को राज्य की 100 खुदरा दुकानें खुल जाएंगी। शुक्रवार तक सभी दुकानों को खोलने का लक्ष्य है। 16 अगस्त से निजी हाथों से शराब की खुदरा बिक्री शुरू होगी। तब तक राज्य में शराब की खुदरा दुकानों का संचालन गृह रक्षकों



### रांची जिले में 367 गृह रक्षकों की होगी आवश्यकता

उत्पाद विभाग के पत्र के आलोक में रांची के डीसी ने गृह रक्षा वाहिनी रांची के जिला समादेष्टा को पत्र लिखकर 367 गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति जिला उत्पाद कार्यालय रांची में कराने का अनुरोध किया है। लिखा है कि यह प्रशासनिक व राजस्व हित में है। उन्होंने अपने पत्र में बताया है कि रांची जिले में शराब की कुल 166 खुदरा दुकानें हैं। इनमें देसी शराब की 41 दुकानें हैं, जिनमें एक-एक गृह रक्षक रहेंगे, यानी यहां 41 गृह रक्षकों की तैनाती होगी। वहीं, विदेशी शराब की कुल दुकानें 76 हैं, जहां तीन-तीन की संख्या में गृह रक्षक तैनात होंगे।

के माध्यम से कराया जाएगा। वे उन दुकानों पर विधि व्यवस्था संभालेंगे, नकदी मिलान व जमा उन्हीं की देखरेख में होगी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने सभी जिलों को जो पत्र भेजा था। उसके अनुसार झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री के लिए दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 को शुरू करने में डेढ़ से दो महीने का समय लगना संभावित है। पूर्व की अनियमितताओं को देखते हुए प्लेसमेंट एजेंसियों की कार्यावधि को विस्तारित नहीं किया जा रहा है।

सभी खुदरा दुकानों का संचालन गृह रक्षकों की देखरेख में कराया जाय। ग्राहक संख्या के आधार पर देसी शराब की दुकान को संचालित करने के लिए एक, विदेशी शराब की दुकान संचालन के लिए तीन व कंपोजिट दुकान को संचालित कराने के लिए दो गृह रक्षकों की तैनाती की जा रही है। ये गृह रक्षक दुकान के कर्मियों पर नजर रखेंगे, विधि-व्यवस्था संबंधित कोई परेशानी न हो, उसे देखेंगे। दुकान में प्लेसमेंट एजेंसी के अंतर्गत काम कर चुके पुराने कर्मचारी भी रखे जा सकते हैं, जिनके उपर कोई केस व अनियमितता का मामला न हो। नए कर्मियों को भी रखा जा सकता है। सभी कर्मियों का भुगतान झारखंड राज्य बिवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से होगा।

### मुहर्रम पर्व में हुए विवाद को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**हजारीबाग।** बेलतू गांव में चल रहे झंडा विवाद को लेकर सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया जब हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी को सीकरी थाना पुलिस ने बेलतू गांव जाने से पहले ही रोक लिया. उन्हें थाने में डिटेन कर नजरबंद कर दिया. प्रशासन ने इसके पीछे निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगाई है. जानकारी के अनुसार, बेलतू गांव में दो समुदायों के बीच धार्मिक झंडा लगाने को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है. बीते कुछ दिनों से विवाद गहराता जा रहा है, जिसे सुलझाने के लिए प्रशासन सक्रिय है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है. जनप्रतिनिधियों को रोके जाने को लेकर स्थानीय लोगों में हैरानी है.

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा

# उत्तीर्ण छात्रों का नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश

शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को विभिन्न विद्यालयों व कॉलेज के प्राचार्य के साथ बैठक की. बैठक में उपायुक्त ने वर्ष 2025 में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र - छात्राओं का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जिले के सभी डिग्री कॉलेज में+2 स्तर की पढ़ाई बन्द कर दी गयी है. जिसके कारण उस क्षेत्र के उच्च विद्यालयों से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र- छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक में नामांकन में कठिनाई हो सकती है. ऐसी स्थिति में उनको नजदीकी +2 विद्यालय या इण्टर कॉलेज में उनकी सुविधानुसार उनके निकटतम 5 कि. मी. की परिधि में स्थित सरकारी/ उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालयों / स्थापना अनुमति प्राप्त अथवा प्रस्वीकृति प्राप्त इण्टर महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर नामांकन कराना सुनिश्चित करें. यह भी सुनिश्चित करेंगे कि छात्र-छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक में नामांकन में कोई कठिनाई न हो.इसके बाद उपायुक्त ने कहा कि सभी विद्यालयों में "लो कॉस्ट - नो कॉस्ट" पर आकलन किया जा रहा है. सभी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें. इसका अनुसरण करें. कम संसाधन में विद्यालय को और बेहतर बनाएं. अपनी निधि और अनुदान का उपयोग करें.

▼ ब्रीफ खबरें

## आखद्वारा के मजदूर की महाराष्ट्र में मौत

**कालुबथान ।** कालुबथान ओपी क्षेत्र के आखद्वारा गांव निवासी लगभग 48 वर्षीय जिहुर राय प्रवासी मजदूरी के लिए महाराष्ट्र ट्रेन से जा रहे थे. जाने के क्रम में छत्रपति शिवाजी ट्रमिनल से पहले सेवादाहा के करीब गिर गए और हादसे में उनकी मौत हो गई. परिजनों का कहना है कि आखद्वारा पंचायत के मुखिया जुनाकी सिंह के अथक प्रयास से जिहुर राय का शव महाराष्ट्र से लाने में मदद किया. जिहुर राय का शव सोमवार की देर शाम आखद्वारा गांव पहुंचा. शव के पहुंचते ही पूरे गांव मातम में पसर गया. वो मेनिम मजूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे. उनके पिता मगाराम राय, पत्नी भादु राय, बड़ी बेटी 22 वर्षीय उषा राय (शादीशुदा) 18 वर्षीय पूनम राय ,15वर्षीय लक्ष्मी राय का रो रो कर बुरा हाल है.

## जलमाव और गड्ढों से पलटा टोटो

**तेतुलमारी।** सिजुआ रायगंज मुख्य मार्ग पर तेतुलमारी गया पुल के समीप सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण पानी का जमाव रहता है. इस जल जमाव और गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. सोमवार को पुल में एस्बेस्टस शीट लोड एक टोटो पलटने से उसका चालक घायल हो गया. उक्त टोटो कतरास के पचगढ़ी बाजार से एस्बेस्टस शीट लोडकर शक्ति चौक जा रहा था. उक्त पुल में पानी भरने के कारण गड्ढे में पहिया चला गया और अनियंत्रित होकर टोटो पलट गया. जिसमें चालक घायल हो गया. राहगीरों व अन्य लोगों के सहयोग से उक्त टोटो को पुनः खड़ा करके घायल चालक को उपचार के लिये भेजा गया.

## बौआकला डाकघर का मथुरा ने किया उद्घाटन

**तेतुलमारी।** बौआकला उतर पंचायत सचिवालय में सोमवार को टुंडी विधायक सह झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो नये स्थान पर बौआकला शाखा डाकघर उदघाटन फीता काटकर किया. बताते चलें कि उक्त डाकघर ईस्ट बसुरिया में कई वर्षो से संचालित था, जिसको नये स्थान बौआकला पंचायत सचिवालय में लाया गया, उदघाटन के दौरान डाक विभाग के कोई कर्मचारी,अधिकारी उपस्थित नहीं थे. डाक विभाग के ओवरसीयर सुबोध कुमार ने बताया कि डाक विभाग के वरीय अधिकारियों के आदेश पर ही ईस्ट बसुरिया से डाकघर बौआकला पंचायत सचिवालय में लाया गया है, उदघाटन के समय विभाग के लोगों उपस्थिति नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उदघाटन कौन, कब करेगा, यह जानकारी नहीं थी. मौके पर बौआकला उत्तर पंचायत मुखिया भीमलाल रजक,पंसस शंकर रजक, विकास महतो, साधु महतो, गोपी महतो , संतोष महतो अन्य उपस्थित थे.

## नेतरहाट का भ्रमण करेंगे आरएस मोर के छात्र

**गोविंदपुर।** आरएस मोर कॉलेज के भूगोल विभाग के 27 सदस्यीय छात्रों का दल तीन दिवसीय शैक्षिणिक भ्रमण पर सोमवार को रेल से नेतरहाट के लिए रवाना हुए. यह भ्रमण 9 जुलाई तक चलेगा. तीन शिक्षक डॉ. स्नेहलता तिर्की, अंजू कुमारी एवं डॉ. विनोद कुमार एक्का तथा एक शिक्षकेतरकर्मी मनोज तिर्की विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. छात्र-छात्रायें नेतरहाट में वहां की जलवायु, वातावरण, संस्कृति एवं वहां के आदिम जनजातियों के रहन सहन और अधिवास के साथ-साथ वहां के पर्यटन की संभावना एवं विकास का सूक्ष्म अध्ययन करेंगे.

## पूर्व सांसद ने की मुलाकात, दी सांत्वना

**टुंडी:** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पाण्डेय सोमवार को धनबाद पहुंचे व राजगंज डोमनपुर सड़क हादसे में साहिल कृष्णाणी व अनमोल सिंह की हुई मौत पर अफसोस जताते हुए उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया. मृतक की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की. उन्होंने उनके स्वजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जहां दुर्घटना हुई है वहां वे घटनास्थल जाकर मुआयना करेंगे. उन्हें जानकारी मिली है कि उस जगह पर आये दिन दुर्घटना होती रहती है, इस बात को लेकर वे धनबाद उपायुक्त से मिलकर बात रखेंगे. सड़क निर्माण कंपनी के अधिकारियों को स्थल पर मुआयना करने कहेंगे कि आखिर वहां अक्सर दुर्घटना क्यों होती है, इसे तुरंत ठीक करने को कहेंगे. इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के नेता मुकेश पाण्डेय आदि मौजूद थे.

# जेनरल स्टोर में सेंधमारी, एक लाख की चोरी

## केंदुआ पुल झरिया रोड के हीरालाल की दुकान को बनाया निशाना

शुभम संदेश। पुटकी



अपराधियों ने रविवार की रात केंदुआ पुल झरिया रोड स्थित हीरालाल चौरसिया की जेनरल स्टोर में सेंधमारी कर 27 हजार रुपया नकद सहित करीब एक लाख रुपये का सामग्री चुरा ली. सूचना पाकर केंदुआडीह थाना के अवर निरीक्षक धीरज कुमार मिश्रा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया. इसी क्रम में बन्द बीएसएनएल भवन से एक नशेड़ी को पकड़ा, अन्य तीन भाग निकले. चोरी की जानकारी सुबह सात बजे दुकान खोलने पर दुकान के मालिक को हुई. अपराधियों ने दुकान के पिछले हिस्से के बीसीएनएल लोयाबाद ऑफिस की ओर से दीवार में सेंधमारी की गई. जहां सुबह में कई समान फेंके मिले. दुकानदार हीरालाल लाल ने केंदुआडीह थाना में कैश बॉक्स में रखे 27 हजार रुपया नकद व होर्लिक्स, लेक्टोजेन, सेरेलेक्स, अमूल्या, मैगी, ड्राई फ्रूट,पान मसाला सहित कई कीमती सामान चोरी होने की लिखित शिकायत की है. अपराधियों का अड्डा बीसीएनएल भवन : केंदुआ पुल स्थित करीब 10 वर्षों से बन्द बीएसएनएल के लोयाबाद एक्सचेंज भवन अपराधी व नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है. बीएसएनएल भवन का लौह सामग्री उखाड़ने के बाद अपराधी दुकान व घरों को निशाना बना रहे हैं. ऐसे तत्वों से लोग परेशान हैं. चोरों का सरगना पुराने थाना के निकट संचालित एक बड़े लोहा गोदाम का संचालक बताया जाता है. चोरों को सुसंगठित गिरोह कोलियरी, सरकारी दफ्तर, लोगों के दुकान,आवास को आये दिन निशाना बना रहे हैं.

## स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत चिरकुंडा-बराकर सड़क पुल के उपर स्ट्रीट लाइट ठीक कराने सहित जंगल की सफाई व जल जमाव को हटाने को लेकर भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी बिजय कुमार हांसदा को पत्र दिया है और संबंधित समस्याओं का निदान अविलंब कराने की मांग की है. कहा कि सावन की पहली सोमवारी में हजारों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चे महिला पुरुष इसी पुल के ऊपर से पश्चिम बंगाल के घाट से जल उठाने के लिए जाते हैं लेकिन इस पुल के ऊपर जल जवाब एवं जंगल भर गया है जो की बड़ी अप्रिय घटना को न्योता दे रही है. जिसको गंभीरता से लेते हुए भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी व सिटी मैनेजर को पत्र के माध्यम से इन समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है. साथ ही पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता मनीष कुमार से भी दूरभाष पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया.

## रामकनाली प्रबंधन के साथ आजसू की वार्ता

**कतरास।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को रामकनाली कोलियरी में विभिन्न समस्याओं को लेकर बीसीसीएल प्रबंधक से वार्ता की. प्रबंधन की ओर एसीएम हरेराम चौधरी, प्रबंधक नागदेव यादव , सतीश विद्यार्थी , राज रोशन ने प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व कर रहे आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो , सांसद प्रतिनिधि आशीष तिवारी, मुकेश साव, सोनू कुंभकार , उपेंद्र विश्वकर्मा ,अर्जुन भुइया, चंदनकुमार , रीता देवी से वार्ता हुई. केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो ने कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के निर्देश अनुसार आज रामकनाली के मूलभूत आवश्यकता के लिए बीसीसीएल प्रबंधक के साथ वार्ता हुई, जिसमें पानी ,बिजली ,नाली की साफ-सफाई , सड़क ,लाइट के मुद्दे के साथ सकारात्मक वार्ता हुई प्रबंधक ने सभी मांगों को मानते हुए जल्द से जल्द मूलभूत समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया. तय सीमा में समस्या का समाधान नहीं होता है तो आने वाले दिनों में रामकनाली कोलियरी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे.

# अवैध खनन और भू-धंसान से जन जीवन को खतरा : सांसद

## गिरिडीह सांसद ने किया बाघमारा के केशलपुर, कुम्हार बस्ती, केशल मुंडा धौड़ा का दौरा



शुभम संदेश। धनबाद

गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने धनबाद के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कतरास के केशलपुर कुम्हार बस्ती, केशलपुर मुंडा धौड़ा, और पूर्वी बसुरिया में हो रहे अवैध कोयला खनन, भू-धंसान और पर्यावरण प्रदूषण के गंभीर मुद्दों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है. उन्होंने धनबाद के उपायुक्त, खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक और बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास व रोजगार की व्यवस्था करने की मांग की है.

पिछले चार-पांच महीनों से स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद चौधरी को अवैध खनन, भू-धंसान, और हैवी ब्लास्टिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में ज्ञापन सौंपा था. ग्रामीणों ने बताया कि बीसीसीएल के कतरास क्षेत्र नंबर 4 के अंतर्गत संचालित मां अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा परियोजना विस्तार के नाम पर खान सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जा रही है. इससे क्षेत्र में भू-धंसान की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन खतरे में है.

सांसद चौधरी ने स्वयं घटनास्थल का दौरा किया और पाया कि प्रशासन के संरक्षण में कोयला माफिया धड़ल्ले से कोयला चोरी कर रहे हैं. निरीक्षण के दौरान सैकड़ों बोरे कोयले बरामद हुए और दो घर जमीन में समा चुके थे, जबकि बचे हुए घर जर्जर स्थिति में हैं. सांसद ने बीसीसीएल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए तत्काल हैवी ब्लास्टिंग और अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्देश दिया. कहा कि यह लूट न केवल राजस्व की हानि है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन और पर्यावरण के लिए भी खतरा है.

प्रदूषण और मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप : चौधरी ने अपने पत्र में बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद जिला प्रशासन और बीसीसीएल ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की. इसके परिणामस्वरूप ग्रामीणों के घरों में दरारें पड़ गई हैं, उन्हें प्रदूषित पानी पीना पड़ रहा है, और धूल के कारण स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं.

अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने वाले ग्रामीणों पर कोयला माफियाओं ने पठार गोली बम से हमला किया, जिसमें चार लोग घायल हो गए. सांसद ने इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन और पर्यावरण नियमों की अवहेलना करार दिया. सांसद ने मांग की है कि प्रभावित ग्रामीणों को तत्काल पुनर्वास और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं. साथ ही, कोयला चोरी को रोकने के लिए 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन की होगी.

# गोविंदपुर में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण

शुभम संदेश। गोविंदपुर

मारवाड़ी युवा मंच ने रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के सहयोग से सोमवार को बालाजी मेडिकल्स, जीटी रोड में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 75 से ज्यादा लोगों को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाया गया. इसका मुख्य उद्देश्य ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) से जुड़े कैंसर को रोकना है. यह पहल स्थानीय समुदाय में जागरूकता फैलाने और समय रहते निवारक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान है. इस कार्यक्रम में युवा मंच के गोविंदपुर शाखा अध्यक्ष शैलेश बंसल, सरायढेला शाखा अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, रोटरी क्लब अध्यक्ष नवल उपाध्याय, बजरंग अग्रवाल, विवेक लोधा, स्नेहा अग्रवाल , राजीव गोयल, वरुण अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, पायल मित्तल, नेहा बंसल, डॉ उर्मी अग्रवाल, गौरव बिंदल, ऋत्विक दुदानी , शंभु अग्रवाल आदि मौजूद थे. आदित्य अग्रवाल ने बताया कि पहली बार इतने कम दर पर सर्वाइकल कैंसर रोधी टीका लगाया गया है, आगे भी इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे ताकि समाज की महिलाएं और बालिकाएं कैंसर से बच सके.

## डीएवी मुनीडीह में नवांगतुक बच्चों का स्वागत समारोह

**पुटकी।** डीएवी मुनीडीह में नवागंतुक 11वीं के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया. गायत्री मंत्र की मधुर ध्वनि के साथ प्राचार्या इंदु प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वागत समारोह का शुभारंभ किया. मौके पर कई वरिष्ठ शिक्षक - शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मधुर स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया.कार्यक्रम का संचालन अरिजीत, गायत्री, साहिल एवं अनुप्रिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया. प्राचार्या इंदु प्रसाद ने कहा कि डीएवी संस्थान छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देती है. इससे केवल भौतिक विकास ही नहीं बल्कि व्यवहार कुशल व्यक्तित्व का निर्माण किया जाता है.

# गोधर शिफ्ट होगा कुसुंडा एरिया का मेडिकल ऑफिस

शुभम संदेश। पुटकी



कुसुंडा एरिया का मेडिकल ऑफिस धनसार से गोधर कोलयरी डिस्पेंसरी भवन में शिफ्ट होगा.सोमवार को महाप्रबंधक प्रणब दास से क्षेत्रीय अधिकारी व ट्रेड यूनियन नेताओं के साथ गोधर डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया व भवन की भौगोलिक स्थिति को देखा.इसके बाद जीएम ने एएमओ को गोधर में शिफ्ट करने की बात कही.जीएम ने कहा कि धनसार का एएम ऑफिस काफी जर्जर है. काफी दिनों ने एएम ऑफिस के लिए जगह की तलाश थी.गोधर डिस्पेंसरी भवन का पुर्नउद्धार किया जाएगा. सिविल इंजीनियर भवन निर्माण कार्य का स्टीमेट बनाएंगे.वर्ष 2025 में गोधर में एरिया मेडिकल ऑफिस कार्य करने लगेगा. इससे मजदूरों को काफी सहूलियत मिलेगी. बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव हरि प्रसाद पप्पू ने जीएम से एरिया मेडिकल ऑफिस को गोधर में शिफ्ट करने की मांग की थी.निरीक्षण में एपीएम वेद प्रकाश, एरिया एडमिस्ट्रेशन देवाशीष बाग मौजूद थे. एएम ऑफिस में शिफ्ट हुआ था एरिया : भू-धंसान के दायरे में आने के बाद गोधर मोड़ स्थित कुसुंडा क्षेत्रीय कार्यालय को वर्ष 2014 में एरिया मेडिकल ऑफिस में शिफ्ट कर दिया गया था. फलस्वरूप एरिया मेडिकल ऑफिस को धनसार व गोन्दुडीह कोलियरी डिस्पेंशरी को गोधर शिव मंदिर के पास एक बन्द निजी विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया था.इस कारण कर्मियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था.

# डीवीसी मैथन ने मनाया 78वां स्थापना दिवस

## मैथन, पंचेत, तिलैया और कोर्णाक बनाये जायेंगे और विकसित पर्यटनस्थल

खास बातें

◆ परियोजना प्रमुख ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शुभम संदेश। मैथन



डीवीसी मैथन ने सोमवार की सुबह 78 वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर, परियोजना प्रमुख एसपी सिंह ने शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी. उनके साथ, डीवीसी मैथन के कई पदाधिकारी और कर्मचारियों ने भी शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित किए. कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्तंभ से रामानुज भवन तक मशाल दौड़ के साथ हुई. रामानुज भवन पहुंचकर, सभी ने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और झंडा फहराया. परियोजना प्रमुख एसपी सिंह ने सभी के बीच मिठाई बांटकर स्थापना दिवस की खुशी जाहिर की.परियोजना प्रमुख एसपी सिंह ने डीवीसी के महत्व पर प्रकाश डाला. बताया कि 1948 में डीवीसी की नींव रखी गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य बंगाल और झारखंड में आने वाली बाढ़ को नियंत्रित करना था. उन्होंने कहा कि पिछले 78 वर्षों से डीवीसी देश की सेवा में तत्पर है और इसके बनने से न केवल बाढ़ नियंत्रण में मदद मिली है, बल्कि आसपास के सैकड़ों लोग भी लाभान्वित हुए हैं. एसपी सिंह ने डीवीसी की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया. कहा कि डीवीसी अब पर्यटन के क्षेत्र में भी काम कर रही है. मैथन, पंचेत, तिलैया और कोणार्क सहित सभी डीवीसी बांधों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा. इसके अतिरिक्त, डीवीसी सौर ऊर्जा और बैटरी के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है.

## लखीमाता कोलियरी में बैठक

**निरसा बाजार ।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के लखीमाता कोलियरी में सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता शशि भूषण तिवारी ने की. कहा कि 9 जुलाई को हर एक कार्यकर्ता राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल करने में कमर कसकर जुटेगा. मजदूरों को हड़ताल में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना जरूरी है, तभी केंद्र की मोदी सरकार को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकेगा. बैठक में बृजेंद्र शर्मा, संतोष कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार, रामानुज सिंह, हिमांशु कुमार सिंह, सूरज बेलदार, सबल बनर्जी, अरूप चौबे, सरोवर पासवान, विकास नोनिया, जाकिर हुसैन, ईश्वर हसदा, चुरामन राय, साजिद अंसारी, सूरज मरांडी, नागेंद्र बारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता बैठक में शामिल थे.

न्यूज अपडेट

## माटीगढ़ा के युवक की गया में ट्रेन से कटकर मौत

**कतरास/बाघमारा।** बाघमारा के माटीगढा के रहने वाले 21 साल विवेक कुमार रजक उर्फ लड्डू रजक की मौत गया के टनकुपा स्टेशन में ट्रेन से कटकर हो गई. परिजन इस वारदात को लेकर संदेह जता रहे हैं और वारदात के पीछे साजिश मानकर चल रहे हैं. विवेक अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था. युवक का मित्र अनुराग चौहान माटीगढ़ निवासी विवेक के साथ धनबाद जाने की बात कहकर निकला था. लेकिन वह गया पहुंच गया और गया में यह हादसा हो गया. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि 6 जुलाई रविवार की संध्या करीब सात बजे गया के टनकुप्पा स्टेशन में हुई है. जख्मी हालत में विवेक को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया था, लेकिन उसकी स्थिति बेहद चिंताजनक थी. तब उसे गया में मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया,जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही युवक के परिजन माटीगढा से गया के लिए रवाना हुए. मगध मेडिकल कॉलेज में पुलिस की कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पोस्टमार्टम कर बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया. इधर परिजनों को यह बात संदेह पैदा कर रही है कि उसका दोस्त उसे धनबाद बोल कर ले गया था, वो गया कैसे पहुंच गया, और गया में उसकी मौत कैसे हो गई. फिलहाल मृत्यु युवक के परिजनों ने बाघमारा थाना को मौखिक रूप से घटना की सूचना दी है.

## जया भट्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में उर्तीण



**महुदा।** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेतुलिया- 2 पंचायत के भाटडीह बस्ती की जया भट्ट उर्फ निक्की ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की फाइनल परीक्षा में पास कर अपने गांव समाज ही नहीं पूरे ब्रह्मभट्ट समाज का नाम रौशन किया है. जया भट्ट का पढ़ाई डीएवी स्कूल मुनीडीह से दसवीं में 95 प्रतिशत, बारहवी में 92 प्रतिशत, ग्रेजुएशन बी कॉम अनर्स में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था. चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई सेठ अनंतराम जेवरिया यूनिवर्सिटी कोलकाता विश्वविद्यालय से क्वालिफाई किया है. जया भट्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट की डिग्री प्राप्त करने से उनकी माता संध्या देवी पिता कन्हाई लाल हजारी ने अपने पुत्री जया भट्ट उर्फ निक्की को मिठाई खिलाकर और अपने गांव भाटडीह बस्ती में मिठाइयां बांटकर खुशियां जाहिर किया है. जया भट्ट का पिता कन्हाई लाल हजारी बीसीसीएल मुनिडीह में कार्यरत हैं, माता संध्या देवी गृहणी है. जया भट्ट ने बताया कि उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं चार्टेड चार्टर्ड अकाउंटेंट में पास करने में उनके पिता, माता और गुरुजनों को श्रेय जाता है.

## अभिनेत्री मालविका बनीं 'कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान' की ब्रांड एम्बेसडर



**झरिया ।** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के 'कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान को उस समय एक नई पहचान मिली, जब सुप्रसिद्ध अभिनेत्री मालविका शर्मा ने इस अभियान की ब्रांड एम्बेसडर बनने की सहर्ष स्वीकृति दी. इस अवसर पर उन्होंने झरिया-धनबाद गौशाला में दोपहर 2:30 बजे आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान अभियान के नवीन पोस्टर का लोकार्पण भी किया.

मालविका शर्मा पारंपरिक हिंदुस्तानी वेषभूषा में, 'गोपिका परिधान धारण कर जब गौशाला पहुंचीं, तो वहाँ की आस्था-पूर्ण वातावरण में जैसे एक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया. मुंबई से झरिया आकर उन्होंने श्रद्धाभाव से गौसेवा करते हुए तुलादान किया, जिससे सभी उपस्थितजनों को गहन प्रेरणा प्राप्त हुई. कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के कार्यों के बारे में पढ़ा था, लेकिन आज कोयलांचल आकर प्रत्यक्ष अनुभव हुआ. अध्यक्ष मनीष शर्मा ने उन्हें बताया कि मंच कितना व्यापक, सक्रिय और राष्ट्र-निर्माण के कार्यों में संलग्न है. जनसेवा, सामाजिक चेतना और एकजुटता का स्वरूप यहाँ अद्भुत है. गौशाला में गौसेवा और तुलादान करना एक आत्मिक अनुभव रहा. भारतीय संस्कृति में गौ माता के महत्व को आत्मसात करना अत्यंत सुखद रहा. कहा कि वे स्वयं एक वकील हैं और हाल ही में उन्होंने एलएलएम की पढ़ाई पूरी की है. एक महिला और कानून की विद्यार्थी होने के नाते 'कन्या भ्रूण संरक्षण' जैसे अभियान से जुड़ना गर्व की बात है. जब भी मंच को उनकी आवश्यकता होगी, यथासंभव सहयोग के लिए तत्पर रहूँगी. शाखा अध्यक्ष मनीष शर्मा ने कहा ने कहा कि प्रसिद्ध अभिनेत्री मालविका शर्मा का ब्रांड एम्बेसडर बनना सम्मान की बात है. कार्यक्रम संयोजिका आशा बजोरिया, शाखा के पूर्व अध्यक्ष असीम अग्रवाल, शाखा कोषाध्यक्ष किरण शर्मा, गोसेवा संयोजक गौतम अग्रवाल, हरिराम गुप्ता, अनिल खेमका, जोनी शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, बिनय अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, अनिरुद्ध अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, कविता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, आस्था मिरानिया, चारु अग्रवाल, परम अग्रवाल, अनिता शर्मा, सुनीता शर्मा एवं अन्य सदस्यगण प्रमुख रूप से शामिल रहे.

## कर्माटांड़ में लाठी प्रतियोगिता का आयोजन

### विधायक मथुरा महतो ने लाठी खेलकर बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



**टुंडी।** दक्षिणी टुंडी कर्माटांड गांव में मोहर्रम कमिटी द्वारा लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें लगभग 50 गांव के खिलाड़ियों मौजूद थे. प्रतियोगिता का उद्घाटन टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने फीता काटकर किया. विधायक मथुरा ने लाठी खेलकर आगंतुकों का उत्साह बढ़ाया. इसके बाद कुल तेरह गांव के टीमों ने लाठी खेल प्रतियोगिता में भाग लिया. इस लाठी खेल प्रतियोगिता में कर्माटांड, कांशीटांड, कदैया, लेदाटांड, सभारी, मरिचो, कुबरीटांड, लक्ष्मणपुर,पूर्णाडीह सबसे अच्छा प्रदर्शन किया. सभी को कमिटी की ओर से पुरुस्कृत किया गया. पुरुस्कार का वितरण टुंडी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू,जिप सदस्य प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की,खेल संयोजक डा अनवर अंसारी,छोटु अंसारी,ताज उद्दीन अंसारी आदि ने किया. जबकि खेल के निर्णायक मंडली में अमरुदीन, उमर अंसारी, शहनवाज अंसारी,बड़ा रुस्तम, सर्फुद्दीन अंसारी, पप्पू अंसारी, रुस्तम अंसारी शामिल थे. विधायक निजी सचिव बसंत महतो, आनंद महतो,मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी, कामेश्वर सिंह, मोती अंसारी,समीम अंसारी, अनवर अंसारी, गुलाम अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, अब्दुल अंसारी, रमजान, शमशुल,जमील, आजाद, सलाउद्दीन, इसराइल, पिंटू, अब्दुल कयूम,कलीम, डब्ल्यू, गयासुद्दीन आदि मौजूद थे.

## जीतपुर कोलियरी बंदी के खिलाफ ठेका कर्मियों का बेमियादी धरना जारी

**झरिया ।** सेल प्रबंधन द्वारा बंद की गई जीतपुर कोलियरी को चालू कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के नेता रणजीत यादव के नेतृत्व में ठेका कर्मियों का कोलियरी कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा. ठेका कर्मियों के आंदोलन छह दिन बीत जाने के बाद भी प्रबंधन द्वारा सकारात्मक वार्ता नहीं किए जाने से भड़के ठेका कर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने सोमवार को कार्यालय गेट के पास जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाए. मजदूर नेता रंजीत यादव ने कहा कि प्रबंधनने जीतपुर क्षेत्र को विस्थापन करने के उद्देश्य से ओपन कास्ट परियोजना चलाने को साजिश रचकर कोलियरी को बंद किया है. कोलियरी के जीएम मनीष कुमार अपनी मीठी मीठी बातों में लोगों को उलझाकर कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए खदानों के बंद करने की लगातार षडयंत्र करते रहे हैं. यही कारण है कि वे पिछले बीस वर्षो से इसी कोलियरी में जमे रहे. उन्होंने जीएम की पदोन्नति एवं उनके संपति की जांच सीबीआई से कराने को जल्द ही सरकार और एजेंसी को पत्र लिख शिकायत करने की चेतावनी दी है.

# राज्यपाल का नावाडीह में कार्यक्रम आज

## डीसी-एसपी ने लिया स्टेडियम का जायजा, प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का होगा आयोजन

शुभम संदेश। बोकारो



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के नावाडीह स्थित बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में मंगलवार को प्रस्तावित प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 को लेकर सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया. इस दौरान, डीसी और एसपी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने राज्यपाल समेत अन्य अतिथियों के आगमन, मीडिया गैलरी, वाहन पार्किंग, स्टेज/पंडाल आदि को चिह्नित करते हुए पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए. उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को आयोजक के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने को कहा. वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो वी. एन. सिंह और अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर विधायक डुमरी जयराम कुमार महतो, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, संबंधित प्रखंड के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी और अन्य उपस्थित थे.

### हाईटेंशन तार टूट कर गिरने से एक घायल

**डुमरी (गिरिडीह)।** निमियाघाट रेलवे स्टेशन के पास लोहेडीह गांव में सोमवार को रेलवे का हाईटेंशन तार टूट कर गिर जाने से एक व्यक्ति करंट की चपेट में आकर घायल हो गया. घायल की पहचान लोहेडीह निवासी लोकनाथ सिंह के पुत्र देवेंद्र सिंह (39) के रूप में हुई है. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से रेलवे की बिजली कटवाई गई और घायल देवेंद्र सिंह को इलाज के लिए धनबाद भेजा गया है, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है. वहीं, रेलवे के हाईटेंशन तार टूटने से धनबाद-गया रेल खंड की डाउन लाइन पर परिचालन लगभग 2 घंटे 20 मिनट तक प्रभावित रहा. इस दौरान 12301 और 12314 राजधानी एक्सप्रेस को पारसनाथ स्टेशन पर ही रोका गया. घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर टूटे हुए तार को दुरुस्त करने में जुट गए. तार जोड़ने के बाद रेलवे परिचालन सामान्य हो पाया.

# बराकर नदी घाट से बड़े पैमाने पर हो रहा है अवैध बालू का खनन

डुमरी (गिरिडीह)।



झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय सचिव अशोक अग्रवाल आजाद ने ईमेल के माध्यम से गिरिडीह के डीसी, जिला खनन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसपी, प्रभारी एसडीओ डुमरी, एसडीपीओ डुमरी, सीओ डुमरी और इंस्पेक्टर डुमरी को एक पत्र भेजा है. इस पत्र में उन्होंने 4/5 जुलाई 2025 की दरमियानी रात करीब 3 बजे अवैध बालू से लदे ट्रैक्टरों और उनके चालकों के पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे से फरार हो जाने की शर्मसार करने वाली और निंदनीय घटना की उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की है.

**एनजीटी के आदेश का उल्लंघन और भ्रष्टाचार के आरोप**

पत्र में लिखा गया है कि रात के अंधेरे में, 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव और उत्खनन पर रोक संबंधी एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के आदेश का उल्लंघन करते हुए, डुमरी, निमियाघाट थाना क्षेत्र सहित गिरिडीह जिले के विभिन्न नदी घाटों से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का खनन, परिवहन और स्टॉक हो रहा है. इसकी खबरें प्रतिदिन प्रेस में देखने को मिलती हैं. अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि अवैध कारोबार का विरोध करने वालों के विरुद्ध ही पुलिस प्रशासन खड़ा नजर आता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि कुछ भ्रष्ट पदाधिकारियों के पद और गरिमा के विपरीत आचरण से जनता, पुलिस और प्रशासन को भारी नुकसान हो रहा है, जिसे सभी के हित में रोकने की आवश्यकता है. उन्होंने उचित स्थानों और टोल टैक्स पर चेकनाका गठित करने और सीसीटीवी की निगरानी में प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है, ताकि प्रशासन की गरिमा और साख बची रह सके.

## ब्रीफ खबरें

### कुएं में तैरता मिला लापता युवक का शव

**गिरिडीह।** गिरिडीह के सरिया थाना क्षेत्र के ठाकुरबाड़ी टोला स्थित लक्ष्मी अपार्टमेंट के पास एक कुएं से लापता युवक का शव बरामद हुआ है. कुएं में शव तैरता हुआ दिखने के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए. सूचना मिलने पर सरिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई. मृतक आर्यन कुमार (15) इसी इलाके का रहने वाला था. शव मिलने से कुछ ही घंटे पहले, आर्यन के पिता संजय रविदास ने अपने बेटे के लापता होने की सूचना सरिया थाना पुलिस को दी थी, जिसके बाद पुलिस आर्यन को ढूंढने में सक्रिय हो गई थी. हालांकि, कुछ ही घंटों में उसका शव अपार्टमेंट के समीप कुएं में तैरता हुआ मिला. जानकारी के अनुसार, युवक रविवार से लापता था और जब देर रात तक घर नहीं लौटा, तो उसे खोजा गया. दूसरे दिन सोमवार को उसका शव कुएं में तैरता हुआ मिला.

### ट्रक-ओमनी वैन की टक्कर में एक घायल

**बोकारो।** पिंडजोड़ा थाना क्षेत्र के तेलीडीह मोड़ स्थित एनएच 23 पर ऑरेंज ऑर्किड रेस्टोरेंट के पास एक ट्रक और मारुति वैन में जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में मारुति ओमनी वैन में बैठे एक यात्री को चोटें आई हैं और वह घायल हो गया है. वैन में सवार लोग तुपकाडीह से चिड़का धाम जा रहे थे, तभी नेशनल हाईवे 23 पर तेलीडीह मोड़ के ऑर्किड रेस्टोरेंट के पास यह घटना हुई. इस सड़क हादसे में वैन में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए और कुछ को मामूली चोटें आई हैं. घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**साहिबगंज।** सोमवार को बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-साहिबगंज मुख्य पथ पर मैंसोल के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार, मरचो निवासी मनीष टुडू (27) और बोरियो प्रखंड की बीचपूरा पंचायत के रोजगार सेवक एग्नेस सोरेन के पुत्र रवि मरांडी (15), दोनों प्लेटिना बाइक से बोरियो से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान, विपरीत दिशा से आ रही एक काले रंग की अपाचे (जेएच 17एई 2493) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे प्लेटिना पर सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए. एसआई पंकज सिंह द्वारा घायलों को बोरियो सीएचसी लाया गया, जहाँ डॉ. विनोद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मनीष टुडू को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

### कांग्रेस भवन का उद्घाटन 10 जुलाई को

**गिरिडीह।** कांग्रेस कार्यालय के भव्य नवनिर्मित भवन का उद्घाटन आगामी 10 जुलाई को होगा. भवन निर्माण समिति के संयोजक उपेंद्र सिंह ने बताया कि नए भवन का उद्घाटन कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू द्वारा किया जाएगा. इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के अलावा स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह सहित प्रदेश के आला पदाधिकारी शामिल होंगे. भवन निर्माण समिति के संयोजक उपेंद्र सिंह ने बताया कि उद्घाटन की तैयारी पूरी हो चुकी है. सिंह ने बताया कि उद्घाटन से एक दिन पूर्व सभी नेता गिरिडीह पहुँच जाएँगे.

**बरहरवा प्रखंड के बिंदुधाम हिल साइट पर हुई थी मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त**

# रेल दुर्घटना की जांच, पहुंची टीम

**खास बातें**

- कोलकाता, जमालपुर और मालदा से चार सदस्य जांच टीम में शामिल
- गुड्स क्लर्क टुनटुन प्रसाद को उनके गैर-जिम्मेदाराना हरकत के लिए लगाई फटकार

शुभम संदेश। साहिबगंज



सोमवार को बरहरवा प्रखंड के बिंदुधाम हिल साइट पर हाल ही में हुई भीषण रेल दुर्घटना की जांच के लिए एक टीम पहुंची. इस दुर्घटना में रेलवे को करोड़ों का नुकसान हुआ है और स्थानीय ग्रामीणों की जान भी बाल-बाल बची है. इस दुर्घटना का जिम्मेदार कौन है और किसकी लापरवाही के कारण रेलवे को इतना बड़ा नुकसान उठाना पड़ा, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है, जिसका जवाब अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है.

**जांच टीम ने लगाई फटकार, मांगी जानकारी**

मालदा के डीआरएम दुर्घटना के अगले ही दिन मौके पर पहुंच गए थे और उन्होंने तुरंत छानबीन व राहत कार्य शुरू कर दिया था. जानकारी के अनुसार, सोमवार को कोलकाता रेलवे महाप्रबंधक (जीएम) के निर्देश पर कोलकाता, जमालपुर और मालदा से चार सदस्यीय जांच टीम व एडीआरएम सहित बरहरवा रेलवे रेक लोडिंग हिल साइट और बिंदुधाम दुर्घटनास्थल पर दल-बल के साथ पहुंची. टीम ने एक-एक बिंदु की बारीकी से जांच की. जांच के दौरान, अधिकारियों ने बरहरवा गुड्स क्लर्क (जीएसएस) टुनटुन प्रसाद को उनके गैर-जिम्मेदाराना हरकत के लिए जमकर फटकार लगाई. अधिकारियों ने लोडिंग प्रक्रिया, घटना के दिन लोडिंग के दौरान मौजूद रेलकर्मी, रेलवे के नियमों का अनुपालन न होने, बोगियों की सुरक्षा के लिए किए गए कार्य, ब्रेकिंग सिस्टम और चेन ब्लॉकिंग की स्थिति सहित विभिन्न सवाल पूछे, जिनका संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया. वहीं, बरहरवा एसएस से रेक लोडिंग साइडिंग के नियमित निरीक्षण को लेकर भी कड़े लहजे में सवाल-जवाब किए गए. इसके बाद, गुड्स क्लर्क टुनटुन प्रसाद से लोडिंग के लिए इंडेंट लगवाने, लोडिंग करने वालों की पूरी जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों की मांग की गई, लेकिन गुड्स क्लर्क द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिला और उन्होंने कागजात कार्यालय में दिखाने की बात कही. हालांकि, मामले की जांच और छानबीन अभी जारी है.

**मीडिया की उपस्थिति पर अधिकारियों ने जताई नाराजगी**

बरहरवा रेलवे हिल साइट पर जांच टीम के पहुंचते ही स्थानीय मीडिया भी घटनास्थल पर पहुंची. इस दौरान जांच टीम के सदस्यों ने मीडियाकर्मियों द्वारा वीडियो बनाने और फोटो खींचने पर नाराजगी जताई, जो निंदनीय है. इतनी बड़ी घटना घटित होने के बाद जब उच्चस्तरीय जांच टीम पहुंचती है, तो मीडिया का वहां पहुंचना स्वाभाविक है. ऐसे में जांच टीम के सदस्यों द्वारा आपत्ति जताना समझ से परे है.

### लगातार बारिश से चास में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बोकारो।** जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. चास और नगरपालिका क्षेत्र में कई जगहों पर जलजमाव हो गया है, जिससे आम जनता को आवागमन सहित गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इन परिस्थितियों से निपटने के लिए उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जलजमाव और उससे उत्पन्न संभावित समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं. उपायुक्त ने चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त , फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, चास और बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी, सभी बीडीओ और सीओ को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी करें और किसी भी प्रकार की जलजमाव की स्थिति से तुरंत निपटने के लिए तैयार रहें. उन्होंने शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई को प्राथमिकता देने और पानी की निकासी में किसी भी प्रकार की रुकावट को तुरंत दूर करने को कहा. साथ ही, उन्होंने जलभराव वाले इलाकों की पहचान कर वहाँ विशेष निगरानी करने, रैन बसेरा, सामुदायिक भवन या स्कूलों को अस्थायी राहत शिविर के रूप में तैयार रखने, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और आपूर्ति विभाग के साथ समन्वय बनाकर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

## न्यूज अपडेट

### सेवामुक्त किए जाने पर शराब कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

**गोड्डा।** झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन हेतु लाए गए विभिन्न प्रस्तावों के खिलाफ उत्पाद कार्यालय, गोड्डा के बाहर दुकान प्रभारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया. तीन वर्षों तक सरकार के शराब विभाग में सेवा देने के बाद कार्य से हटाए जाने से शराब कर्मियों में आक्रोश है.यह मामला उत्पाद विभाग, गोड्डा से जुड़ा है. उत्पाद विभाग द्वारा शराब की बिक्री सरकारी स्तर से दुकान खोलकर करने की नीति के बाद, वर्ष 2022 में युवाओं से आवेदन आमंत्रित कर उन्हें उत्पाद विभाग में नियोजित किया गया था. विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद, सरकारी मद्यसार दुकानों में इन कर्मियों द्वारा ही विभिन्न कंपनियों के माध्यम से शराब की बिक्री का कार्य करवाया जाता था. प्रदेश में हुए शराब घोटाले की चर्चित घटना के बाद, पिछले महीने सरकार ने शराब नीति में परिवर्तन करते हुए अब खुले बाजार में खुद से शराब की बिक्री नहीं करने का फैसला किया है. इसके बाद, पूर्व में बहाल किए गए इन शराब कर्मियों को काम से हटाने का विभागीय आदेश जारी कर दिया गया है. इस आशय के आदेश की जानकारी मिलने के बाद शराब कर्मियों ने उत्पाद विभाग के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. इन कर्मियों का कहना है कि न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही कोई सूचना, सीधे कार्यमुक्त करने का आदेश जारी करना उनके साथ अन्याय है. यहाँ तक कि पिछले सात महीने से बकाया वेतन का पैसा भी नहीं दिया गया है, जिससे उनके परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति आ गई है. आंदोलन कर रहे कर्मियों ने बताया कि जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. उत्पाद विभाग ने झारखंड राज्य उत्पाद नियमावली 2025 के क्रियान्वयन होने तक अल्पकालीन वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत नीति में यह परिवर्तन किया है.

### बीएसएल में बेस्ट एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग ने मई 2025 के लिए बेस्ट एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया. इस समारोह में कुल आठ कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित वरिष्ठ अधिकारी और पुरस्कृत कार्मिक व उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे. अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर. महापात्रा ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में उनके साथ-साथ उनके परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंने कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों के अलावा नई चुनौतियों को स्वीकार करने, उनका समाधान खोजने और जुनून के साथ काम करते हुए विकास की गति बनाए रखने की प्रेरणा दी. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए उनके योगदान को सराहनीय बताया. उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक चुनौतीपूर्ण कार्य करते समय सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए. कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक सोनाली गुप्ता और नितेश कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) चाहत प्रिया ने किया.

### कांग्रेस ने जोड़ा देश, बढ़ाया भाईचारा : सुभाष यादव

**जमुआ (गिरिडीह)।** कांग्रेस नेता और युवा कांग्रेस यूथ के प्रदेश महासचिव पद के उम्मीदवार सुभाष यादव ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है. उन्होंने कहा कि आज के नफरत भरे माहौल में कांग्रेस मोहब्बत का पैगाम दे रही है. यादव ने दावा किया कि युवाओं, किसानों और बेरोजगारों का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है. यादव ने कहा कि वह संगठन के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और जनता का समर्थन व आशीर्वाद मिला तो जन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे. उन्होंने दावा किया कि उन्हें हर जगह से भरपूर समर्थन मिल रहा है और उनका लक्ष्य झारखंड में कांग्रेस को मजबूत कर नंबर वन पार्टी बनाना है. उन्होंने कहा कि वह सभी जातियों और वर्गों का सम्मान करते हैं और दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अगड़ों व अल्पसंख्यकों की हिफाजत और सम्मान करेंगे. किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होने देंगे, उन्होंने जोर दिया. सुभाष यादव ने कहा कि वह हर किसी के लिए खड़े रहते हैं और आगे भी खड़े रहेंगे. उन्होंने युवा, किसान, कामगार, मजदूर, शिल्पी, उद्यमी, पढ़े-लिखे नौजवान, प्रबुद्ध जन और जनप्रतिनिधियों से समर्थन व आशीर्वाद की अपील की. उन्होंने कहा कि वह जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे.

### एलिम्को ने 26 दिव्यांग बच्चों में बांटे उपकरण

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के प्लस टू स्कूल परिसर में समग्र शिक्षा अभियान और एलिम्को रांची के संयुक्त तत्वावधान में 3 से 18 साल के दिव्यांग बच्चों के लिए एक जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में एलिम्को के डॉ. दीपक कुमार मंडल, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. नवनीत और डॉ. चंद्र मौलिक पांडेय ने दर्जनों स्कूलों के 34 दिव्यांग बच्चों की जांच और स्वास्थ्य परीक्षण किया. पिछले वर्ष आयोजित कैंप में चयनित 26 दिव्यांग बच्चों के बीच इस अवसर पर उपकरण वितरित किए गए. इनमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, रोलेटर वॉकिंग स्टिक, ब्रेल किट, चेयर कैलिप और सीपी चेयर जैसे उपकरण शामिल थे. इनका वितरण स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज, टाँगटोना मुखिया सुमित्रा कुमारी, और बीपीओ रंजीत कुमार भारती द्वारा किया गया. बीपीओ रंजीत भारती ने बताया कि प्रखंड के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की एलिम्को के डॉक्टरों द्वारा जांच कर प्रमाण पत्र दिया जाता है. पिछले वर्ष की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रमाण पत्र प्राप्त दिव्यांग बच्चों के बीच इन उपकरणों का वितरण किया गया है. जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने इस पहल को शिक्षा परियोजना की बेहतरीन पहल बताया और कहा कि सभी दिव्यांग बच्चों को इस योजना और कार्यक्रम का लाभ लेना चाहिए.

### विधायक ने रखी सड़क की आधारशिला

**पोड़ैयाहाट।** विधायक प्रदीप यादव ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चतरा मोड़ से लेकर रघुनाथपुर तक पीडब्ल्यूडी सड़क (भाया इंजीनियरिंग कॉलेज फोरलेन सड़क) का शिलान्यास किया. दस किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर एक सौ एक करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी. इस मौके पर विधायक यादव ने कहा कि इस सड़क की मांग बहुत दिनों से की जा रही थी और देर से ही सही, जनता के आशीर्वाद से यह कार्य भी पूरा हो गया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सड़क लगभग आठ महीने में बनकर तैयार हो जाएगी. उन्होंने यह भी बताया कि चतरा इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन फैकल्टी में पढ़ाई शुरू हो चुकी है और काउंसलिंग भी चल रही है. जल्द ही यहाँ प्रिंसिपल और प्रोफेसरों की नियुक्ति भी होगी, जिसके संबंध में विभाग के मंत्री से भी बातचीत हो गई है. विधायक ने घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही इस विधानसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना की जाएगी.

# स्ट्रीट वेंडरों को मुद्रा योजना से जोड़ें : अजय नाथ झा

शुभम संदेश। बोकारो

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा है कि स्ट्रीट वेंडर समाज की एक मजबूत कड़ी हैं और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा. वे सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर रहे थे. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्ट्रीट वेंडरों का जीवन बेहतर हो, इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें. उन्होंने योजना से संबंधित जन-जागरुकता और अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को अभियान मोड में शुरू करने को कहा. उनका उद्देश्य है कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे. उन्होंने बताया कि योजना के तहत 10,000 का ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थी समय पर भुगतान कर 20,000 और फिर 50,000 का ऋण प्राप्त कर आत्मनिर्भर व समृद्ध बन सकते हैं. उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे चिह्नित वेंडरों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से भी जोड़ें, ताकि वे छोटे व्यवसाय के लिए वित्तीय रूप से सशक्त हो सकें और उनके जीवन स्तर में सुधार आए, जिससे सरकार की योजनाओं का उद्देश्य पूरा हो सके. उपायुक्त ने लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को निर्देश दिया कि वे बैंकों में स्ट्रीट वेंडरों के लिए विशेष रूप से भैया-दीदी काउंटर चिह्नित करें, जिससे उन्हें बैंकों में त्वरित सुविधा और सम्मान दोनों प्राप्त हो. उन्होंने इसकी शुरुआत पहले लीड बैंक से करने को कहा. उपायुक्त ने सब्जी बेचने वाली महिलाओं को दीदी कहकर सम्मानपूर्वक संबोधित करने की भी अपील की.

# आदिवासी वृद्ध की जमीन पर दबंगों का कब्जा, पुलिस निष्क्रिय

शुभम संदेश। गोड्डा



अपनी पैतृक जमीन को दबंगों से बचाने के लिए अस्सी वर्षीय वृद्ध आदिवासी दासों टुडू प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष गुहार लगा रहा है, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था में कोई इस वृद्ध की न तो सुनने वाला है और न कोई आंसू पोंछने वाला ही है.

**दबंगों ने की मारपीट, पुलिस रही निष्क्रिय :** मामला नगर थाना अंतर्गत जगता टोला का है. मौजा सरोतिया, जमाबंदी नंबर 52, दाग नंबर 410, रकबा दो कट्ठा छह धुर जमीन जो दासों टुडू के नाम से पर्चा में दर्ज है. इस जमीन पर बगल के असनबनी मोहल्ले के निवासी सेरात मियां, पिता जसीमुद्दीन मियां जबरन घेराबंदी कर रहे थे. जब इसकी जानकारी दासों टुडू के पोते सुनील टुडू को हुई, तो उन्होंने जबरन घेराबंदी के कार्य को रोकने का प्रयास किया, जिस पर दबंगों ने उन्हें बुरी तरह से मारपीट कर जख्मी कर दिया. घटना की सूचना नगर थाना में दिए जाने के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की.

**अंचलाधिकारी के आदेश के बावजूद पुलिस निष्क्रिय :** इस बीच, दासों टुडू ने अंचलाधिकारी को भी आवेदन दिया. अंचलाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए जमीन पर किसी भी प्रकार के कार्य करने से रोक लगाने का आदेश देते हुए विभागीय पत्र भी नगर थाना के नाम जारी कर दिया, लेकिन पुलिस पहले भी निष्क्रिय थी और बाद में भी निष्क्रिय बनी रही.

**पूर्व विधायक ने उठाए सवाल, एसपीटी एक्ट का हवाला :** पूर्व विधायक अमित मंडल ने इस संबंध में कहा कि जब अंचलाधिकारी के आदेश को ही नहीं माना जा रहा है, तो आम गरीब, कमजोर आदिवासी की भला कौन सुनेगा. जबकि एसपीटी एक्ट (संथाल परगना टेनेंसी एक्ट) के प्रावधानों के अनुसार, आदिवासी की जमीन किसी भी हालत में हस्तांतरणीय नहीं है.

# तिसरी-पिपराटांड़ मुख्य सड़क पर जर्जर पुलिया ढही

## जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण लगाते रहे गुहार, कानों पर जूं तक नहीं रेंगी, लोग परेशान


रोहित भारती



**तिसरी (गिरिडीह)।** गांव आने वाली पुलिया जर्जर हो गई है, बनवा दीजिए साहब वरना टूट जाएगी. कहते-कहते पुलिया टूट गई और सड़क ढह गई, लेकिन माननीय जनप्रतिनिधियों की आँखें नहीं खुलीं. यह मामला गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत पिपराटांड़ जाने वाली मुख्य सड़क का है. जहाँ बीच सड़क पर स्थित एक पुरानी पुलिया वर्षों से जर्जर अवस्था में थी. स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार कई जनप्रतिनिधियों से इसकी मरम्मत करवाने की अर्जी लगाई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया. नतीजतन, सोमवार सुबह बारिश के कारण यह जर्जर पुलिया टूट गई और सड़क का आधे से अधिक हिस्सा ढह गया. गनीमत रही कि उस वक्त वहाँ से गुजर रही एक चारपहिया वाहन इसकी चपेट में आते-आते बच गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था.

**आवागमन पर गंभीर असर :** अब आलम यह है कि इस सड़क से चारपहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो चुका है. केवल दोपहिया वाहन और पैदल ही लोग कुछ दिनों तक गुजर सकते हैं, क्योंकि पुलिया के दूसरी ओर बचे हुए हिस्से में भी दरार आ चुकी है. यदि जल्द ही इसे नहीं बनवाया गया तो बचा हुआ हिस्सा भी ध्वस्त हो जाएगा. बताया जाता है कि यह सड़क पिपराटांड़, चोरनीतरी, कौशिलवा, सुमेरीडीह, कोरचांचो, बस्तीकुरा, केंदुआ आदि लगभग 10 गांवों तक जाने वाली मुख्य सड़क है. पुलिया ढह जाने से इन गांवों के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. लोगों को अब उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर तीन-चार किलोमीटर घूमकर जाना होगा.

**ग्रामीण और नेताओं की मांग**



दरोगी गोप | हरि यादव | नगीना भुला | प्रकाश यादव | सोनू यादव

ग्रामीण प्रकाश यादव ने कहा कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया था. इस समस्या से स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी और सांसद अन्नपूर्णा देवी को भी अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला. उन्होंने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को इस पुलिया के ध्वस्त होने का कारण बताया. सोनू यादव ने भी कहा कि जनप्रतिनिधियों ने कोई पहल नहीं की. पंचायत समिति सदस्य नगीना भुला ने बताया कि यहाँ के लोग पिछले 5 वर्षों से पुलिया की मरम्मत-निर्माण के लिए आवेदन दे रहे हैं. वर्ष 2024 के अगस्त माह में भी गांव आए विधायक और सांसद के समक्ष यह समस्या रखी गई थी, लेकिन वे लोग केवल आश्वासन देकर चले गए. दरोगी गोप ने भी अपनी चिंता व्यक्त की. ग्रामीण शिबू यादव, हरी यादव, अमन यादव, पप्पू यादव, चंदन यादव आदि ने एक बार फिर जनप्रतिनिधियों से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया है. वहीं, मामले की जानकारी मिलने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल भी मौके पर पहुँचे और उपायुक्त से यहाँ पुलिया निर्माण की मांग की.

## स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत चिरकुंडा-बराकर सड़क पुल के उपर स्ट्रीट लाइट ठीक कराने सहित जंगल की सफाई व जल जमाव को हटाने को लेकर भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी बिजय कुमार हांसदा को पत्र दिया है और संबंधित समस्याओं का निदान अविलंब कराने की मांग की है. कहा कि सावन की पहली सोमवारी में हजारों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चे महिला पुरुष इसी पुल के ऊपर से पश्चिम बंगाल के घाट से जल उठाने के लिए जाते हैं लेकिन इस पुल के ऊपर जल जवाब एवं जंगल भर गया है जो की बड़ी अप्रिय घटना को न्योता दे रही है. जिसको गंभीरता से लेते हुए भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी व सिटी मैनेजर को पत्र के माध्यम से इन समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है. साथ ही पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता मनीष कुमार से भी दूरभाष पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया.

# आईआईटी आईएसएम में ब्लॉकचेन और साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण

## देशभर से 111 प्रतिभागी हुए शामिल, छह दिनों तक चलेगी कार्यशाला

**शुभम संदेश। धनबाद**



आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में सोमवार से ₹ब्लॉकचेन और साइबर सुरक्षा के माध्यम से साइबर हमलों की रोकथाम₹ विषय पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ. यह कोर्स मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है और 7 से 12 जुलाई तक चलेगा. इस कोर्स का उद्देश्य शिक्षकों, शोधकर्ताओं और प्रोफेशनल्स को ब्लॉकचेन और साइबर सुरक्षा जैसी उन्नत तकनीकों की गहन जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने में योगदान दे सकें. ब्लॉकचेन एक ऐसी तकनीक है, जिसमें जानकारी एक बार दर्ज होने के बाद बदली नहीं जा सकती. यह वित्तीय लेन-देन और महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत विश्वसनीय मानी जाती है. वहीं, साइबर सुरक्षा का उद्देश्य डिजिटल डेटा को हैकिंग और अनधिकृत पहुंच से बचाना है. इसके लिए क्रिप्टोग्राफी और पब्लिक-की सिस्टम जैसे तरीकों का उपयोग किया जाता है, ताकि केवल अधिकृत व्यक्ति ही जानकारी तक पहुंच सके. इस कोर्स में विशेषज्ञों के व्याख्यान के साथ-साथ प्रैक्टिकल सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि प्रतिभागी इन तकनीकों को गहराई से समझ सकें और उनका उपयोग सीख सकें. उद्घाटन समारोह में संस्थान के कई वरिष्ठ प्रोफेसर उपस्थित थे, जिनमें प्रो. धीरज कुमार (उप-निदेशक), प्रो. मृणालिनी पांडेय, प्रो. प्रथम पार्थिम रॉय (सीएसई-सीडी विभागाध्यक्ष), प्रो. निखिल त्रिपाठी और प्रो. अरूप कुमार पाल (कोर्स समन्वयक) शामिल थे. प्रो. अरूप कुमार पाल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन तकनीक की अहमियत बढ़ गई है. ये तकनीकें हमारे सिस्टम और महत्वपूर्ण जानकारी को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

इस कोर्स में देशभर से 111 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं. अगले कुछ दिनों में ये प्रतिभागी भारत और विदेश के विशेषज्ञों से ब्लॉकचेन और साइबर सुरक्षा की कार्यप्रणाली और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में सीखेंगे. यह प्रशिक्षण उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो डिजिटल दुनिया को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने में योगदान देना चाहते हैं.

## रामकनाली प्रबंधन के साथ आजसू की वार्ता

**कतरास।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को रामकनाली कोलियरी में विभिन्न समस्याओं को लेकर बीसीसीएल प्रबंधक से वार्ता की. प्रबंधन की ओर एसीएम हरेराम चौधरी, प्रबंधक नागदेव यादव , सतीश विद्यार्थी , राज रोशन ने प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व कर रहे आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो , सांसद प्रतिनिधि आशीष तिवारी, मुकेश साव, सोनू कुंभकार , उपेंद्र विश्वकर्मा ,अर्जुन भुइया, चंदनकुमार , रीता देवी से वार्ता हुई. केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो ने कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के निर्देश अनुसार आज रामकनाली के मूलभूत आवश्यकता के लिए बीसीसीएल प्रबंधक के साथ वार्ता हुई, जिसमें पानी ,बिजली ,नाली की साफ-सफाई , सड़क ,लाइट के मुद्दे के साथ सकारात्मक वार्ता हुई प्रबंधक ने सभी मांगों को मानते हुए जल्द से जल्द मूलभूत समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया. तय सीमा में समस्या का समाधान नहीं होता है तो आने वाले दिनों में रामकनाली कोलियरी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे.

## न्यूज अपडेट

### संसाधनों का सदुपयोग करें कृषक : उपायुक्त



**धनबाद ।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को समेकित बिरसा ग्राम-सह-कृषक पाठशाला सहित कृषि विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा की. समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने अलकडीहा, गोविंदपुर एवं टुंडी के कृषक पाठशाला को शीघ्र तैयार करने, उसमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करने, अपने संसाधनों का सदुपयोग करने तथा कृषि विज्ञान केंद्र बलियापुर में 30-30 किसानों को भ्रमण कराकर उन्नत खेती करने का प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि जल्दी ही जिला मुख्यालय से एक टीम, कृषि पदाधिकारी के साथ सभी केंद्रों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का आकलन करेगी. बैठक के दौरान उपायुक्त ने सुकर, 1000 ब्रायलर चिकन, 500 लेयर चिकन तथा चारा भंडारण कक्ष व मूत्र टैंक के साथ 5 गौवंश रखने के लिए शेड का निर्माण, कृषक पाठशाला में मत्स्य पालन, मशरूम कल्टीवेशन यूनिट सहित अन्य की समीक्षा की. बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक झा के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### नीरज सिंह हत्याकांड में बचाव पक्ष का आवेदन अस्वीकृत

**धनबाद ।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले की सुनवाई सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई.आरोपी कुर्बान अली, चन्दन सिंह, बिनोद सिंह, सागर उर्फ शिबू सिंह, धनजी सिंह, संजय सिंह व डब्लू मिश्रा के आवेदन पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस की. इस दौरान सीआईडी के तत्कालीन एडीजी अजय कुमार सिंह एवं कोयला क्षेत्र के तत्कालीन डीआईजी साकेत कुमार सिंह को गवाही के लिए बुलाने की प्रार्थना की गई. बचाव पक्ष के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने कहा कि घटना के दिन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के आदेश पर मामले की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया था. एसआईटी का नेतृत्व तत्कालीन एडीजी सीआईडी अजय कुमार सिंह कर रहे थे जबकि डीआईजी साकेत कुमार सिंह टीम के सदस्य थे. अजय कुमार सिंह व डीआईजी साकेत कुमार सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया था. वहां से कई तरह के साक्ष्य एकत्रित किए थे. अनुसंधानकर्ता ने एडीजी व डीआईजी को गवाह नहीं बनाया, ना ही उनके द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्यों को कोर्ट के समक्ष लाया है.अभियोजन ने विरोध किया और कहा कि बचाव पक्ष सिर्फ है समय बर्बाद कर रहा है. अदालत में यह मामला बहस के लिए चल रहा है और बचाव पक्ष बहस न कर सिर्फ है. समय-समय पर आवेदन देकर मामले को टालना चाहते हैं. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने बचाव पक्ष की ओर से दाखिल सातों आवेदन को निरस्त कर दिया है.

### डीएवी मुनीडीह में नवांगतुक बच्चों का स्वागत समारोह



**पुटकी।** डीएवी मुनीडीह में नवांगतुक 11वीं के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया. गायत्री मंत्र की मधुर ध्वनि के साथ प्राचार्या इंदु प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वागत समारोह का शुभारंभ किया. मौके पर कई वरिष्ठ शिक्षक - शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मधुर स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया.कार्यक्रम का संचालन अरिजीत, गायत्री, साहिल एवं अनुप्रिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया. प्राचार्या इंदु प्रसाद ने कहा कि डीएवी संस्थान छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देती है. इससे केवल भौतिक विकास ही नहीं बल्कि व्यवहार कुशल व्यक्तित्व का निर्माण किया जाता है.

# राज सिन्हा ने की वज्रपात पीड़ित परिवार से मुलाकात

## 4 लाख की सहायता का आश्वासन, सचेत रहने की सलाह



**शुभम संदेश। धनबाद**

विधायक राज सिन्हा ने सोमवार को भागाबाँध, पासीधौड़ा पहुँचकर वज्रपात की घटना में स्वर्गीय राकेश पासी की 12 वर्षीय पुत्री दिव्या के आकस्मिक निधन पर शोक संतप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की. रविवार को दोपहर में वज्रपात के कारण भागाबाँध ओपी क्षेत्र के पासीधौड़ा में स्वर्गीय राकेश पासी की पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई थी. उसे तत्काल एसएसएनएमसीएच ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया.सिन्हा ने दिवंगत बच्ची के परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और दुख व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह एक अत्यंत दुखद क्षण है. हम आपके परिवार के साथ हैं और उनके दुख में शामिल हैं.₹ उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया. साथ ही, विधायक सिन्हा ने सभी लोगों से आकाशीय बिजली और वज्रपात के प्रति जागरूक रहने और इस मौसम में सावधानी बरतने की अपील की. रामविलास राम, रामकेश गुप्ता, बालमुकुंद राम, टुन्नू यादव, मनोज भारती, महेश पासी, जोगी पासी, मिथुन ठाकुर, मनोज मालाकार सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे.

## महेशपुर कोलियरी में नुक्कड़ सभा

**मधुबन ।** गोबिंदपुर एरिया तीन अंतर्गत महेशपुर कोलियरी परिसर में सोमवार को 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान मजदूरों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए एकता का परिचय दिया. सभा में वक्ताओं ने मजदूरों से 9 जुलाई की हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने की लेकर अपील करते हुए कहा कि चार लेबर कोड जो लागू किया जा रहा है, वह मजदूरों के हित में नहीं है. जिसे समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, हम सभी को सहयोग करना होगा. मौके पर एटक के शाखा सचिव नेपाल रवानी, इनमोसा के राष्ट्रीय महासचिव रमेश कुमार विश्वकर्मा,कमलेश दास, शंकर मिस्त्री ,रामजी प्रसाद नोनिया, इंमोसा के आरके विश्वकर्मा मनोहर कुमार,शेख मन्नान , संजय बाउरी, आनंद बाउरी ,छोटन महतो, प्रहलाद महतो, मंगल मांझी, गौतम बाउरी आदि उपस्थित थे.

# राजगंज सड़क दुर्घटना में मृत युवकों के परिवारों से मिलीं जिप अध्यक्ष



**शुभम संदेश। धनबाद**

राजगंज में हुए एक भीषण सड़क दुर्घटना में रेमंड शोरूम के संचालक विशाल कृष्णानी के पुत्र साहिल कृष्णानी और शक्तिमंदिर के समीप निवासी सरदार हरदयाल सिंह के पुत्र अनमोल सिंह की असमय मृत्यु हो गई थी. इस दुखद घटना के बाद सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की. शारदा सिंह ने दोनों परिवारों के साथ समय बिताकर उन्हें ढांढस बंधाया और इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त की. उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवारों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की कामना की.

इस दौरान उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है. हमारी संवेदनाएं परिवारों के साथ हैं, और हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दें.

### ट्रक और कार में आमने-सामने टक्कर

**धनबाद ।** शहर के मेमको मोड़ पर सोमवार की दोपहर एक कार और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई .दोनों वाहनों की गति धीमी होने के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ . भिड़ंत के दौरान कार के शीशे टूट गए, लेकिन कार में सवार लोग सुरक्षित बच गया .

## आसनसोल

# पुलिसिया व्यवहार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद का सड़क जाम



**शुभम संदेश। बराकर**

विश्व हिंदू परिषद कुलटी ब्लॉक की ओर से पुलिस प्रशासन के विरोध में बैगुनिया मोड़ पर अवरोध कर विरोध मार्च निकाला गया। पुलिसिया कार्रवाई से आहत विश्व हिंदू परिषद ने बराकर सिद्धेश्वरी मंदिर से लेकर बस स्टैंड तक प्रदर्शन किया। इस विरोध मार्च का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद आसनसोल जिला उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह और कुलटी बीएचपी ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू प्रियदर्शिनी ने किया। प्रदर्शन में बजरंग दल, आरएसएस, भाजपा के सदस्य भी शामिल थे। प्रदर्शन के बाद सभी ने कुलटी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर श्रीराम सिंह ने कहा कि रविवार को मोहर्रम के जुलूस के दौरान हम सभी मंदिर के सामने सड़क पर खड़े होकर आपसी अभिवादन कर रहे थे, तभी कुलटी पुलिस के साथ आये एक बाहरी पुलिसकर्मी एमडी हुसैन ने हमें जबरन हटाने का प्रयास किया और दो युवकों को धक्का दे दिया, जिससे झड़प हो गई। इसी पुलिसिया व्यवहार के विरोध में यह मार्च निकाला गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर संबंधित पुलिसकर्मी माफी नहीं मांगते हैं, तो हिन्दू संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कोल इंडिया को बचाने के लिए 17 सितंबर तक चलेगा बीएमएस का अभियान : लक्ष्मा रेड्डी

**शुभम संदेश। सांकतोड़िया, रानीगंज**



रानीगंज स्थित टी.बी. अस्पताल परिसर में खान श्रमिक कांग्रेस (भारतीय मजदूर संघ) के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को दलीय संगठन को सशक्त बनाने हेतु एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कोयला उद्योग प्रभारी सह जेबीसीसीआई सदस्य के. लक्ष्मा रेड्डी ने बताया कि मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु बीएमएस द्वारा आगामी 23 जुलाई से 17 सितंबर तक एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा। स अवसर पर अखिल भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय कोयला एवं उद्योग प्रभारी लक्ष्मण रेड्डी, एबीकेएमएस के उपाध्यक्ष अंगद उपाध्याय, केएससी (भामस) के अध्यक्ष विनोद सिंह (दोनों कॉर्पोरेट जेसीसी सदस्य), केएससी (भामस) के महामंत्री मृत्युंजय सिंह, मनोज चौबे, धनंजय पांडे, जयनाथ चौबे, दयाशंकर नोनिया सहित संगठन के कई सदस्य उपस्थित रहे। ठक में संगठन को मजबूत बनाने, कोल इंडिया को निजीकरण से बचाने और श्रमिकों के हितों की रक्षा हेतु विभिन्न रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। के. लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके खिलाफ जोरदार आंदोलन खड़ा किया जाएगा। न्होंने बताया कि कोल इंडिया पिछले 50 वर्षों से देश की सेवा कर रही है और इस वर्ष उसका स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। वर्तमान में कोयला उत्पादन में वृद्धि हो रही है जो देश के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कोयले से बिजली उत्पादन होता है और बिजली ही किसी भी देश के विकास की पहली आवश्यकता होती है। क्ष्मा रेड्डी ने कहा, "कोल इंडिया को बचाना और श्रमिकों के शोषण को रोकना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। लेकिन यह भी जरूरी है कि कोयला उत्पादन किस तरह से और किन शर्तों पर हो, इस पर गंभीरता से विचार किया जाए। श्रमिकों के हितों की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए।"

# बदहाल सड़क को लेकर 28 पार्षदों ने जीएम को सौंपा ज्ञापन



**शुभम संदेश। कुलटी**

आसनसोल नियामतपुर इस्को बाईपास बर्नपुर की मुख्य सड़क मार्ग पर बने गड्ढों की मरम्मती के लिए आसनसोल नगर निगम के कुलटी बोरो कार्यालय के करीब 28 पार्षदों ने बर्नपुर स्थित सेल आईएसपी के महाप्रबंधक (जीएम) को एक लिखित जनहित याचिका सौंपी है। इस याचिका में न केवल इस्को बाईपास सड़क की बदहाली को दर्शाया गया है, बल्कि इससे उत्पन्न हो रही समस्याओं व लगातार हो रही दुर्घटनाओं को भी उजागर किया गया है। र्षदों ने मांग की है कि सेल आईएसपी के जीएम तत्काल सड़क की दुर्दशा पर ध्यान दें और शीघ्र ही मरम्मती कार्य शुरू कराएं, जिससे लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग सके। इस जनहित याचिका का नेतृत्व कुलटी के पूर्व विधायक व तृणमूल नेता उज्ज्वल चटर्जी कर रहे थे। उनके साथ मुख्य रूप से पार्षद चैतन्य माझी, जाकिर हुसैन, इंद्राणी मिश्रा, उषा रजक, टुंपा चौधरी समेत कई अन्य पार्षद उपस्थित थे।

## रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने करपुरिग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य के लिए रखी आधारशिला

# 17.30 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

### खास बातें


- मोदी सकरकार में रेलवे को मिला 10 गुना ज्यादा बजट : वैष्णव

**शुभम संदेश। कोलकाता**



केंद्र सरकार बिहार के रेलवे बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इन प्रयासों के हिस्से के रूप में, आज केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के समस्तीपुर डिवीजन में स्थित करपुरिग्राम स्टेशन परिसर में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। इस अवसर पर, श्री वैष्णव ने पहले दिघा ब्रिज हॉल्ट का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा उपायों, स्वच्छता, प्लेटफॉर्म की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, और सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों को आधुनिक और सुरक्षित रेल अनुभव प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके बाद, रेलवे मंत्री ने करपुरिग्राम स्टेशन पर 3.30 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले स्टेशन उन्नयन कार्यों की आधारशिला रखी। इसमें स्टेशन भवन, प्रतीक्षालय, शौचालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, पेयजल सुविधाएं, दिव्यांगजनों के लिए रैंप, और अन्य यात्री सुविधाओं का आधुनिकीकरण शामिल होगा। उन्होंने करपुरिग्राम स्टेशन पर नवनिर्मित कई यात्री सुविधाओं का भी उद्घाटन किया। इसके बाद, श्री वैष्णव ने करपुरिग्राम और खुदीराम बोस पूसा स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 59 'सी' पर 14.0 करोड़ रुपये की लागत से एक भूमिगत रेलवे सबवे के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इसके पूरा होने पर यह भूमिगत रेलवे सबवे स्थानीय वाहन यातायात को काफी राहत प्रदान करेगा और ट्रेन संचालन को सुगम बनाएगा, जिससे सुरक्षा में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे ने 33,000 किलोमीटर नई रेलवे लाइनें बिछाई हैं, जो पिछली सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक है। यह कार्य न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करता है बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति देता है। रेलवे मंत्री ने पुष्टि की कि केंद्र सरकार बिहार जैसे राज्यों को 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी, और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

## 300 प्रभावित परिवारों को मिला तिरपाल



**कालाबनी (पुरुलिया)।** भारी बारिश के कारण कालाबनी क्षेत्र के कई कच्चे मकान ढह जाने व क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद कालाबनी ग्राम पंचायत ने पहल करते हुए 14 बूथों के करीब 300 प्रभावित परिवारों को तिरपाल वितरित किया। चायत प्रधान संजीत मंडल ने कहा कि मैंने प्रधान बनने के बाद हर पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने की शपथ ली है। इसी के तहत आज भी मैं क्षेत्र के सभी गरीब और असहाय लोगों के साथ हूं। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रह्लाद चंद्र माझी, राजेश मंडल, बनमाली महतो, उज्ज्वल महतो, अश्विनी महतो, दुर्गा चरण महतो, शिशिर कालिंदी, पार्थ महतो आदि उपस्थित थे। तिरपाल पाकर गरीब परिवारों में खुशी की लहर देखी गई।

# बराकर की दो बेटियां ईशा और रितिका ने पास की सीए परीक्षा

**शुभम संदेश। बराकर**



बराकर की दो मध्यमवर्गीय परिवारों की बेटियों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की कठिन परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर परिवार ही नहीं, पूरे बराकर का मान बढ़ाया है। चौक बाजार वार्ड संख्या 68 निवासी सुनील शर्मा की पुत्री ईशा शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। ईशा ने बताया कि आगे वह नौकरी करने की इच्छुक है, ताकि परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके। वहीं चौक बाजार निवासी संजय अग्रवाल की पुत्री रितिका अग्रवाल ने भी पहली बार में सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त की। रितिका ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीनोबली स्कूल से और प्लस टू की पढ़ाई संप्रेक्टरी स्कूल से की। इसके बाद सीए की कठिन तैयारी में जुटकर यह मुकाम हासिल किया। दोनों बेटियों की सफलता से बराकर में खुशी की लहर है। परिजन, मित्र और स्थानीय सामाजिक संस्थाएं दोनों को बधाइयाँ दे रही हैं। इन बेटियों की मेहनत और लगन आज पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन गई है।

### रानीगंज की युक्ता बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट



**रानीगंज।** रानीगंज के समाजसेवी अनुप लुहारुवाला की पुत्री युक्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे कोयलांचल का नाम रोशन किया है। राजस्थानी समाज के प्रमुख संजय झुनझुनवाला ने बताया कि युक्ता की बड़ी बहन मेडिकल की छात्रा है और दोनों बहनों ने राजस्थानी समाज का गौरव बढ़ाया है। युक्ता ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता-पिता और बहन के आशीर्वाद को दिया। पिता अनुप लुहारुवाला बेटी की उपलब्धि से अत्यंत गौरवान्वित हैं।

मंथन

## सावधानी बरतें, श्रावणी मेला में सतर्कता जरूरी

हर वर्ष देवघर और बासुकीनाथ में आयोजित होने वाला राजकीय श्रावणी मेला आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास का प्रतीक होता है. लाखों कांवरिये देश के कोने-कोने से आकर भगवान शिव के जयकारों के साथ इस पुण्य अवसर में भाग लेते हैं. लेकिन इस वर्ष यह धार्मिक मेला सिर्फ आध्यात्मिक नहीं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी अत्यंत संवेदनशील बन गया है. स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है कि आतंकी या उग्रवादी ताकतें कांवरियों के वेश में इस भीड़भाड़ वाले मेले का फायदा उठाने की कोशिश कर सकती हैं. यह चिंता केवल कल्पना नहीं, बल्कि देश के अन्य धार्मिक स्थलों पर पूर्व में हुई घटनाओं का अनुभव भी इसी ओर इशारा करते हैं. ऐसे में यह अत्यंत जरूरी है कि प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां चौकस रहें, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई आंच न आए. रिपोर्ट में सुझाए गए उपाय, जैसे संदिग्ध वस्तुओं को तत्काल हटाना, सतर्क निगरानी और लगातार गश्त, इस दिशा में सही कदम हैं. सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी है आमजन की भागीदारी और सजगता. श्रद्धालुओं को भी चाहिए कि वे किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें. श्रावणी मेला हमारी धार्मिक विरासत का अमूल्य हिस्सा है. इसकी शांति, सुरक्षा और गरिमा बनाए रखने के लिए शासन, प्रशासन और समाज-सभी को एकजुट होकर जिम्मेदारी निभानी होगी. आस्था की यह यात्रा निर्विघ्न और सुरक्षित हो, यही हम सबकी कामना है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले ही हिदायत दी है कि प्रशासन मेला में आनेवालों का हर तरह से ख्याल रखें.

नजरिया

## बढ़ती आपराधिक निर्भीकता पर निर्णायक लगाम जरूरी

गुमला शहर में एक प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी विनोद जाजोदिया की बेरहमी से हत्या ने न सिर्फ शहर को दहशत में डाल दिया है, बल्कि पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. रविवार की शाम सिसई रोड पर हुई यह घटना बताती है कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हो गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, विनोद जाजोदिया अपनी दुकान से कुछ खरीद कर लौट रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने रड से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया. यह न सिर्फ एक जघन्य कृत्य है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा की घोर विफलता भी है. घटना के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने जांच शुरू की है, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, लेकिन यह सवाल बरकरार है कि आखिर अपराधियों को शहर के बीचोंबीच ऐसी निर्भीकता कहां से मिल रही है? चश्मदीदों की मानें तो अपराधियों के हाथ में तलवार भी थी, जबकि पुलिस रड से हमले की पुष्टि कर रही है. यह विसंगति मामले की गंभीरता को और बढ़ा देती है. इस हत्याकांड से यह स्पष्ट हो गया है कि गुमला जैसे अपेक्षाकृत शांत इलाके में अब अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है. यदि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो जनता का भरोसा पुलिस पर से उठना तय है. पुलिस को चाहिए कि वह इस मामले को चुनौती के रूप में ले और अपराधियों को जल्द से जल्द कानून के शिकंजे में लाए. साथ ही, शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया जाए ताकि कोई और विनोद जाजोदिया इस तरह बेमौत न मरे.

# रसायन मुक्त खेती: स्वस्थ जीवन की ओर

रोहन प्रसाद गुप्ता

आज रसायन मुक्त खेती एक अच्छा और जरूरी तरीका बन गया है.



आजकल ज़्यादा रासायनिक खाद और दवाइयों के इस्तेमाल से मिट्टी खराब हो रही है और खाने में ज़हर मिल रहा है. ऐसे में रसायन-मुक्त खेती एक अच्छा और जरूरी तरीका बन गया है. इस खेती में कोई भी रासायनिक खाद या कीटनाशक नहीं डाला जाता, बल्कि गोबर, कम्पोस्ट, नीम, छाछ, गौमूत्र, और जीवामृत जैसी प्राकृतिक चीजों का उपयोग किया जाता है. इससे मिट्टी की ताकत बढ़ती है, फसल अच्छी होती है और खर्च भी कम होता है. सबसे बड़ी बात– इससे पैदा अनाज व सब्ज़ियां स्वस्थ व सुरक्षित होती हैं, जो हमारे शरीर को नुकसान नहीं पहुंचातीं. अब कई किसान जैविक और प्राकृतिक खेती की तरफ लौट रहे हैं. यह तरीका धरती को साफ़, खेती को टिकाऊ और लोगों को स्वस्थ रखने में मदद करता है. रसायन-मुक्त खेती ही आने वाले समय की असली ज़रूरत है.

रासायनिक खेती ने शुरुआत में खेती की उपज बढ़ाने में मदद की, लेकिन अब इसके नुकसान साफ़ दिखाई देने लगे हैं. इस खेती में उपयोग होने वाले रासायनिक खाद और कीटनाशक धीरे-धीरे मिट्टी, पानी और हवा को प्रदूषित कर रहे हैं, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य और समाज पर पड़ रहा है. रासायनिक दवाओं से उगाई गई सब्ज़ियां, फल और अनाज शरीर के लिए नुकसानदायक होते हैं. किसानों को भी इन दवाओं के छिड़काव के दौरान त्वचा और आंखों में जलन, सांस की समस्या, और कई बार गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है. रासायनिक खेती ने किसानों की खेती की लागत बढ़ा दी है, जिससे वे कर्ज में डूबते जा रहे हैं. यह स्थिति कई जगहों पर किसान आत्महत्या जैसी दुखद घटनाओं का कारण भी बन रही है. साथ ही, गांवों में पानी और मिट्टी की गुणवत्ता गिरने से लोगों का जीवन और आजीविका प्रभावित हो रही है. रासायनिक खेती से जीव-जंतु और मिट्टी के पोषक तत्व भी खत्म हो रहे हैं, जिससे जमीन की उर्वरता धीरे-धीरे कम हो रही है. इसका असर भविष्य की फसल और भोजन की गुणवत्ता पर भी पड़ेगा.

आज के दौर में जब खाद्य सुरक्षा, किसानों की आर्थिक स्थिति और पर्यावरण संतुलन बड़े मुद्दे बन चुके हैं, ऐसे में रसायन-मुक्त खेती एक बेहतर और टिकाऊ विकल्प बन कर उभर रही है. यह खेती का ऐसा तरीका है जिसमें किसी तरह के रासायनिक खाद, कीटनाशक या जहरीले तत्वों का इस्तेमाल नहीं किया जाता, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है. इस खेती के कई लाभ हैं, जो इंसान, किसान और पर्यावरण–तीनों को प्रभावित करते हैं.

साफ़ और ज़हरीले तत्वों से मुक्त खाना मिलता है जो शरीर के लिए सुरक्षित और पोषक होता है. रासायनिक खेती से उपजे खाने में कीटनाशक और ज़हरीले अवशेष होते हैं, जो कैंसर, पेट के रोग, त्वचा की बीमारियों और हार्मोन गड़बड़ी का कारण बनते हैं. रसायन-मुक्त खेती से यह खतरा नहीं होता. बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को स्वस्थ और प्राकृतिक आहार मिलता है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है.जैविक फल-सब्ज़ियां स्वाद में भी बेहतर होती हैं और लंबे समय तक ताज़ा रहती हैं.

रसायन-मुक्त खेती में किसान को खर्च बहुत कम करना पड़ता है क्योंकि वह खाद, कीटनाशक आदि अपने खेत में ही बना सकता है.इससे किसान कर्ज से बच सकता है और आत्मनिर्भर बनता है.जैविक उत्पादों की बाजार में अच्छी कीमत मिलती है, जिससे किसान की आय बढ़ती है. खेती करते समय रसायन के सीधे संपर्क से किसान की सेहत को कोई नुकसान नहीं होता, जिससे वह लंबे समय तक काम करने योग्य रहता है.धीरे-धीरे जैविक खेती करने वाले किसानों को सरकारी मदद, ट्रेनिंग और बाजार की पहुंच भी मिलने लगी है.

रसायन-मुक्त खेती मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है और उसे लंबे समय तक उपजाऊ बनाए रखती है.ज़हरीले रसायनों का इस्तेमाल नहीं होने से जल स्रोत साफ़ रहते हैं, जिससे नदियों, तालाबों और भूमिगत जल को नुकसान नहीं होता.यह खेती कीट, पक्षी और ज़मीन के सूक्ष्म जीवों को सुरक्षित रखती है, जिससे जैव विविधता (बॉयोडायवर्सिटी) बनी रहती है. वातावरण में ज़हर फैलाने वाले तत्वों से मुक्ति मिलने से हवा भी साफ़ रहती है, जिससे इंसान और पशु दोनों का जीवन सुधरता है. जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी यह खेती मदद करती है क्योंकि इससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम होता है. साथ ही, जैविक और प्राकृतिक उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग होने के कारण किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिलते हैं. रसायन-मुक्त खेती करने वाले किसान अक्सर सीधे ग्राहकों से जुड़ते हैं, जिससे उन्हें बिचौलियों की कमीशन नहीं देना पड़ता और पूरी कमाई खुद मिलती है.

कम खर्च, बेहतर दाम और सुरक्षित फसल के कारण किसान न केवल मुनाफा कमाते हैं बल्कि कर्ज और जोखिम से भी बचते हैं. इस तरह रसायन-मुक्त खेती किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती है. रसायन-मुक्त खेती आज के समय की सबसे बड़ी ज़रूरत बन चुकी है. यह न केवल हमारे भोजन को ज़हरीले रसायनों से मुक्त करती है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, मिट्टी और पानी को बचाने, और पूरे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद करती है. जहां रासायनिक खेती ने सेहत, समाज और प्रकृति को नुकसान पहुंचाया है, वहीं रासायन-मुक्त खेती ने एक स्वस्थ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर खेती का रास्ता दिखाया है. इस पद्धति को अपनाकर किसान कम खर्च में बेहतर आमदनी पा सकते हैं और उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित, पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन मिल सकता है. अगर सरकार, समाज और किसान मिलकर इसे बढ़ावा दें, तो यह आने वाली पीढ़ियों के लिए खेती और जीवन का एक सुरक्षित और सशक्त आधार बन सकता है.

**(लेखक- पीएचडी शोधार्थी, कृषि प्रसार एवं संचार विभाग, आईएएस, बीएचयू हैं)**

**रसायन मुक्त खेती आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है. यह न केवल हमारे भोजन को जहरीले रसायनों से मुक्त करती है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में पूरी मदद करती है.**

## आज का इतिहास

**1497:** पुर्तगाली नाविक वास्को डी गामा भारत की यात्रा समुद्र से करने वाले पहले यूरोपीय बने.
**1836:** महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन शोध करने सेंट हेलेना पर पहुंचे.
**1914:** वामपंथी नेता व बंगाल के सीएम पद पर रिकार्ड समय तक रहे ज्योति बसु का जन्म.
**1963:** अमेरिका ने क्यूबा के साथ अपने सभी वित्तीय लेनदेन बंद किए.
**1967:** पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की बहन फातिमा का निधन.
**1972:** बतौर कप्तान भारतीय क्रिकेट को नए तेवर देने वाले खिलाड़ी सौरव गांगुली का जन्म.
**1981:** फ्रांस के प्रधानमंत्री मॉरिस ने बैंको और कुछ बड़े उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया.
**1994:** उत्तर कोरिया के तानाशाह और संस्थापक किम इल सुंग का निधन.
**2007:** पूर्व प्रधानमंत्री और समाजवादी नेता चंद्रशेखर का निधन.

## जीवन में आशा की मोमबत्ती कभी न बुझने दें...

चिंतन

रात का समय था, चारों तरफ सन्नाटा पसरा था, नज़दीक ही एक कमरे में चार मोमबत्तियां जल रही थीं. एकांत पा कर आज वे एक दूसरे से दिल की बात कर रही थीं.

पहली मोमबत्ती बोली, मैं शांति हूँ, पर मुझे लगता है अब इस दुनिया को मेरी ज़रूरत नहीं है, हर तरफ आपा-धापी और लूट-मार मची हुई है, मैं यहां अब और नहीं रह सकती. और ऐसा कहते हुए , कुछ देर में वो मोमबत्ती बुझ गयी. दूसरी मोमबत्ती बोली, मैं विश्वास हूं, और मुझे लगता है झूठ और फरेब के बीच मेरी भी यहां कोई ज़रूरत नहीं है, मैं भी यहां से जा रही हूं. और दूसरी मोमबत्ती भी बुझ गयी.

तीसरी मोमबत्ती भी दुखी होते हुए बोली, मैं प्रेम हूं, मेरे पास जलते रहने की ताकत है, पर आज हर कोई इतना व्यस्त है कि मेरे लिए किसी के पास वक्त ही नहीं, दूसरों से तो दूर लोग अपनों से भी प्रेम करना भूलते जा रहे हैं, मैं ये सब और नहीं सह सकती मैं भी इस दुनिया से जा रही हूं. और ऐसा कहते हुए तीसरी मोमबत्ती भी बुझ गयी. वो अभी बुझी ही थी कि एक मासूम बच्चा उस कमरे में दाखिल हुआ.

मोमबत्तियों को बुझे देख वह घबरा गया, उसकी आंखों से आंसू टपकने लगे और वह रुंआसा होते हुए बोला, अरे, तुम मोमबत्तियां जल क्यों नहीं रहीं, तुम्हे तो अंत तक जलना है! तुम इस तरह बीच में हमें कैसे छोड़ के जा सकती हो?

तभी चौथी मोमबत्ती बोली, प्यारे बच्चे घबराओ नहीं, मैं आशा हूं और जब तक मैं जल रही हूं हम बाकी मोमबत्तियों को फिर से जला सकते हैं. यह सुन बच्चे की आंखें चमक उठीं, और उसने आशा के बल पे शांति, विश्वास, और प्रेम को फिर से प्रकाशित कर दिया.

मित्रों, जब सब बुरा होते दिखे,चारों तरफ अंधकार ही अंधकार नज़र आए, अपने भी पराए लगने लगें, तो भी उम्मीद मत छोड़िए. आशा मत छोड़िए , क्योंकि इसमें इतनी शक्ति है कि ये हर खोई हुई चीज आपको वापस दिल सकती है. अपनी आशा की मोमबत्ती को जलाए रखिए,बस अगर ये जलती रहेगी तो आप किसी भी और मोमबत्ती को प्रकाशित कर सकते हैं.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #MondayMotivation
2. #HappyBirthdayMSDhoni
3. कैप्टन विक्रम बत्रा
4. कारगिल युद्ध
5. #KantaraChapter1
6. परमवीर चक्र
7. #VikramBatra
8. #HappyBirthdayThala
9. BRICS
10. Parenting Tips

# बहुरंग



## शेफाली की याद में छलका पराग त्यागी के दिल का दर्द

'कांटा लगा' गाने से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के अचानक निधन ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया है. 42 वर्ष की उम्र में, 27 जून को कार्डिएक अरेस्ट के चलते उनका निधन हो गया. अब उनके पति और अभिनेता पराग त्यागी ने अपनी दिवंगत पत्नी को याद करते हुए एक भावुक पोस्ट शेयर किया है. पराग ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेफाली के साथ बिताए कुछ अनमोल और खूबसूरत पलों का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनकी निजी जिंदगी की झलकियां नजर आती हैं.

पराग ने इंस्टाग्राम पर शेफाली के साथ बिताए पलों की एक वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, मैं तुम्हें हर जन्म में खोज लूंगा और तुम्हें खूब प्यार करूंगा. मैं तुमसे हमेशा प्यार करता रहूंगा. मेरी गुंडी, मेरी छोकरी. इस पोस्ट के साथ पराग ने शेफाली को टैग करते हुए एक लाल दिल का इमोजी भी जोड़ा, जो उनके गहरे प्रेम और टूटे दिल की झलक देता है.


27 जून की रात शेफाली को अचानक सीने में तेज़ दर्द की शिकायत हुई. उनके पति पराग उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## धुरंधर' का पहला लुक आया सामने 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक

रणवीर सिंह के जन्मदिन के खास मौके पर जिओ स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज ने 2025 की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'धुरंधर' का जबरदस्त फर्स्ट लुक रिलीज़ कर दिया है. इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्देशन 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' फेम निर्देशक आदित्य धर ने किया है, जो पहले ही अपनी विजन और ट्रीटमेंट के लिए सराहे जा चुके हैं. फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दमदार कलाकार नज़र आएंगे, जो इस थ्रिलर को और भी ग्रिपिंग और मेगा स्केल का बना देते हैं.

'धुरंधर' 5 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में भव्य रूप से रिलीज़ होगी. 2 मिनट 40 सेकंड का यह फर्स्ट लुक रॉ, इंटेंस और हाई-ऑक्टेन एक्शन से भरपूर है. इसमें सस्पेंस, दमदार डायलॉग्स और तगड़ा एक्शन दिख रहा है. इसका म्यूजिक शाश्वत ने दिया है जिसके सिंगर जैस्मिन सैंडलस हैं और खास बात यह है कि इसमें न्यू-एज आर्टिस्ट हनुमनकाइंड का भी कोलैब है, जिनकी अलग और हटकर स्टाइल इस गाने को नया फ्लेवर देती है.

जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत और बी62 स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी 'धुरंधर' एक पावरफुल और दिल झकझोर देने वाली कहानी है, जिसे आदित्य धर ने लिखा है, निर्देशित किया है और प्रोड्यूस भी किया है. फिल्म के




प्रोड्यूसर्स में ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी शामिल हैं, जिन्होंने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को वास्तविकता में बदलने के लिए सहयोग किया है.

**फिल्म की शूटिंग पूरी:** पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर की लगभग सारी शूटिंग हो गई है. सिर्फ 25 दिन और शूटिंग होनी है, उसके बाद सितंबर महीने के आखिर तक आदित्य पोस्ट प्रोडक्शन के काम में जुट जाएंगे. कुछ शॉट पोर्शंस को तो एडिट भी कर लिया गया है. अक्टूबर के आखिर तक सारी एडिटिंग कंप्लीट हो जाएगी और उसके बाद 45 दिन फिल्म की मार्केटिंग में लगाई जाएगी जो दीवाली से शुरू होगी. ऐसे में फिल्म 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है. फिलहाल, अभी तक मेकर्स की तरफ से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है.

**रणवीर सिंह के बर्थडे पर होगा धमाका:** आज रणवीर सिंह का जन्मदिन है. ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आज उनकी अपकमिंग फिल्म धुरंधर से उनका फर्स्ट लुक आउट हो सकता है.

अभिनेता ने सोशल मीडिया पर हिंट भी दिया है. उन्होंने इंस्टाग्राम से अपनी प्रोफाइल फोटो हटा ली है और सारे पोस्ट को हाइड कर लिया है. इसी के साथ उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 12*12 लिखा है जो उनकी अपकमिंग फिल्म की ओर इशारा कर रहा है.

धुरंधर मूवी में रणवीर सिंह के अलावा संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, आर माधवन और यामी गौतम जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे.

**रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्में:** धुरंधर के अलावा रणवीर सिंह के पास लाइनअप में कई बड़ी फिल्में हैं. वह फरहान अख्तर निर्देशित डॉन 3 में नजर आएंगे. वह जल्द ही इसकी शूटिंग भी शुरू कर सकते हैं. पहले कियारा आडवाणी लीड रोल में थीं, लेकिन अब कृति सेनन का नाम सामने आ रहा है.

## दिलीप साहब की पुण्यतिथि पर भावुक हुईं पत्नी सायरा बानो



सिनेमाई दुनिया में ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार की 7 जुलाई को चौथी पुण्यतिथि थी. उनकी पत्नी सायरा बानो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने कई तस्वीरें शेयर की हैं. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लंबा नोट भी साझा किया है, जिसमें लिखा कि अभिनेता उनके जीवन के सबसे अनमोल रत्न थे. दिवंगत दिलीप कुमार की पत्नी सायरा बानो ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट साझा किया. इसमें दिलीप साहब की तस्वीरें और छोटे क्लिप्स शामिल हैं, जिसमें एक्टर की जवानी से लेकर बुढ़ापे तक की तस्वीरें दिख रही हैं. इस पोस्ट के साथ अभिनत्री ने अकेले ही अकेले चला है गाना भी लगाया है, जो उनके अकेलेपन और दुख को बयां कर रहा है. सायरा ने लंबा-चौड़ा कैप्शन लिखा है.

उन्होंने कहा कि दिलीप साहब की कमी को कोई दूर नहीं कर सकता. मैंने उनकी यादों के सहारे चलना सीख लिया है. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने कहा कि हर साल यह दिन उन्हें दिलीप साहब की यादों को फूलों की तरह सहलाता हुआ पाता है. वहीं उन्होंने आगे लिखा कि अभिनेता सिर्फ उनके लिए ही सबसे बड़े रत्न नहीं थे, बल्कि वो कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा थे. सायरा बानो ने लिखा, इस महान शख्सियत के पीछे एक कोमल, आकर्षक, मजाकिया इंसान छिपा था. एक शाम मुझे अच्छी तरह याद है कि हमारा घर शास्त्रीय संगीत की धुनों से गूंज रहा था, दरबार जोरों पर था और साहब आराम के लिए चुपचाप चले गए. उन्होंने साधारण पलों को भी अमर बना दिया. दिलीप साहब हमेशा के लिए हैं. अल्लाह उन पर हमेशा अपना आशीर्वाद बनाएं रखे.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

## आराध्य का दमदार ट्रेलर रिलीज



अभिनेता राजा गुरु की नई हिंदी फिल्म 'आराध्य' का हाल ही में रिलीज किया गया ट्रेलर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. यह फिल्म 18 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, लेकिन फिल्म का ट्रेलर गंभीर टोन, दमदार डायलॉग्स और राजा गुरु की प्रभावशाली परफॉर्मेंस की वजह से दर्शकों का ध्यान खींचने में पूरी तरह सफल रहा है.

3 मिनट 2 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक प्रभावशाली संस्कृत श्लोक से होती है, जिसके तुरंत बाद राजा गुरु की साउथ स्टाइल में जोरदार एंट्री दिखाई देती है. ट्रेलर के शुरुआती फ्रेम से ही उत्सुकता जगती है और जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, राजा गुरु के किरदार के कई शेड्स सामने आते हैं, गंभीरता, क्रोध, भावुकता और शक्ति. उनकी संवाद अदायगी, तीव्र एक्शन और परिपक्व अभिनय ने यह साफ कर दिया है कि 'आराध्य' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक सिनेमैटिक अनुभव होने वाला है.

अर्धनारेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन और लेखन सुजीत गोस्वामी ने किया है, जबकि निर्माता अमरनाथ शर्मा और सह-निर्माता तुषार शर्मा हैं. फिल्म में राजा गुरु के साथ ज्ञान प्रकाश, पंकज बेरी, दीपक दत्त शर्मा और रूपाली जाधव जैसे अनुभवी कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म का संगीत भी इसकी खासियतों में शामिल है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. यात्रा आवश्यक होगी. शुभांक-5-7-9

**वृष :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-6-8-9

**मिथुन :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे. आलस्य का त्याग करें. पुरुषार्थ का सहारा लें. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. शुभांक-7-8-9

**कर्क :** विवाद समाप्त होंगे. शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा. परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी. अध्ययन में रुचि पैदा होगी. अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे. शुभांक-4-6-9

**सिंह :** नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी. शुभांक-3-6-9

**तुला :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. आलस्य का त्याग करें. कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक :** समय पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. पुराने मित्र से मिलन होगा. स्वविवेक से कार्य करें. शुभांक-3-5-7

**धनु :** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. शुभांक-3-6-7

**मकर :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग. साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. इच्छित कार्य पूर्ण होंग. शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-2-4-6

**मीन :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा. शुभांक-3-5-7

### पटना में आयोजित श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल

# फूलों की नगरी बेंगलुरु से माला लेकर पहुंचेंगे स्वामी जी के अनुयायी

**मुकेश कुमार मिश्र। पटना**

10 जुलाई को गर्दनीबाग पटना में आयोजित होने वाले विराट गुरु पूर्णिमा महोत्सव का स्वरूप लगभग तय हो गया है. बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान महोत्सव का उद्घाटन करेंगे. उद्घाटन समारोह में कई मंत्री, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, विद्वान संत, शिक्षाविद शामिल होंगे. भजन सम्राट डॉ. हिमांशु मोहन मिश्र दीपक के साथ दर्जनों भजन कलाकार अपनी प्रस्तुति से महोत्सव में चार चांद लगाएंगे. श्री गुरु व्यास पूर्णिमा के केंद्रीय उत्सव समिति के सचिव डॉ मृत्युंजय सिंह गंगा ने



कहा कि गेट पब्लिक लाइब्रेरी एंड इंस्टिट्यूट गर्दनीबाग पटना में महोत्सव की तैयारी की जा चुकी है. बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने महोत्सव में आने की अपनी स्वीकृति दे दी है. महोत्सव में देश-विदेश के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे. सभी अपने गुरुदेव जगद्गुरु रामानुजाचार्य रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद महाराज की पूजा अर्चना करेंगे, उनसे आशीर्वाद लेंगे. 10 जुलाई को सुबह स्वामी आगमानंद जी महराज नए लोगों को आध्यात्मिक गुरु दीक्षा देंगे.

महोत्सव में गुरु पूजन होगा, पादुका पूजन होगा, महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा. स्वामी आगमानंद अपने शिष्य, साधक और अनुयायी से एक-एक कर भेंट करेंगे. उनका हाल-चाल जानेंगे. केंद्रीय उत्सव समिति के अध्यक्ष विवेकानंद ठाकुर, सचिव डॉ मृत्युंजय सिंह गंगा, विधान पार्षद डॉ संजीव कुमार सिंह, तपन कुमार राणा, विधायक शंकर सिंह, आशुतोष सिंह के अलावा आईपीएस अधिकारी विकास वैभव व अभय कुमार लाल महोत्सव को सफल बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं. इसके अलावा बिहार के प्रत्येक जिलों में भी स्वामी आगमानंद महाराज के शिष्य व श्री शिवशक्त योगपीठ के कार्यकर्ता महोत्सव की तैयारी में जुटे हैं. सभी जिलों से लोग पटना जाएंगे. पटना में इन लोगों को ठहरने के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है. यहां बता दें कि स्वामी आगमानंद महाराज श्री शिवशक्ति योगपीठ नवगछिया के पीठाधीश्वर और श्री उत्तरतोताद्रि मठ विभीषणकुंड अयोध्या के उत्तराधिकारी हैं. स्वामी आगमानंद के अनुयायियों की संख्या 10 लाख के आसपास है. हालांकि उनके शिष्य देश-विदेश में आठ लाख से ज्यादा है. वही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेंगलुरु में रह रहे स्वामी जी के अनुयायी फूलों की पंखुड़ियां से सुसज्जित माला लेकर पहुंचेंगे. तथा गुरू जी के चरणों में समर्पित करेंगे. स्वामी आगमानंद ने कहा कि गुरु पूर्णिमा संयम, सेवा, स्वाध्याय, सत्संग और समर्पण का उत्सव है. हमारे शिष्य, साधक व अनुयायियों ने एक दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव पटना में मनाने का निर्णय लिया है. सभी को कार्यक्रम की सफलता के लिए आशीर्वाद देता हूं.

इधर खगड़िया जिले के बेलदौर प्रखंड के उसराहा गांव में राजेश सिंह के आवास पर मतीन्द्र नाथ मिश्र के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर अधिक से अधिक शिष्य अपने सेवा देने को लेकर चर्चा हुआ. साथ ही एक दूसरे के सहयोग कि बात कही. इस मौके पर तेलिहार मुखिया अनिल सिंह, नूतन सिंह पटेल अशोक हितैषी, युवराज सिंह, पप्पू सिंह, संजीव सिंह, संजय कुमार, बंटू सिंह, मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह आदि लोग मौजूद थे.

### विशेष पुनरीक्षण को लेकर महागठबंधन का हमला

# आयोग ने संतोषजनक जवाब नहीं दियाः तेजस्वी

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार में वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सियासी माहौल गरमाया हुआ है. इसी मुद्दे पर सोमवार को महागठबंधन के नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई प्रमुख नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए. तेजस्वी यादव ने बताया कि उनका प्रतिनिधिमंडल पहले भी चुनाव आयोग से मिल चुका है, लेकिन आयोग ने किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दिया. उन्होंने आयोग की आलोचना करते हुए कहा कि एक ही दिन में चुनाव आयोग द्वारा तीन अलग-अलग दिशानिर्देश जारी किए गए, जिससे मतदाता पूरी प्रक्रिया को लेकर भ्रमित हो रहे हैं.

तेजस्वी यादव ने विस्तार से बताया कि छह जुलाई को चुनाव आयोग ने एक इश्तिहार जारी किया. उसी दिन तीन अलग-अलग विज्ञापनों के जरिए मतदाताओं को अलग-अलग जानकारी दी गई. एक विज्ञापन में कहा गया कि जिनके पास फोटो या पहचान पत्र नहीं है, वे भी गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं. जबकि दूसरे विज्ञापन में इससे अलग कुछ जानकारी दी गई थी और



तीसरे विज्ञापन में फिर पूरी तरह भिन्न संदेश था. इसके साथ ही आयोग फेसबुक पोस्ट के जरिए भी भिन्न-भिन्न जानकारियां साझा कर रहा है, जिससे मतदाताओं में और लोकतंत्र के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है. तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से मांग की कि आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड को मतदाता पहचान दस्तावेज के रूप में मान्यता दी जाए, क्योंकि ग्रामीण और वंचित तबकों के पास अक्सर यही दस्तावेज होते हैं. उन्होंने कहा कि आयोग को इन दस्तावेजों को वैध मानना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे.

तेजस्वी ने चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पांच प्रमुख मांगें भी रखीं. पहली मांग थी कि भारतीय निर्वाचन आयोग इस मामले में तत्काल एक लिखित और आधिकारिक आदेश जारी करे. दूसरी मांग है कि विज्ञापनों या सोशल मीडिया पोस्ट के बजाय नीति को राज्य पत्र अधिसूचना या सार्वजनिक अधिसूचना के माध्यम से घोषित किया जाए.

### 7,468 एएनएम को सीएम नीतीश कुमार ने सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा

# राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय संवाद में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान 7,468 सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) को नियुक्ति पत्र सौंपे. यह कार्यक्रम बिहार सरकार की युवाओं को रोजगार देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे भी उपस्थित थे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य 12 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार देना है और इस दिशा में स्वास्थ्य क्षेत्र में भी व्यापक बहाली की प्रक्रिया तेज की जा रही है. उन्होंने नियुक्त किए गए एएनएम की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि उनकी नियुक्ति से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा. मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार युवाओं को बेहतर अवसर देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है. कार्यक्रम




में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने भी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं. नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से चमक उठे, जो सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सफलता का परिचायक था. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 12 लाख सरकारी नौकरियों और 34 लाख रोजगार के अवसर देने का बड़ा वादा किया था. इसके बाद से राज्य सरकार लगातार इस वादे को पूरा करने के लिए विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है. इस कड़ी में सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय संवाद में आयोजित कार्यक्रम में एएनएम को नियुक्ति पत्र देने के साथ ही सरकार ने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भी युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं. यह नियुक्ति पत्र वितरण बिहार सरकार द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रमों की एक निरंतरता है. 29 जून को पटना के बापू सभागार में 21,391 नव नियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे. इसके अलावा 21 जून को 101 सहायक आर्किटेक्ट को भी नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे. वहीं, 9 मार्च को गांधी मैदान में आयोजित एक विशाल समारोह में 51,389 शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए थे. बिहार सरकार का दावा है कि अब तक 10 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरियों पर नियुक्त किया जा चुका है. शेष बचे लगभग 2 लाख पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया तेजी से जारी है. सरकार ने विभिन्न विभागों में नए पद सृजित करने के लिए कैबिनेट से मंजूरी ली है और भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्ण तेजी से पूरा किया जा रहा है.

सरकार के अनुसार, अब तक 34 लाख से अधिक लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है. आने वाले समय में खाली पदों पर और भी बहालियां की जाएंगी, जिससे बिहार के युवाओं को रोजगार के और अधिक अवसर मिलेंगे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार निरंतर प्रयासरत है ताकि हर युवा को रोजगार मिल सके और बिहार विकास की नयी ऊंचाइयों को छू सके. रोजगार के इस व्यापक अभियान से राज्य में सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद है.

## न्यूज अपडेट

### रेल मंत्री ने कई रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया

**पटना।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बिहार के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया. उनका दौरा पटना से शुरू हुआ और हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर तथा सोनपुर मंडल के कई स्टेशनों तक पहुँचा. इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल के जनरल मैनेजर, सोनपुर मंडल के डीआरएम और दरभंगा से सांसद गोपाल जी ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे. मंत्री ने सुबह लगभग 10 बजे हाजीपुर जंक्शन का निरीक्षण किया, इसके बाद दिघा घाट स्टेशन पहुँचे. वहां अधिकारियों ने उन्हें लकड़ी की सीढ़ी से ट्रेन में चढ़ने की व्यवस्था दी थी, लेकिन रेल मंत्री ने आम यात्री की तरह खुद ट्रेन में चढ़कर निरीक्षण करना बेहतर समझा. बाद में वे कर्पूरीग्राम स्टेशन पहुँचे, जहां उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.

### भतीजे ने चाचा की गोली मार कर हत्या कर दी

**पटना।** भतीजे ने चाचा की गोली मार कर हत्या कर दी. पूरा मामला धनरूआ थाना क्षेत्र का है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद में हत्या की घटना को अंजाम दिया है. मृतक अजीत मूल रूप से मुस्तफापुर गांव के रहने वाले थे और फिलहाल खगौल के लेखानगर स्थित एक अपार्टमेंट में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे. लेखानगर में ही उनका आरएन नामक स्कूल भी संचालित है. अजीत अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए स्कूटी से गांव जा रहे थे. इसी दौरान डीएवी स्कूल के पास घात लगाए अपराधियों ने सिर में गोली मार दी. गोली लगते ही उनकी स्कूटी दूर जा गिरी और अजीत घटनास्थल पर ही गिर पड़े.

### स्कूली बस खाई में गिरी, कई बच्चे हुए घायल

**भोजपुर।** बहोरनपुर थाना क्षेत्र में बाबा मंदिर के पास एक निजी स्कूल की बस असंतुलित होकर बांध से नीचे खाई में गिर गई. यह हादसा सुबह करीब 7:30 बजे उस समय हुआ जब बस बच्चों को स्कूल ले जा रही थी. हादसे के समय बस में करीब 25-30 बच्चे सवार थे. दुर्घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और शीशे व दरवाजे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला. इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. राहत की बात यह है कि सभी घायल बच्चे खतरे से बाहर हैं. स्कूल प्रशासन ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि वे घायल बच्चों के परिवारों के संपर्क में हैं और हरसंभव मदद कर रहे हैं. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

### एयर इंडिया की फ्लाइट में खराबी, उड़ान हुई रद्द

**पटना।** एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या 2634 को तकनीकी खराबी के चलते रद्द कर दिया गया. यह फ्लाइट सुबह 10:40 पर पटना से दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थी. विमान उड़ान भरने को तैयार था, लेकिन उड़ान से ठीक पहले तकनीकी समस्या सामने आने पर उड़ान को रद्द करना पड़ा. फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई. कई यात्री टिकट काउंटर पर रीशेड्यूलिंग कराने लगे, जबकि कुछ यात्री जो दिल्ली से इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़ने वाले थे, वे खासे परेशान नजर आए. यात्रियों का कहना है कि एयर इंडिया के कर्मचारियों द्वारा कोई उचित समाधान नहीं दिया जा रहा है. यह पहली बार नहीं है जब यात्रियों को एयर इंडिया की सेवाओं से परेशानी हुई हो. 21 जून को भी एक फ्लाइट में यात्रियों को पटना भेज दिया गया था, लेकिन उनके लगेज को विमान में नहीं रखा गया.

### पटना में 8-9 जुलाई को ऑटो चालकों की हड़ताल

**पटना।** ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने 8 और 9 जुलाई को दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है. ऑटो एवं ई-रिक्शा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने यह निर्णय परिवहन विभाग की नीतियों और नए ट्रैफिक नियमों के विरोध में लिया है. इस दौरान करीब 25,000 ऑटो और 15,000 ई-रिक्शा सड़कों से नदारद रहेंगे, जिससे यात्रियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. ऑटो यूनियन के महासचिव राजेश चौधरी ने बताया कि प्रशासन ने उनकी 10 सूत्री मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसमें परमिट पर भारी जुर्माने, रंग-कोडिंग रूट सिस्टम, चार्जिंग प्वाइंट्स की कमी, स्टैंडों पर सुविधाएं और ऐप-बेस्ड टैक्सी सेवाओं पर समान नियम लागू करने की मांग शामिल है. संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन की हड़ताल के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ.

## कारोबार

### डिंग युआनझाओ की कहानी ने खोली जॉब मार्केट की ड्रैगन की सच्चाई

# चीन में बढ़ी शिक्षित बेरोजगारी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वर्तमान समय में भारत समेत दुनियाभर के देश रोजगार सृजन की गंभीर चुनौती से जूझ रहे हैं. विशेष रूप से पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है. यह संकट केवल विकासशील देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि चीन जैसे ताकतवर और विकसित देश में भी इसकी गूंज सुनाई दे रही है. हाल ही में चीन से सामने आई एक चौंकाने वाली घटना ने पूरे देश को सोचने पर विवश कर दिया है. डिंग युआनझाओ नामक एक 39 वर्षीय व्यक्ति, जिसने चीन की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक 'गाओकाओ' में लगभग परफेक्ट स्कोर हासिल किया था और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से लेकर पेकिंग यूनिवर्सिटी तक से उच्च शिक्षा प्राप्त की, आज बीजिंग की सड़कों पर स्कूटर से खाना डिलीवर करने को विवश हैं. डिंग की यह स्थिति चीन के तेजी से बढ़ते शिक्षित बेरोजगारी



संकट का एक जीता-जागता उदाहरण बन गई है.

डिंग का शैक्षणिक रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली है. 2004 में उन्होंने गाओकाओ परीक्षा में लगभग पूर्णांक हासिल कर सिंगहुआ यूनिवर्सिटी से केमिस्ट्री में स्नातक किया. इसके बाद पेकिंग यूनिवर्सिटी से एनर्जी इंजीनियरिंग में मास्टर्स, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (सिंगापुर) से बायोलॉजी में पीएचडी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (ब्रिटेन) से बायोडायवर्सिटी में एक और मास्टर डिग्री प्राप्त की. यह शैक्षणिक पृष्ठभूमि किसी भी व्यक्ति को एक शानदार करियर दिलाने में सक्षम हो सकती थी, लेकिन डिंग की वास्तविकता इससे कोसों दूर है. डिंग युआनझाओ आज उन हजारों युवाओं में शामिल हैं, जिन्हें डिग्री के बावजूद नौकरी नहीं मिल रही. ऐसे युवा अब फूड डिलीवरी, टैक्सी सेवाओं और अन्य गिग इकॉनमी से जुड़े कामों में अपना गुजारा कर रहे हैं. यह इस बात का संकेत है कि चीन में अब पारंपरिक, स्थिर और अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों की उपलब्धता तेजी से घट रही है. इस गंभीर समस्या के पीछे चीन की आर्थिक और सामाजिक संरचनाओं में आ रही गिरावट को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है. अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिबंध, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव के चलते चीन की अर्थव्यवस्था दबाव में है. भारत के खिलाफ छेड़े गए 'प्रॉक्सी वॉर' में पाकिस्तान और अन्य देशों को मोहरा बनाकर चीन ने अपनी स्थिति को और जटिल बना लिया है.

इन तमाम कारणों की वजह से चीन में विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है, निर्यात धीमा हुआ है और उद्योगों में छंटनी शुरू हो गई है. नतीजतन, नए रोजगार के अवसर सीमित हो गए हैं. राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, मई 2025 में 16 से 24 वर्ष के युवाओं (छात्रों को छोड़कर) के बीच बेरोजगारी दर 14.9% दर्ज की गई. यह दर चीन की युवा आबादी में बढ़ते असंतोष और आर्थिक अस्थिरता की तरफ इशारा करती है. डिंग की कहानी एक चेतावनी है कि केवल शिक्षा और डिग्री से ही रोजगार की गारंटी नहीं मिलती. यदि अर्थव्यवस्था स्थिर न हो और रोजगार नीति में संरचनात्मक सुधार न किए जाएं, तो पढ़े-लिखे लोग भी सड़कों पर आ सकते हैं.

### जैसे को तैसा | ओटावा से बीजिंग तक कई देश ट्रंप की नीतियों से असहमत हैं

# ट्रेड वॉर नीति और अंबानी की एंट्री

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" (मागा) का नारा बुलंद किया था. लेकिन चुनाव जीतने के बाद उनकी नीतियां उलटी दिशा में जाती दिखीं. ट्रंप ने विभिन्न देशों पर टैरिफ लगाकर एक वैश्विक ट्रेड वॉर की शुरुआत कर दी, जिससे कई देश नाराज हो गए. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट बताती है कि ओटावा से बीजिंग तक, कई देश ट्रंप की नीतियों से असहमत हैं. बावजूद इसके, इस टकराव ने अमेरिका को कुछ नए व्यापारिक साथी भी दिए हैं—जिनमें भारत और एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति



मुकेश अंबानी प्रमुख हैं. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मालिक मुकेश अंबानी ने अमेरिका से आने वाले माल का स्वागत करने की तैयारी कर ली है. यह वही माल है जो पहले चीन भेजा जा रहा था, लेकिन अब भारत की ओर मोड़ दिया गया है. इस माल में एथेन गैस शामिल है, जो रंगहीन और गंधहीन होती है और प्राकृतिक गैस का एक अहम हिस्सा मानी जाती है. इसे ठंडा कर तरल रूप में जहाजों में भरकर भेजा जाता है. अमेरिका के गल्फ कोस्ट से एक जहाज एसटीएल क्विनजियांग एथेन लेकर गुजरात के दाहेज में स्थित अंबानी के टर्मिनल की ओर रवाना हो चुका है. दाहेज में रिलायंस की एथेन क्रैकर यूनिट स्थित है, जहां एथेन से एथिलीन बनाई जाती है. एथिलीन प्लास्टिक के विभिन्न उत्पादों के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक होती है. इस यूनिट की स्थापना रिलायंस ने 2017 में की थी. उस समय कंपनी ने बताया था कि वह नॉर्थ अमेरिका से बड़े पैमाने पर एथेन आयात करने वाली दुनिया की पहली कंपनी बन गई है. अब जब अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक समझौते को लेकर बातचीत हो रही है, तो यह एथेन डील भारत के लिए एक उपयोगी सौदा बन सकती है. भारत के अधिकारी अमेरिका से कह सकते हैं कि 43 अरब डॉलर के व्यापार घाटे को लेकर ज्यादा चिंता न करें.

### दिल्ली में भूटान-नेपाल की बीयर का बढ़ता दबदबा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी और उमस के बीच शराब के शौकीनों को अपनी पसंदीदा बीयर नहीं मिल पा रही है. साउथ, नॉर्थ, ईस्ट और वेस्ट दिल्ली के ठेकों पर किंगफिशर, बडवाइजर, ट्यूबॉर्ग, हेवर्ड्स, कार्ल्सबर्ग और हंटर जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स का स्टॉक खत्म हो चुका है. इस वजह से लोग नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे पड़ोसी शहरों का रुख कर रहे हैं. दिल्ली में शराब अब केवल सरकारी दुकानों पर ही उपलब्ध है, जहां दुकानदारों का कहना है कि वे यह तय नहीं करते कि कौन-से ब्रांड स्टॉक होंगे, बल्कि यह निर्णय सरकारी कंपनियों का होता है.

### ट्रैफिक जाम से बचाव के लिए नई एलिवेटेड रोड योजना

**नयी दिल्ली।** मुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या कम करने के लिए सरकार ने एक महत्वपूर्ण योजना बनाई है. हाजी अली स्थित कोस्टल रोड के एंट्री/एग्जिट पॉइंट को परेल की ओर जाने वाले सेनापति बापट मार्ग से जोड़ने के लिए 1.5 किलोमीटर लंबा छह लेन वाला एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा. इस परियोजना पर लगभग 250 से 300 करोड़ का खर्च आएगा.

### एचडीएफसी ने एमसीएलआर घटाई, ईएमआई होगी कम

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने करोड़ों ग्राहकों को बड़ी राहत दी है. बैंक ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में 0.30% की कटौती की है. यह कटौती 7 जुलाई 2025 से प्रभावी हो गई है. बैंक ने ओवरनाइट, एक महीने, तीन महीने, छह महीने, एक साल, दो साल और तीन साल की सभी अवधियों के लिए एमसीएलआर घटा दी है. इस फैसले का सीधा फायदा उन ग्राहकों को मिलेगा जिनके लोन फ्लोटिंग रेट पर आधारित हैं. इसमें होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन शामिल हैं. एमसीएलआर घटने से इन लोन की ब्याज दरें कम हो जाएंगी, जिससे मासिक किस्त यानी इएमआई में भी कमी आएगी.

### आरबीआई ने तीन सहकारी बैंकों पर लगाए सख्त प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन सहकारी बैंकों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कई प्रतिबंध लगाए हैं. यह आदेश 4 जुलाई 2025 से प्रभावी हुआ है और अगले 6 महीनों तक लागू रहेगा. इस अवधि में इनोवेटिव को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड (दिल्ली), द इंडस्ट्रियल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (गुवाहाटी) और द सहकारी बैंक लिमिटेड (मुंबई) अपने सामान्य बैंकिंग कार्य नहीं कर सकेंगे. आरबीआई ने इन बैंकों का लाइसेंस रद्द नहीं किया है, बल्कि अस्थायी रूप से उनके कामकाज पर रोक लगाई है. ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि दो बैंकों के ग्राहक केवल सीमित राशि ही निकाल सकेंगे, जबकि एक बैंक में निकासी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी.

### शुभमन गिल ने बल्ले और कमाई से मचाया धमाल

**नयी दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम शुभमन गिल खेल में न केवल रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बना रहे हैं, बल्कि कमाई के मामले में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. साल 2025 में उनकी नेट वर्थ करीब 34 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. उनकी मासिक कमाई 50 लाख रुपये से अधिक है, जबकि सालाना आमदनी 4 से 7 करोड़ रुपये के बीच है. गिल आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं, जहां उन्हें प्रति सीजन 16.5 करोड़ रुपये मिलते हैं. साथ ही वे बीसीसीआई के ग्रेड-ए कॉन्ट्रैक्ट में भी शामिल हैं, जिससे उन्हें सालाना 7 करोड़ रुपये की आय होती है. ब्रांड एंडोर्समेंट्स से भी उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा आता है. शुभमन के पास कई महंगी लग्जरी कारें हैं. उनके पिता लखविंदर सिंह ने बचपन से ही उन्हें क्रिकेटर बनाने का सपना देखा था. उन्होंने खेत में ही पिच बनाकर शुभमन को अभ्यास कराया और फिर मोहाली में किराए पर रहकर पीसीए एकेडमी में दाखिला दिलवाया. शांत स्वभाव वाले शुभमन बल्लेबाजी के दौरान बेहद आक्रामक नजर आते हैं.

### निसान ने 6 नए राज्यों में शुरू किया दूसरा चरण

**नयी दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है. सीएनजी वाहनों की मांग में लगातार वृद्धि को देखते हुए अब यह सुविधा राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में निसान की अधिकृत डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगी. इससे पहले कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर सहित 7 राज्यों में पहले चरण की शुरुआत की थी. अब दूसरे चरण के साथ यह सेवा कुल 13 राज्यों में पहुंच गई है, और कंपनी जल्द ही तीसरे चरण की योजना पर काम कर रही है. यह सीएनजी किट सरकार द्वारा प्रमाणित थर्ड पार्टी वेंडर मोटोजेन द्वारा तैयार और निर्मित की गई है. 74,999 रुपये की कीमत वाली यह किट नई मैग्नाइट के 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन (मैनुअल ट्रांसमिशन) वैरिएंट के लिए उपलब्ध होगी. कंपनी इस पर 3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी दे रही है.

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने रिकॉर्डतोड़ बिक्री दर्ज की

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने जनवरी से जून 2025 के बीच अब तक की सबसे अधिक कार डिलीवरी करते हुए एच1 (पहली छमाही) में जबरदस्त प्रदर्शन किया है. इस अवधि में कंपनी ने कुल 7,774 कारें (बीएमडब्ल्यू और मिनी मिलाकर) और 2,569 मोटरसाइकिलें बेचीं. इनमें 7,477 बीएमडब्ल्यू ब्रांड की और 297 मिनी कारें शामिल हैं. अप्रैल से जून की दूसरी तिमाही में कंपनी ने हर महीने अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की. कंपनी के प्रेसिडेंट और सीईओ विक्रम पावाह ने कहा कि पहली तिमाही की मजबूत शुरुआत के बाद हमने एच1 में भी बेहतरीन नतीजे हासिल किए हैं. चुनौतियों के बावजूद, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कुल 10% की वृद्धि दर्ज करते हुए लग्ज़री सेगमेंट में नए अवसरों को तेजी से अपनाया है. इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर कंपनी का फोकस निर्णायक साबित हो रहा है, जिससे बीएमडब्ल्यू भारत में सबसे अधिक पसंद किया जाने वाला लग्ज़री ईवी ब्रांड बन गया है.

### शक्ति पम्प्स ने क्यूआईपी से जुटाए 292.60 करोड़

**नयी दिल्ली।** शक्ति पम्प्स (इंडिया) लिमिटेड ने सफलतापूर्वक 292.60 करोड़ की पूंजी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से जुटाई है. इस इश्यू को प्रमुख नए और मौजूदा इंस्टिट्यूशनल निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जो कंपनी के भविष्य और प्रदर्शन में विश्वास को दर्शाता है. कंपनी इस पूंजी का उपयोग मध्य प्रदेश के पीथमपुर में सोलर डीसीआर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माण के लिए अत्याधुनिक प्लांट की स्थापना में करेगी. यह परियोजना शक्ति पम्प्स की सहायक कंपनी, शक्ति एनर्जी सोल्यूशन्स लिमिटेड, द्वारा संचालित की जाएगी और इसकी उत्पादन क्षमता 2.20 गीगावॉट होगी. इस परियोजना से कंपनी की बैकवर्ड इंटीग्रेशन रणनीति को मजबूती मिलेगी और पूरी वैल्यू चेन पर बेहतर नियंत्रण प्राप्त होगा, जिससे दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित होंगे. क्यूआईपी इश्यू की कीमत 918 प्रति शेयर तय की गई, जो सेबी द्वारा निर्धारित फ्लोर प्राइस 965.96 से 4.97% कम है. इस राशि से कंपनी की वित्तीय स्थिति और सुदृढ़ होगी और यह रणनीतिक योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देगी.

## एजबेस्टन टेस्ट के बाद बोले टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल

# गेंदबाज़ों ने की मदद, नहीं तो खेल का मजा नहीं

**एजेंसी। एजबेस्टन**



एजबेस्टन टेस्ट में बतौर कप्तान पहली जीत दर्ज करने के बाद भी शुभमन गिल ने कहा कि जब गेंदबाज़ों को मदद नहीं मिलती और खेल पूरी तरह बल्लेबाज़ों के पक्ष में झुक जाता है, तो टेस्ट क्रिकेट अपनी असली भावना खो देता है.भारत ने इंग्लैंड को 336 रनों से हराकर सीरीज़ 1-1 से बराबर कर ली. गिल ने इस मैच में 269 और 161 रनों की दो शानदार पारियां खेलीं और कुल 430 रन बनाए. लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कहा कि फ्लैट पिच और जल्दी नरम हो रही ड्यूक गेंद के कारण गेंदबाज़ी बेहद मुश्किल हो गई थी.मैच के बाद गिल ने कहा, बॉल बहुत जल्दी सॉफ्ट और आउट ऑफ शेप हो रही है. पता नहीं मौसम की वजह से या पिच की वजह से, लेकिन गेंदबाज़ों के लिए विकेट लेना बहुत मुश्किल हो रहा है.उन्होंने कहा, अगर सिर्फ 20-30 ओवर ही मदद मिलती है और बाकी दिन रन रोकने की सोचते रहना पड़े, तो फिर खेल का मज़ा ही नहीं रह जाता. बैट और बॉल के बीच बैलेंस बहुत ज़रूरी है.

**आकाश दीप और सिराज की तारीफ :** गिल ने इस टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज़ गेंदबाज़ों आकाश दीप और मोहम्मद सिराज की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा,दोनों ने मिलकर 16-17 विकेट लिए, जो कि बुमराह भाई के बिना बहुत बड़ी बात है. बहुत लोगों को शक था कि हम 20 विकेट निकाल पाएंगे या नहीं, लेकिन इन दोनों ने कमाल कर दिया.उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा की भी सराहना की, जिन्होंने आखिरी दिन पहली स्पेल में शानदार गेंदबाज़ी की, हालांकि उन्हें विकेट नहीं मिला.

### इंग्लैंड की फ्लैट पिचों पर गिल ने ली चुटकी

गिल ने मज़ाक में कहा कि इंग्लैंड शायद अब इतनी फ्लैट पिच दोबारा नहीं बनाएगा. उन्होंने कहा कि भारत को टेस्ट में लंबे समय तक बल्लेबाज़ी करने का फायदा मिला .गिल ने कहा,अब तक जितने भी दिन खेले गए हैं, उनमें से ज़्यादातर दिन हम बल्लेबाज़ी कर रहे थे, जो हमारे लिए अच्छा है. अगर हम लगातार 300-400 रन बना सके, तो हम हर मैच में बने रहेंगे .गिल ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ सातवें विकेट के लिए हुई अहम शतकीय साझेदारी का ज़िक्र भी किया और बताया कि वही साझेदारी टीम की बढ़त को मनोवैज्ञानिक रूप से मज़बूत बना गई.

# विदेश में रनों के लिहाज से भारत की टेस्ट में पांच सबसे बड़ी जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारत ने एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से मात दी. यह विदेशी सरजमीं पर रनों के लिहाज से टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत रही. आइए, टेस्ट इतिहास में विदेशी धरती पर रनों के आधार पर भारत की सबसे बड़ी पांच जीत के बारे में जानते हैं.

**336 रन बनाम इंग्लैंड:** बर्मिंघम में 2-6 जुलाई 2025 के बीच खेले गए इस मुकाबले की पहली पारी में टीम इंडिया ने 587 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड 407 रन ही बना सका. टीम इंडिया ने अगली पारी 427/6 के स्कोर पर घोषित की और इंग्लैंड को उसकी दूसरी पारी में 271 रन पर समेट दिया.318 रन बनाम वेस्टइंडीज: नॉर्थ साउंड में 22-25 अगस्त 2019 के बीच यह मुकाबला खेला गया था, जिसकी पहली पारी में भारत ने 297 रन बनाए. इसके जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 222 रन पर सिमट गई. टीम इंडिया ने दूसरी पारी 343/7 के स्कोर पर घोषित की और वेस्टइंडीज को महज 100 रन पर समेटकर मैच जीत लिया.304 रन बनाम श्रीलंका: गाले में यह मैच 26-29 जुलाई 2017 के बीच खेला गया था. टीम इंडिया ने शिखर धवन (190) और चेतेश्वर पुजारा (153) की पारियों के दम पर 600 रन जड़ दिए. इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 291 रन पर सिमट गई. भारत ने दूसरी पारी 240/3 के स्कोर पर घोषित की और मेजबान टीम को 245 रन पर ऑल आउट कर दिया.

**295 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया :** 22-25 नवंबर 2024 के बीच यह मुकाबला पर्थ में खेला गया था, जिसकी पहली पारी में भारत ने महज 150 रन बनाए. सभी को लग रहा था कि मैच ऑस्ट्रेलिया की पकड़ में है, लेकिन मेजबान टीम की पहली पारी 104 रन पर ही सिमट गई. इसके बाद भारत ने दूसरी पारी 487/6 पर घोषित की और ऑस्ट्रेलिया को 238 रन पर ढेर कर दिया.279 रन बनाम इंग्लैंड: यह मैच लीड्स में 19-23 जून 1986 के बीच खेला गया था, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 272 रन बनाए. इसके बाद उसने इंग्लैंड को 102 रन पर समेट दिया.

# आईसीसी के नए सीईओ नियुक्त हुए संजोग गुप्ता

**एजेंसी। दुबई**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को संजोग गुप्ता को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) नियुक्त किया है. वह आईसीसी के सातवें सीइओ बनेंगे. संजोग गुप्ता, खेल और मीडिया जगत में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले, भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स मीडिया नेतृत्वकर्ताओं में गिने जाते हैं. वह आज पदभार ग्रहण करेंगे और आईसीसी के सातवें सीईओ बनेंगे.वर्तमान में जियोस्टार के सीइओ –स्पोर्ट्स एंड लाइव एक्सपीरियंस के रूप में कार्यरत संजोग को खेल रणनीति, कमर्शियल डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी इनोवेशन में महारत हासिल है. उन्हें भारत में आधुनिक खेल इकोसिस्टम का प्रमुख शिल्पकार माना जाता है.आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि संजोग गुप्ता को आईसीसी का सीइओ नियुक्त किया गया है. उनका वैश्विक खेल और मीडिया क्षेत्र का अनुभव, खेल को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने में बेहद उपयोगी साबित होगा. उनका तकनीक के प्रति रुझान और फैन-फर्स्ट सोच हमें पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकलकर क्रिकेट को ओलंपिक जैसे मंचों तक ले जाने में मदद करेगा.जय शाह ने बताया कि इस पद के लिए कई शानदार नामों पर विचार किया गया, लेकिन नामांकन समिति ने सर्वसम्मति से संजोग गुप्ता के नाम की सिफारिश की, जिसे आईसीसी बोर्ड ने मंजूरी दी.

**2500 से अधिक वैश्विक आवेदकों में चुने गए संजोग :** मार्च 2025 में शुरू हुई इस वैश्विक चयन प्रक्रिया में 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए. इनमें खेल प्रशासन, मीडिया, और अन्य कॉर्पोरेट क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे. आईसीसी की एचआर एवं पारिश्रमिक समिति ने 12 शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों की प्रोफाइल नामांकन समिति को भेजी, जिसमें बीसीसीआई,इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी), श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और आईसीसी के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे.नियुक्ति के बाद संजोग गुप्ता ने कहा, यह मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि मुझे ऐसे समय आईसीसी का नेतृत्व करने का अवसर मिला जब क्रिकेट वैश्विक स्तर पर तेज़ी से फैल रहा है. लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और तकनीक की तेजी से हो रही प्रगति इस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है.

## विंबलडन 2025 में उलटफेर का दौर जारी,जैस्मिन पाओलिनी बाहर

# कार्लोस अल्कराज क्वाफा में, रूबलेव को दी शिकस्त

**एजेंसी। लंदन**

दूसरे वरीय स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज़ ने रविवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में रूस के आंद्रेई रूबलेव को एक कड़े मुकाबले में 6-7(5), 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया.

इस जीत के साथ अल्कराज़ ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार 22वीं जीत दर्ज की और लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतने की उम्मीदें बरकरार रखीं. मैच की शुरुआत में अल्कराज़ थोड़े संघर्ष में दिखे, और रूबलेव ने पहले सेट में उन्हें 4-1 की बढ़त के साथ चौंका दिया. हालांकि, अल्कराज़ ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रूबलेव ने शानदार खेल दिखाते हुए टाईब्रेक में पहला सेट अपने नाम कर लिया.दबाव में होने के बावजूद अल्कराज़ ने संयम बनाए रखा और दूसरे सेट में रूबलेव की एक डबल फॉल्ट का फायदा उठाते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया. तीसरे सेट में रूबलेव ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ब्रेक प्वाइंट्स को भुना नहीं पाए, जबकि अल्कराज़ ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सेट अपने नाम किया.चौथे सेट में अल्कराज़ पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए. उन्होंने एक अहम ब्रेक हासिल किया और फिर बिना कोई गलती किए मैच को अपने पक्ष में खत्म कर दिया.अब क्वार्टरफाइनल में अल्कराज़ का सामना ब्रिटेन के कैमरन नॉरी से होगा, जो घरेलू दर्शकों के बीच एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद जगा रहा है.इस जीत के साथ अल्कराज़ एक बार फिर साबित कर चुके हैं कि वह ग्रास कोर्ट के बादशाह बनते जा रहे हैं, और उनका तीसरा विंबलडन खिताब अब ज्यादा दूर नहीं दिखता.विंबलडन 2025 के तीसरे दिन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटिश एमेच्योर खिलाड़ी ऑलिवर टारवेट को सीधे सेटों में 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बना ली है.डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज ने वर्ल्ड रैंकिंग 733वें नंबर के टारवेट को सिर्फ दो घंटे 17 मिनट में हरा दिया. अल्काराज ने लगातार 20 मैच जीते हैं, जिसमें रोम मास्टर्स, फ्रेंच ओपन और क्वींस क्लब के खिताब शामिल हैं.



### लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतने का टारगेट

अल्काराज का टारगेट लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतना है. ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ओपन एरा में लगातार तीन विंबलडन खिताब जीत चुके हैं.रोजर फेडरर ने सबसे ज्यादा 8 बार विंबलडन खिताब अपने नाम किया है. उसके बाद 7-7 विंबलडन खिताब जीतने का कारनामा पीट सम्प्रास और नोवाक जोकोविच कर चुके हैं.

### आर्यना सबालेंका ने भी अपना मैच जीत लिया

विमेंस सिंगल्स में आर्यना सबालेंका ने 48वीं रैंक की मैरी बौजकोवा को 7-6 (7/4), 6-4 को हराकर अगले दौर में जगह बनाई. 95 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका ने 41 विनर लगाए.

**जैस्मिन पाओलिनी उलटफेर की हुई शिकार :** टूर्नामेंट की चौथी सीड जैस्मिन पाओलिनी उलटफेर का शिकार हो गईं. वर्ल्ड रैंकिंग 62वें नंबर की रूसी खिलाड़ी कमिला राखिमोवा ने 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया. ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया. उनका अगला मुकाबला टूर्नामेंट की टॉप सीड सबालेंका से होगा.

## ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज पर किया कब्जा

# वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 133 रन से हरा दिया



**एजेंसी। ग्रेनेडा**

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 133 रन से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़ में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली.ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन की शुरुआत 221/7 के स्कोर से की और केवल 22 रन जोड़ते हुए 243 पर ऑलआउट हो गई. हालांकि यह बढ़त उनके गेंदबाज़ों के लिए पर्याप्त साबित हुई.दिन की शुरुआत वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ के धमाकेदार गेंद से हुई, जिन्होंने पैट कमिंस को पवेलियन भेजा. इसके बाद एलेक्स कैरी को भी उन्होंने एलबीडब्ल्यू आउट किया. जोश हेज़लवुड को अल्ज़ारी जोसेफ ने बोल्ड कर ऑस्ट्रेलियाई पारी समाप्त की. वेस्टइंडीज को 277 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ों के सामने उनकी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई.जोश हेज़लवुड ने महज़ आठ गेंदों में जॉन कैंपबेल को पगबाधा आउट कर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया. इसके बाद मिशेल स्टार्क ने कीसी कार्टर को कैरी के हाथों कैच कराया. ब्रैंडन किंग ने आते ही तीन चौके जड़े, लेकिन कप्तान क्रेग ब्रैथवेट को ब्यू वेबस्टर ने अपना शिकार बनाया.किंग भी ज्यादा देर नहीं टिक पाए और पैट कमिंस की गेंद पर उनकी गिल्लियां बिखर गईं. स्कोर जल्द ही 33/4 हो गया. दोपहर के बाद शाई होप और रोस्टन चेज़ ने कुछ संघर्ष दिखाया लेकिन हेज़लवुड ने होप को आउट कर साझेदारी तोड़ी. चार ओवर बाद चेज़ भी चलते बने और वेस्टइंडीज की हार तय हो गई.अंत में अल्ज़ारी जोसेफ, शमार जोसेफ और जेडन सील्स ने मिलकर छह छक्के जरूर लगाए लेकिन हार की मार्जिन को ज्यादा नहीं घटा सके. नाथन लायन ने इन तीनों को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी को महज 143 रन पर समेट दिया. मेज़बान टीम की दूसरी पारी सिर्फ 35 ओवर में सिमट गई.

**संक्षिप्त स्कोर**

**ऑस्ट्रेलिया :** 286और 243
**वेस्टइंडीज :** 253 और 143

# वॉशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क को 6 विकेट से हराया

- टॉप-2 में किया स्थान पक्का

**एजेंसी। लाडरहिल**



वॉशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ सोमवार (भारतीय समयानुसार)अपने आखिरी लीग मुकाबले में 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली. बारिश के कारण 18 ओवर प्रति पारी के इस मुकाबले में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए.बारिश के चलते टॉस में देरी हुई, जिसके बाद वॉशिंगटन ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया. एमआई न्यूयॉर्क की शुरुआत बेहद खराब रही और कप्तान निकोलस पूरन व मोनांक पटेल पहले तीन ओवरों में ही पवेलियन लौट गए. हालांकि कुंवरजीत सिंह ने 33 रनों की संयमित पारी खेली, लेकिन मिडिल ऑर्डर पूरी तरह से लड़खड़ा गया. ग्लेन मैक्सवेल ने तजिंदर ढिल्लों और शरद लुंबा को लगातार गेंदों पर आउट कर पारी को झकझोर दिया. इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने भी दो विकेट लेकर एमआई न्यूयॉर्क की कमर तोड़ दी. टीम निर्धारित 18 ओवरों में 112/8 का ही स्कोर बना सकी.लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉशिंगटन फ्रीडम की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही और मिशेल ओवेन जल्दी आउट हो गए. लेकिन एंड्रिस गौस (नाबाद 46 रन, 34 गेंद) ने एक छोर संभाले रखा. बीच के ओवरों में मार्क चैपमैन ने 18 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर रन गति को तेज किया.

# एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए आशीष मलेशिया रवाना

**एजेंसी। मुरादाबाद**



जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी आशीष सिंह का चयन बीते दिनों 6वीं कैडेट एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए भारतीय ताइक्वांडो टीम में हुआ था. यह प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक मलेशिया के कुचिंग शहर में आयोजित होगी.आशीष सिंह सोमवार का मलेशिया के लिए रवाना हुआ. इस दौरान जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व कोच शाहवेज़ अली के साथ पदाधिकारी डॉ. जी कुमार, डॉ.विनोद कुमार, डॉ.अजय शर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा, केशव थापा, सुमित शर्मा, शोभित भारद्वाज, अरविंद सिंह, संदीप कुमार, अर्जुन थापा आदि ने आशीष को रवाना होने के दौरान शुभकामनाएं दी.जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व कोच शाहवेज़ अली ने बताया कि आशीष सिंह ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था. जिसके आधार पर 22 जून से 24 जून तक जालंधर कैंट में स्थित लवली प्रोविजनल यूनिवर्सिटी में 6वीं कैडेट एशियन ताइक्वांडो सिलेक्शन ट्रायल कराए गए. ट्रायल में स्वर्ण पदक विजेता को भारतीय टीम में चयनित किया गया. उन्होंने बताया कि आशीष सिंह पिछले पांच वर्षों से आरएसडी एकेडमी में संचालित साईं ताइक्वांडो एकेडमी में अभ्यास कर रहा है और मेरे नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है.

## कजाकिस्तान के अस्ताना में विश्व मुक्केबाजी कप

# साक्षी ने भारत को दिलाया पहला स्वर्ण

**एजेंसी। अस्ताना**



कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रही विश्व मुक्केबाजी कप में दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने 54 किग्रा वर्ग का फाइनल जीतकर देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया.भारतीय मुक्केबाजी दल ने अस्ताना में शानदार प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें एक पदक को साक्षी ने गोल्ड में बदला है.

चौबीस साल की साक्षी ने अमेरिका की योसलाइन पेरेज को हराकर स्वर्ण पदक जीता.पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया. लेकिन, साक्षी एकमात्र मुक्केबाज रहीं, जो देश को गोल्ड दिलाने में सफल रहीं.इससे पहले, मीनाक्षी को 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी नाजिम काइजाइबे के खिलाफ खिलाफ 3:2 के फैसले से हार का सामना करना पड़ा.जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे.जुगनू को कजाकिस्तान की बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0:5 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि पूजा को ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट के खिलाफ इसी स्कोर से हार का सामना करना पड़ा.शाम के सत्र में चार और भारतीय स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (70 किग्रा) अग्रणी होंगे. साथ ही अविनाश जामवाल (65 किग्रा), जैस्मीन ( 57 किग्रा) और नूपुर ( 85+ किग्रा) भी शामिल होंगे.शाम के सत्र में भारत के चार रजत पदक तो पक्के हैं, लेकिन मुक्केबाजों से उम्मीद है कि वे चांदी को सोने में बदलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे.

**शतरंज** | कार्लसन ने जीता ग्रैंड चेस टूर 2025 का खिताब

# गुकेश तीसरे स्थान पर और प्रज्ञानानंद नौवें पर रहे

**एजेंसी। ज़ाग्रेब**




वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) ने ग्रैंड चेस टूर 2025 रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया. मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने तीसरे स्थान के साथ प्रतियोगिता का समापन किया, जबकि भारत के आर. प्रज्ञानानंद नौवें स्थान पर रहे.कार्लसन ने अंतिम ब्लिट्ज मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी इवान सारिच को हराकर कुल 22.5 अंकों के साथ खिताब पर कब्जा जमाया. यह उनका लगातार छठा जीसीटी रैपिड और ब्लिट्ज खिताब है. रैपिड चरण में 10 अंक लेने के बाद कार्लसन ने ब्लिट्ज में 18 राउंड से 12.5 अंक जुटाए और वेस्ली सो पर 2.5 अंकों की बढ़त के साथ जीत हासिल की.वहीं, गुकेश ने रैपिड चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया था, लेकिन ब्लिट्ज में उनका प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा. 18 ब्लिट्ज राउंड में उन्होंने केवल 5.5 अंक जुटाए. अंतिम गेम में उन्होंने हमवतन प्रज्ञानानंद के खिलाफ ड्रॉ खेला और कुल 19.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे.दूसरी ओर, प्रज्ञानानंद पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष करते नजर आए और 15 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहे.

### ग्रैंड चेस टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज 2025 जाग्रेब – शीर्ष 3 स्थान

1. मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) – 22.5 अंक
2. वेस्ली सो (अमेरिका) – 20 अंक
3. डी. गुकेश (भारत) – 19.5 अंक

## भारतीय महिला टीम ने एएफसी कप क्वालीफाई किया

# एआईएफएफ ने 42.75 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियन कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने पर 50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 42.75 लाख) के इनाम की घोषणा की.महिला टीम' ने शनिवार को ग्रुप स्टेज के अंतिम मुकाबले में मेज़बान और उच्च रैंकिंग वाली थाईलैंड की टीम को 2-1 से हराकर अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एशियन कप के लिए क्वालीफाई किया.इससे पहले भारत ने मंगोलिया को 13-0, तिमोर-लेस्ते को 4-0 और इराक को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी.एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, हालांकि मैदान पर नतीजे एकतरफा लग सकते हैं, लेकिन ये पिछले कुछ वर्षों की निरंतर योजना और विकासात्मक प्रयासों का परिणाम हैं. इस सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं था—यह एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण और संरचित तैयारी का परिणाम है.टीम के लिए फारवर्ड प्यारी शाशा सबसे ज़्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं. उन्होंने मंगोलिया के खिलाफ पहले ही मुकाबले में पांच गोल किए.

## ब्रीफ न्यूज

### करंट की चपेट में आने से एक की मौत

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र के चंदवारा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत चिलोड़ीह गांव में सोमवार को लगभग 3:00 बजे करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान मुंशी साव (52 वर्ष), पिता स्व. मेधु साव, ग्राम चिलोडीह के रूप में की गई. मिली जानकारी के अनुसार मुंशी साव अपने घर चीलोडीह में बाथरूम का काम कर रहे थे. दीवार में पानी देने के लिए कुआं पर मोटर लगाने के दौरान करंट लग गई. गांव वाले व परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया.

### सीएसएच साइलेंट जनरेटर पावर शो रुम का उद्घाटन

**रामगढ़।** शहर के मुर्रामकला बैंक ऑफ इंडिया के निकट जेपी इंटरप्राइजेज शोरुम में अशोक लीलैंड सीएसएच साइलेंट जनरेटर (ले पावर) का शुभारंभ किया गया. शोरूम का उद्घाटन सोमवार को एसडीओ अनुराग तिवारी ने फीता काटकर किया. इसके बाद एसडीओ का शॉल ओढ़कर और बुके देकर शो रुम के संचालक ने स्वागत किया। मौके पर जेपी इंटरप्राइजेज के संचालक अजय कुमार महतो ने बताया कि पांच उनके यहां पांच केवी से लेकर 250 केवी तक साइलेंट डिजी सेट उपलब्ध है. इन सभी जनरेटरों में पांच साल की गारंटी ग्राहकों को दिया जा रहा है.उन्होंने बताया कि साल में एक बार ग्राहकों को होम सर्विस दिया जा रहा है.

### डीसी ने बताया बच्चों को सीपीआर देने का तरीका

**रामगढ़।** जिले में आपदा मित्र तैयार किए जा रहे हैं. मेडिकल इमरजेंसी के दौरान जब तक चिकित्सकों की टीम नहीं पहुंचती, तब तक आम नागरिक एक दूसरे की सहायता कर सके, यह बेहद जरूरी है. सहायता देने के लिए तकनीकी ज्ञान होना भी बेहद आवश्यक है. यह बातें सोमवार को रामगढ़ टाउन हॉल में डीसी फ़ैज़ अक अहमद मुमताज ने कही.उपायुक्त फर्स्ट एड के मास्टर ट्रेनर की टीम को प्रशिक्षण दे रहे थे. उन्होंने कहा कि कार्डियक अरेस्ट के दौरान अगर मरीज को गोल्डन ऑवर में सीपीआर दे दिया जाए तो उसके बचने की संभावना कई गुना अधिक बढ़ जाती है.

## कोडरमा स्टेशन पहुंची आठ बोगी वाली लाइफ लाइन एक्सप्रेस

# 11 से 30 जुलाई तक लोगों के स्वास्थ्य की होगी जांच

**शुभम संदेश ।कोडरमा**




देश की पहली और एकमात्र हॉस्पिटल ट्रेन लाइफ लाइन एक्सप्रेस कोडरमा पहुंच चुकी है. 11 जुलाई से इस हॉस्पीटल ट्रेन के जरिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएगी. लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन को कोडरमा जंक्शन के आउटर एरिया में खड़ा किया गया है.

इसके अलावा ट्रेन से सटे सीएच स्कूल परिसर में ओपीडी बनाया जाएगा. आठ बोगी वाले इस ट्रेन में ऑपरेशन थिएटर के अलावे अलग-अलग विभाग के जांच लैब और केयर यूनिट भी हैं.भारत सरकार के स्वास्थ्य और रेल मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन को इस ट्रेन के जरिए स्थानीय लोगों को फ्री और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने की जिम्मेदारी दी गई है. यह ट्रेन कोडरमा जंक्शन के आउटर में 11 से 30 जुलाई तक खड़ी रहेगी. कोडरमा के स्वास्थ्य विभाग को भी लाइफ लाइन एक्सप्रेस के चिकित्सकों को सहयोग करने की जिम्मेदारी दी गई है.लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के कोडरमा पहुंचने के बाद एसडीओ रिया सिंह की अगुवाई में तमाम आला अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया. लाइफ लाइन एक्सप्रेस से सटे सीएच स्कूल में बने ओपीडी तक मरीज को लाने और ले जाने के लिए अस्थाई सड़क का भी निर्माण किया जा रहा है. जिससे मरीजों को ट्रेन से ओपीडी तक पहुंचाने में आसानी हो सके.एसडीओ रिया सिंह ने कोडरमा के लोगों से इस हॉस्पिटल ट्रेन के जरिए मिलने वाली फ्री स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेने की अपील की है.

एसडीओ ने कहा कि इस हॉस्पिटल ट्रेन में आंख, कान, दांत और ऑर्थोपेडिक समेत कई तरह की सर्जरी होगी. उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था 11 से 30 जुलाई तक अलग-अलग तरह की जांच अलग-अलग दिन में होगी. एसडीओ ने सभी लोगों से अपील की है कि जिस दिन जो जांच करवानी है सेंटर पर जरूर पहुंचे.लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर कोडरमा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम केंद्रीय टीम को सहयोग और स्थानीय स्तर पर सुविधा प्रदान करने का काम करेगी. सिविल सर्जन ने कहा कि बड़े लेवल पर आंख के मरीजों के लिए शिविर लगाया गया है. इसके साथ ही नाक और कान का भी इलाज किया जाएगा. उन्होंने बताया कि कोडरमा के लोग लाइफ लाइन ट्रेन के जरिए बड़ी संख्या में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले सकते हैं.

## कोडरमा में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी चालित ट्राइसाइकिल व शैक्षणिक सामग्री का वितरण

# बच्चों के शुरुआती 1000 दिन बेहद अहम : अन्नपूर्णा देवी




**शुभम संदेश ।कोडरमा**

जिला प्रशासन , सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और यूनिसेफ के सीएसआर योजना के तहत सोमवार को बिरसा सांस्कृतिक भवन में दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, स्कूल बैग, एजुकेशनल डेस्क तथा प्री-स्कूल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी थीं. उनके साथ उपायुक्त ऋतुराज, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन समेत कई अधिकारी मौजूद थे. दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई.

**समाज कल्याण योजनाओं की दी जानकारी :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक कुमारी तिर्की ने स्वागत भाषण में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल सहित सहायक उपकरण, आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्री-स्कूल किट, और बच्चों को स्कूल बैग व एजुकेशनल डेस्क वितरित किए गए.

**शिक्षा व पोषण पर विशेष जोर:** अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र सरकार की प्राथमिकता है, ताकि बच्चों को विकास के लिए बेहतर आधार मिल सके. उन्होंने कहा कि बच्चों के पहले 1000 दिन उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए सबसे अहम होते हैं.उपायुक्त ऋतुराज ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पोषण वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्रों के सुधार पर विशेष कार्य हो रहा है. जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और प्रशासन के कार्यों की सराहना की.इस मौके पर यूनिसेफ प्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य लोग उपस्थित रहे.

### स्टेशनों की समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के परसाबाद, सरमाटांड, हीरोडीह रेलवे स्टेशन एवं यदुडीह हॉल्ट से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और ट्रेनों के ठहराव को लेकर सोमवार को जिप सदस्य केदारनाथ यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवासीय कार्यालय में मिलकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में परसाबाद रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण, गडगी अंडरपास में जलजमाव की समस्या का समाधान, गोहल के पास रेलवे अंडरपास अथवा ओवरब्रिज निर्माण की मांग प्रमुखता से की गई. साथ ही कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का परसाबाद स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की गई, जिनमें 18623/18624 इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस, 12365/12366 जन शताब्दी एक्सप्रेस, 12801/12802 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 13307/13308 धनबाद-फिरोजपुर एक्सप्रेस शामिल हैं. इसके अलावा 13151/13152 जम्मू तवी-सियालदह एक्सप्रेस का सरमाटांड और हीरोडीह स्टेशन पर ठहराव तथा 03309/03310 इंटरसिटी एक्सप्रेस का यदुडीह होल्ट पर ठहराव दिलाने की मांग भी रखी गई. ज्ञापन में यदुडीह से आरईओ रोड तक संपर्क सड़क निर्माण, गडगी उत्तरी टोला से परसाबाद रेलवे फाटक तक 10 फीट का पीसीसी रोड निर्माण, तथा घुरमुंडा, यदुडीह, पहाड़पुर, कद्ररपडीह में फुट ओवरब्रिज निर्माण की भी मांग की गई है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिल सके. मौके पर पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, सांसद प्रतिनिधि किसुन यादव, छात्रधारी यादव, सीताराम यादव समेत कई लोग उपस्थित थे.

### कोल्डड्रिंक दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**चौपारण :** चौपारण चतरा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के बगल में संचालित बासु कोल्डड्रिंक नामक दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई.यह कार्रवाई हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई.सूचना मिलते ही बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अंचलाधिकारी चौपारण संजय यादव एवं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के साथ एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई.तलाशी के दौरान दुकान के एक बंद कमरे से 18 पेटी बियर किंग फिसर कंपनी 650 एमएल का प्रत्येक पेटी में 12 पीस, कुल-216 पीस एवं स्टर्लिंग रिजर्व बी-7 कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 एमएल 7 पीस एवं 375 एमएल-15 पीस कुल 22 पीस, रॉयल स्टैग कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 एमएल 03 पीस एव 375 एमएल 18 पीस कुल 21 पीस बरामद किया गया.पुलिस ने सभी अवैध शराब को मौके पर जब्त करते हुए चौपारण थाना में प्राथमिकी दर्ज की है.पुलिस ने मामले में संलिप्त शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी तेज कर दी है. स्थानीय जनमानस में संतोष, प्रशासन की तारीफ स्थानीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने इस कार्रवाई की सराहना की है.सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि चौपारण में पिछले कुछ समय से शराब और नशे का कारोबार युवाओं को बर्बाद कर रहा था.इस तरह की कार्रवाई से समाज को राहत मिलेगी.

## हजारीबाग पुलिस ने 24 घंटे में अपहृत बालक को किया बरामद

# पांच आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**शुभम संदेश ।हजारीबाग**

हजारीबाग पुलिस ने तेज़ कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर अपहृत डेढ़ वर्षीय बालक शंकर को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया। यह बच्चा 1 जुलाई 2025 को सदर थाना क्षेत्र के महावीर स्थान से कुछ लोगों द्वारा बेचने की नियत से ले जाया गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादिनी मितु देवी (पति - राजु कुमार, निवासी - शिवपुरी, कटकमदाग) ने सदर थाना में लिखित शिकायत दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना कांड संख्या-197/25, दिनांक 06/07/25 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) /142/ 61(2) (a) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में गठित टीम ने चलकुशा गांव में छापेमारी कर बालक को चिंता देवी (उम्र 45 वर्ष) के पास से सकुशल बरामद कर लिया।इस कांड में संलिप्त अभियुक्त संजय कुमार, आर्यन कुमार (दोनों हजारीबाग), सुदीप कुमार स्वर्णकार, सीमा शर्मा (गिरिडीह निवासी) सहित पांच लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है.

**छापामारी दल में शामिल अधिकारी:** अमित आनंद एसडीपीओ, सुभाष सिंह, थाना प्रभारी, राहुल कुमार, अनुसंधानकर्ता, रमेश चंद्र हजाम,गौतम कुमार सिंह शामिल थे.

## हजारीबाग में मुहर्रम जुलूस के दौरान बड़ा हादसा

# करीब 15 लोग झुलसे, चल रहा इलाज

**शुभम संदेश ।हजारीबाग**



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुरांव-पौता गांव में मुहर्रम जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया. परंपरागत कला प्रदर्शन के दौरान आग विकराल रूप ले ली, जिससे लगभग 15 लोग झुलस गए. जानकारी के अनुसार, जुलूस के दौरान आग्नेय प्रदर्शन किया जा रहा था. इसी क्रम में आग में डीजल डालते ही अचानक आग भड़क गई और स्थिति अनियंत्रित हो गई.

इस हादसे में महिलाएं और बच्चे ज्यादा प्रभावित हुए हैं. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ गंभीर रूप से झुलसे लोगों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना भी घटनास्थल पर पहुंची. इसके बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भी पहुंची. जहां प्रशासन ने घटना कैसे घटी, इसकी विस्तृत जानकारी ली है. महत्वपूर्ण बात यह है कि जिला प्रशासन ने आदेश निर्गत किया था कि आग के साथ कोई भी अखाड़ा करतब नहीं दिखाएगा. इसके बावजूद अखाड़ा के सदस्यों ने आग का कला प्रदर्शन किया गया. इसे लेकर भी जांच की बात कही जा रही है. प्रशासन ने सभी घायलों का इलाज सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल प्रबंधन से भी बात की है.वहीं, दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलने के साथ ही हजारीबाग के सदन विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रतिनिधि साहिल कुमार अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार की मदद की. उन्होंने बताया कि इस घटना में लगभग 15 लोग झुलसे हैं. सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है. चिकित्सक भी लगे हुए हैं. अस्पताल के अंदर का जो दृश्य है, वह बहुत ही अधिक पीड़ादायक है. घायल जलन से परेशान हैं. पीड़ित परिवार को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए कोशिश की जा रही है.

# देश के विकास में उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण : अमित

**शुभम संदेश ।बोकारो**




भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि देश के विकास में उद्योगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि ये आर्थिक विकास को गति देते हैं, रोजगार के अवसर पैदा करते हैं और नवाचार को बढ़ावा देते हैं. अमित ने बताया कि इसी उद्देश्य से बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के विस्तारीकरण योजना को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए बोकारो में समाज के सभी वर्गों के बीच महा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि बीएसएल की प्रस्तावित 2.5 मिलियन टन विस्तारीकरण योजना के प्रारंभ होने में हो रहे विलंब के कारण बोकारो के विकास के लिए यह अभियान शुरू किया जा रहा है, ताकि जनता का जनसमर्थन प्रदर्शित किया जा सके. प्लांट का विस्तारीकरण बोकारो के भविष्य से जुड़ा है. बीएसएल की उत्पादन क्षमता 10 मिलियन टन हो, यह बोकारो वासियों का सपना है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपनी राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत बीएसएल की वर्तमान उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन को बढ़ाकर 7.5 मिलियन टन करने का निर्णय लिया है. इसकी घोषणा केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने अपने पिछले बोकारो प्रवास में की थी. इसके मुताबिक, इस काम के लिए 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होना है, जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ-साथ 2500 युवाओं को प्रत्यक्ष और 10,000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिलना है. विस्तारीकरण का शिलान्यास पिछले मई माह में ही होना था, पर अब तक सेल प्रबंधन द्वारा इस कार्य को तय समय पर प्रारंभ नहीं करने से यहां के सभी तबकों के मन में विस्तारीकरण को लेकर भ्रम की स्थिति बन रही है. उन्होंने बोकारो जनरल अस्पताल को सेल सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने से भी यहां के लोगों के लाभान्वित होने की बात कही. प्रेस वार्ता से पूर्व सर्किट हाउस में इस अभियान को सफल बनाने को लेकर बोकारो के मजदूर संगठन, व्यावसायिक संगठन, विस्थापित संगठन, व्यवसायी, विस्थापित नेता और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर योजना भी बनाई गई. सभी ने बोकारो के विकास के लिए एक स्वर में इस अभियान को सफल बनाने की बात कही. इस अवसर पर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संरक्षक संजय बैद्य, अध्यक्ष मनोज चौधरी, भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री बिनोद कुमार, अरविंद सिंह, बीडू यूनियन के संदीप कुमार, बीएकेएस यूनियन के हरिओम और दिलीप, इंटक के जगदीश पाण्डेय, विस्थापित नेता और ठेकेदार संघ के सुनील महतो, लघु उद्योग भारती के ललन सिंह, फुटपाथ दुकानदार संघ के रामू भाई, समाजसेवी योगेंद्र कुमार, प्रकाश प्रमाणिक, अरविंद राय, निवारण महतो, उत्तम महतो, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राम, धनन्जय चौबे, विनय किशोर, विक्की राय, रघुनाथ टुडू, कृष्णा कालिन्दी, जीतेन्द्र कालिन्दी, विनय आनंद, लालबाबू, चंद्रप्रकाश, जन्मजय गोस्वामी, नागेंद्र पुरी, मिथलेश महथा, विजय गोप, महेश ठाकुर, दुलाल चंद्र महतो, अनीश, अनुज, शतीष रजवार, विशाल गौतम, चंदन, अमन सिंह, राम दयाल सिंह, सजल रजवार, अजय सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### 250 किसानों को मुफ्त उरद व मक्का बीज दिया गया

**चौपारण :** बछई पंचायत भवन ग्राम डुमरी में सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा हजारीबाग के तत्वावधान में किसानों के बीच उरद और मक्का बीज का निःशुल्क वितरण किया गया. कार्यक्रम में आईसीएआर के डॉ. कृष्णा प्रकाश, चौपारण सीएसी एफपीओ के निदेशक दीपक कुमार, सीईओ कैलाश साव की उपस्थिति रही. कार्यक्रम मुखिया बिरेन्द्र रजक तथा पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव के प्रयास से आयोजित किया गया. इस अवसर पर कुल 250 किसानों को पारदर्शिता के साथ बीज वितरण किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया बिरेन्द्र रजक ने कहा, हमारी पंचायत में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है. पहले यह लाभ कुछ गिने-चुने लोगों तक ही सीमित था, लेकिन अब हर जरूरतमंद किसान तक इसका लाभ पहुँचाया जा रहा है.

## एक नजर



### जिला प्रशासन व पुलिस बधाई के पात्र : निसार खान

**हजारीबाग ।** जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य व सर्वधर्म मानवता मंच के संस्थापक-सह-केन्द्रीय अध्यक्ष निसार खान ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास से हजारीबाग शहर तथा छड़वा में त्याग और बलिदान का त्यौहार मुहर्रम आपसी एकता, शांति, साम्प्रदायिक सौहार्द व हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई के पात्र बताया है . श्री खान ने एक बयान जारी कर त्याग व बलिदान का त्यौहार मुहर्रम के सफल आयोजन पर अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में जिला शांति समिति के सदस्यगण सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी व छड़वा मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारीगण तथा समाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं के प्रति भी हृदय से आभार व्यक्त किया है .

### मेथडोलॉजी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**हजारीबाग ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग की ओर से रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार से किया जा रहा है. यह कार्यशाला सीवी रमन भवन के आर्यभट्ट सभागार में प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ होगी. इस कार्यक्रम का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन, रांची के सहयोग से किया जा रहा है. कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. चन्द्र भूषण शर्मा संबोधित करेंगे. वे शोध कार्यों की पद्धति, उसकी महत्ता एवं वर्तमान शैक्षणिक परिप्रेक्ष्य में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालेंगे. मुख्य वक्ता के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार (गया) के सोशल साइंस संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार एवं बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा (बिहार) के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इंतेखाबुर रहमान शिरकत करेंगे. दोनों विशेषज्ञ विद्यार्थियों को शोध विधियों की बारीकियों से अवगत कराएंगे. कार्यशाला में कुल 70 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें विभावि के विभिन्न विभागों के साथ-साथ राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों से आए शोधार्थी शामिल होंगे. कार्यक्रम प्रतिदिन चार सत्रों में आयोजित होगा. पहले दिन दूसरे सत्र में डॉ. इंतेखाबुर रहमान एसपीएसएस सॉफ्टवेयर की सहायता से डेटा एनालिसिस के तकनीकी पक्षों पर व्याख्यान देंगे, जबकि अंतिम सत्र में विज्ञान संकाय के डीन डॉ. एच.एन. सिन्हा पायलट स्टडी की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा करेंगे.

### उपायुक्त ने किया सलगांवां पैक्स का निरीक्षण



**हजारीबाग ।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सोमवार को कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत सलगांवां पैक्स (धान अधिप्राप्ति केंद्र) का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया, भंडारण,रिकॉर्ड संधारण समेत सभी पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की.निरीक्षण के क्रम में कुछ त्रुटियाँ पाए जाने पर उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी त्रुटियों को अविलंब सुधार किए जाएं. उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति कार्य तथा केंद्र पर जरूरी सुविधाएं जैसे वजन मशीन, माप-तौल व्यवस्था आदि की उपलब्धता रहे तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो.इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

### रेलवे निर्माण कार्य स्थलों का एसडीओ ने किया निरीक्षण



**चतरा।** रेलवे निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न स्थलों का अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण विशेष रूप से मुरवे (सिमरिया) एवं धनगड्डा (टंडवा) क्षेत्र में किया गया, जहां रेलवे कार्य के कारण स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए गए. सभी कार्यस्थलों को एक सप्ताह के भीतर सुरक्षित मानकों के अनुरूप बनाए जाने का निर्देश दिया गया है। बैरिकेटिंग, चेतावनी बोर्ड, लाल झंडा, प्रकाश की समुचित व्यवस्था (हैलोजन लाइट आदि) अविलंब लगाई जाए। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी साइटों की घेराबंदी मजबूत एवं जलरोधी होनी चाहिए. प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधा हेतु सड़क मार्ग को मोटरेबल (वाहन योग्य) बनाने का निर्देश भी दिया गया है. इसका उद्देश्य है कि कार्यस्थलों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके एवं निर्माण कार्य भी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप संपन्न हो।अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने स्पष्ट शब्द में कहा है कि सुरक्षा मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा के भीतर अनुपालन अनिवार्य है.

### 64 युवाओं को प्रशिक्षण के लिए रांची रवाना किया गया

**चतरा।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वावधान में चतरा जिला कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत मोबिलाइजेशन सह-रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री ने समाहरणालय परिसर से चयनित 64 युवाओं को एक कंपनी के रांची स्थित प्रशिक्षण केंद्र के लिए रवाना किया।कैंप में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 104 युवाओं ने भाग लिया। उन्हें योजना की जानकारी, प्रशिक्षण प्रक्रिया और संभावित करियर विकल्पों से अवगत कराया गया। चयनित युवाओं को छह माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें झारखंड एवं अन्य राज्यों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार जयसवाल, पीआईए प्रतिनिधि शाद अम्बर समेत कई अधिकारी व युवा लाभार्थी उपस्थित थे।उपायुक्त कीर्तिश्री ने कहा कि यह योजना ग्रामीण युवाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है और यह आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को साकार कर रही है.

### श्रम कानून में संशोधन के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन 9 को

**ललमटिया।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन फेडरेशन एसोसिएशन के संयुक्त अखिल भारतीय मंच के आह्वान पर, 9 जुलाई 2025 को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है. यह हड़ताल मालिक परस्त एवं मजदूर विरोधी चार लेबर कोड, कोयला उद्योग सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण और केंद्र सरकार की अन्य जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आठ सूत्री मांगों के समर्थन में होगी. इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए ईसीएल की राजमहल परियोजना, ललमटिया कोयला खदान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा सभाएं आयोजित की जा रही है. इस मौके पर श्रमिक नेता रामजी साह, राम सुंदर महतो, खगेंद्र महतो, विगनेश्वर महतो, जयराम यादव, प्रदीप पंडित, सुनील पंडित, ए. के. पांडे, अली हुसैन अंसारी, अहमद अंसारी, गुरु प्रसाद हाजरा सहित अन्य उपस्थित थे.



# पेरू में मिला 3500 साल पुराना शहर पेनिको

पेरू के बरांका प्रांत में समुद्र तल से लगभग 600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक पहाड़ी पर हाल ही में पेनिको नामक एक प्राचीन शहर की खोज की गई है. यह स्थान लीमा से लगभग 200 किलोमीटर उत्तर में है. इस ऐतिहासिक खोज में रिसर्चरों को पूरे आठ वर्षों का समय लगा, जिसके दौरान उन्होंने 18 महत्वपूर्ण इमारतों के अवशेष खोज निकाले. माना जा रहा है कि यह शहर 1800 से 1500 ईसा पूर्व के बीच बसाया गया था. पेनिको की सबसे खास विशेषता इसका गोलाकार केंद्रीय ढांचा है, जिसके चारों ओर मंदिरों और घरों जैसी पत्थर और मिट्टी से बनी संरचनाएं स्थित हैं. शोधकर्ताओं के अनुसार यह शहर केवल एक आवासीय क्षेत्र नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र भी था. यह प्रशांत तट को एंडीज पर्वत और अमेजन बेसिन से जोड़ता था, जिससे यह क्षेत्रीय और दूर-दराज़ व्यापार का केंद्र बन गया था. यहाँ से मिली सीपियों से बने हार, मिट्टी की मूर्तियां और अन्य सांस्कृतिक अवशेष यह दर्शाते हैं कि यहां धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां भी थीं. पेनिको की भौगोलिक स्थिति और इसकी संरचनाएं इसे अमेरिका की सबसे पुरानी कैरल सभ्यता से जोड़ती हैं. सुपे घाटी में विकसित यह सभ्यता अपने पिरामिडों और उन्नत शहर नियोजन के लिए प्रसिद्ध थी.

## न्यूज अपडेट

### कर्नल शेर खान, जिसे भारत ने सम्मान दिया, पाक ने नकारा था

**नयी दिल्ली।** 1999 के कारगिल युद्ध में टाइगर हिल के पास एक भीषण मुठभेड़ में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी कर्नल शेर खान ने वीरगति पाई. उनकी बहादुरी को न सिर्फ भारतीय सेना ने सराहा, बल्कि उनके शव को पूरे सैन्य सम्मान के साथ वापस भी किया. हैरानी की बात यह थी कि उसी समय पाकिस्तान ने पहले उनके शव को पहचानने से साफ इनकार कर दिया था. आज, 26 साल बाद पाकिस्तान उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है और उनकी वीरता की मिसालें दी जा रही हैं. पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व में उन्हें सम्मानित किया जा रहा है, लेकिन एक दौर ऐसा भी था जब पाकिस्तान उन्हें अपनाने से भी पीछे हट रहा था. यह घटना भारतीय सेना के उस चरित्र को दर्शाती है, जहां दुश्मन के वीर सैनिक को भी सम्मान दिया जाता है. कर्नल शेर खान की कहानी इस बात का प्रमाण है कि भारतीय सैनिक सिर्फ रणभूमि में नहीं, मानवीयता में भी सबसे आगे हैं.

### भारत को जल्द ही सौंप दिया जाएगा खालिस्तानी आतंकवादी हैप्पी पासिया

**नयी दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया, जिसे अप्रैल में अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था, को जल्द ही भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा. पासिया भारत में आतंकवाद, जबरन वसूली, और हिंसा से जुड़े कई गंभीर मामलों में वांछित है. वह वर्तमान में अमेरिकी अधिकारियों की हिरासत में है. अमृतसर के पछिया गांव निवासी पासिया एक किसान परिवार से ताल्लुक रखता है. उसके पिता का निधन हो चुका है, और उसके परिवार में मां और एक छोटी बहन हैं. पासिया पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्जनों मामले दर्ज हैं. वह कम से कम 14 ग्रेनेड हमलों में शामिल रहा है. उसका आपराधिक करियर जग्गू भगवानपुरिया गिरोह से शुरू हुआ, जिसके बाद वह पाकिस्तान स्थित आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा से जुड़ गया, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल का हिस्सा है.

### 8 लाख के इनामी नक्सली सोढ़ी कन्ना के रूप में पहचान हुई

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच 4 जुलाई को हुई मुठभेड़ में एक नक्सली का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त नक्सलियों के स्नाइपर 8 लाख का इनामी बटालियन नंबर 1 की कंपनी नंबर 2 का डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है. सर्चिंग में मारे गये नक्सली के शव के साथ एक .303 रायफल तथा पांच जीवित राउंड, एके-47 का मैग्जीन व 59 जीवित राउंड, एक जोड़ी नक्सली वर्दी, कोडेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, नक्सली पिट्ठू, नक्सली साहित्य, रेडियो व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ है. बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने सोमवार को बताया कि, जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी. जिस पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 202, कोबरा 210 और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को 4 जुलाई से सर्च ऑपरेशन पर भेजा गया था.

### टेक्सास में विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या पहुंची 70

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को टेक्सास में आई विनाशकारी बाढ़ को 'मेजर डिजास्टर' घोषित कर दिया है. यह कदम स्टैफर्ड एक्ट के तहत लिया गया है, जिसके तहत संघीय सहायता प्रदान की जाती है. ट्रंप ने टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट को एक पत्र लिखते हुए कहा, ₹मैंने प्रभावित क्षेत्रों में संघीय राहत और पुनर्वास सहायता की स्वीकृति दी है. इसमें व्यक्तिगत और सार्वजनिक सहायता दोनों शामिल होंगी.₹ ट्रंप ने राहत समन्वय की जिम्मेदारी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी की एजेंसी फेमा (फेमा) को सौंपी है. टेक्सास के कैर काउंटी से सबसे ज्यादा नुकसान की खबरें आ रही हैं, जहां अब तक 59 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. इसके अलावा आस-पास के इलाकों से 11 अन्य मौतों की सूचना है, जिससे कुल मृतकों की संख्या 70 हो गई है.

### मिडिल ईस्ट में अब नया तनाव इजराइल-हूती टकराव के संकेत

**नयी दिल्ली।** हाल ही में इजराइल ने यमन के हूती विद्रोहियों पर बड़ी एयर स्ट्राइक की है, लेकिन यह कदम उसके लिए उल्टा भी पड़ सकता है. मिडिल ईस्ट में पहले से जारी ईरान-इजराइल तनाव के बीच यमन अब एक बड़ा हॉटस्पॉट बन चुका है. रेड सी संकट के दौरान हूतियों की ताकत दुनिया ने करीब से देखी थी, जब अमेरिका और ब्रिटेन के हमलों के बावजूद ये संगठन कमजोर नहीं हुआ. उल्टा, अमेरिका को आगे बढ़कर समझौता करना पड़ा. हूतियों ने अपनी ताकत का पहला परिचय 2004 में दिया था, जब उन्होंने सऊदी समर्थित यमन सरकार के खिलाफ विद्रोह शुरू किया. तब से लगातार उनका प्रभाव बढ़ता गया. हाल ही में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान हूतियों ने गाजा के समर्थन में लाल सागर में हमले शुरू किए और अंतरराष्ट्रीय मालवाहक जहाजों को निशाना बनाया.

## अंटार्कटिका में रूसी वैज्ञानिकों ने खोजा तेल का विशाल भंडार

# भू-राजनीतिक हलचल अब बढ़ने का है अंदेशा

एजेंसी। नयी दिल्ली



अंटार्कटिका की जमी हुई सतह के नीचे रूसी वैज्ञानिकों ने तेल के एक अत्यंत विशाल भंडार की खोज का दावा किया है. उनके अनुसार, वेडेल सागर के नीचे लगभग 511 अरब बैरल तेल छिपा है, जो दुनिया के सबसे बड़े ज्ञात तेल भंडारों से भी कहीं अधिक है. यह भंडार न केवल उत्तरी सागर के पिछले 50 वर्षों के तेल उत्पादन से दस गुना अधिक है, बल्कि सऊदी अरब के ज्ञात तेल भंडार से दोगुना विशाल भी माना जा रहा है. इस खोज ने अंटार्कटिका की भू-राजनीति और ऊर्जा संसाधनों को लेकर वैश्विक स्तर पर नई चुनौतियां और सवाल खड़े कर दिए हैं.

रूसी वैज्ञानिकों ने यह जानकारी हाल के वर्षों में किए गए अपने अभियानों के दौरान जुटाई है. यह तेल का भंडार मुख्य रूप से वेडेल सागर क्षेत्र में स्थित है, जो अंटार्कटिका के ब्रिटिश क्षेत्रीय दावे के भीतर आता है. हालांकि, इस क्षेत्र पर अर्जेंटीना और चिली भी अपने दावे जताते हैं, जिससे यहां पहले से ही एक भू-राजनीतिक विवाद कायम है. रूस की इस खोज और बढ़ती उपस्थिति ने इस क्षेत्र की जटिलता और बढ़ा दी है. 1959 में हस्ताक्षरित अंटार्कटिक संधि इस महाद्वीप को शांति और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए समर्पित करती है. इस संधि के तहत अंटार्कटिका में सैन्य गतिविधि और संसाधनों का दोहन प्रतिबंधित है. अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई पश्चिमी देशों ने इस संधि को अंटार्कटिका के आर्थिक शोषण से बचाने के लिए तैयार किया था. इसलिए रूस की हालिया गतिविधियों को कुछ विशेषज्ञ संधि के उल्लंघन और रिसर्च के नाम पर संसाधनों के दोहन के रूप में देख रहे हैं. इस खोज का समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि रूस का पश्चिमी देशों के साथ संबंध यूक्रेन युद्ध के कारण काफी तनावपूर्ण हो गया है. इस युद्ध ने पश्चिमी देशों में यह चिंता बढ़ा दी है कि मॉस्को अंटार्कटिका के संसाधनों का उपयोग अपने भू-राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाने और भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कर सकता है. इससे क्षेत्रीय शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा और तनाव की संभावना बढ़ गई है.

इसी बीच, चीन ने भी अंटार्कटिका में अपनी भूमिका मजबूत करने के लिए पांचवां अंटार्कटिक अनुसंधान आधार स्थापित किया है. चीन और रूस के बीच बढ़ती साझेदारी ने पश्चिमी देशों की चिंता को और गंभीर बना दिया है. विशेषज्ञ मानते हैं कि रूस और चीन मिलकर अंटार्कटिका पर दशकों से लागू प्रतिबंधों को चुनौती दे सकते हैं और इस महाद्वीप में अपनी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ा सकते हैं.

अंटार्कटिका में इस तेल भंडार की खोज भू-राजनीतिक हलचल को बढ़ावा दे सकती है और क्षेत्र में ऊर्जा संसाधनों के लिए बड़ी प्रतिस्पर्धा का कारण बन सकती है. यह खोज केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संघर्ष का एक नया मोड़ भी साबित हो सकती है. आने वाले समय में अंटार्कटिका के भविष्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई बहसें और विवाद देखने को मिल सकते हैं. इस तरह, अंटार्कटिका में रूस की तेल खोज ने न केवल ऊर्जा क्षेत्र बल्कि वैश्विक भू-राजनीति में भी एक नई चुनौती प्रस्तुत कर दी है, जो भविष्य में क्षेत्रीय संतुलन और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित कर सकती है.

### जापानी तटरक्षक जहाज इत्सुकुशिमा पहुंचा चेन्नई

**चेन्नई।** जापान का तटरक्षक जहाज ₹इत्सुकुशिमा₹ सोमवार को चेन्नई पहुंचा है. इसका उद्देश्य भारत और जापान के बीच समुद्री संबंधों को मजबूत करना है. इस जहाज का चालक दल भारतीय तटरक्षक बल के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग लेगा. यह अभ्यास दोनों तटरक्षक बलों के बीच संबंधों और आपसी समझ को और मजबूत करने, संचार में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने, मानक संचालन प्रक्रियाओं को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर केंद्रित है. जापान का यह तटरक्षक जहाज भारत और जापान के बीच समुद्री संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक सद्भावना यात्रा के तहत चेन्नई बंदरगाह पर पहुंचा है. यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत राजनयिक और रणनीतिक संबंधों को दर्शाती है. अपने प्रवास के दौरान, इत्सुकुशिमा के चालक दल अपने भारतीय समकक्षों के साथ विभिन्न पेशेवर आदान-प्रदान में शामिल होंगे, जिसमें प्रशिक्षण सत्र, खेल आयोजन और सांस्कृतिक बातचीत भी शामिल है. यह भारत और जापान के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें समुद्री प्रशिक्षण और स्मार्ट द्वीपों के विकास जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं. इससे जापान तटरक्षक और भारतीय तटरक्षक के बीच सहयोग बढ़ने की उम्मीद है, विशेषकर समुद्री सुरक्षा, खोज और बचाव कार्यों के साथ ही पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी. चेन्नई में जापानी तट रक्षक जहाज के आगमन से दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी तथा एक मुक्त और खुले भारत-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को और भी प्रबल करता है.

## झांसी रेलवे स्टेशन पर प्रसव कराने वाले मेजर को सेना प्रमुख ने सम्मानित किया

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को सैन्य चिकित्सा अधिकारी मेजर बचवाला रोहित की असाधारण पेशेवर कुशलता और कर्तव्य से परे निःस्वार्थ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करने के लिए सराहना की. उन्होंने मेजर को इसलिए सम्मानित किया कि उन्होंने छुट्टी पर घर जाते समय उत्तर प्रदेश के झांसी रेलवे स्टेशन पर एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर बच्चे को जन्म देने में मदद की. बाद में मां और नवजात शिशु को एक सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया. दरअसल, पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस में अपने पति और बच्चे के साथ यात्रा कर रही एक महिला को समय से पहले प्रसव पीड़ा हुई. पति ने रेल मदद ऐप के जरिए रेल अधिकारियों से संपर्क किया, जिसके बाद जब ट्रेन झांसी पहुंची, तो महिला को ट्रेन से उतार दिया. उसे एक महिला यात्रा टिकट परीक्षक (टीटीई) व्हीलचेयर पर चिकित्सा सहायता के लिए ले जा रही थी, तभी वह अचानक तेज प्रसव पीड़ा उठने पर चिल्लाने लगी और व्हीलचेयर से नीचे गिर पड़ी. ठीक उसी समय अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे अन्य यात्री हंगामा देख सहज ही मदद के लिए दौड़ पड़े. उसी समय झांसी के सैन्य अस्पताल में तैनात चिकित्सा अधिकारी मेजर बचवाला रोहित 5 जुलाई को छुट्टी पर अपने गृहनगर हैदराबाद जाने के लिए झांसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इन्तजार कर रहे थे.



## मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने लुधियाना में उद्योगपतियों से की मुलाकात

एजेंसियां। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को लुधियाना स्थित वर्धमान औद्योगिक परिसर में पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से भेंट की और उन्हें मध्य प्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार न केवल उद्योग लगाने और निवेश बढ़ाने के लिए तैयार है, बल्कि यदि किसी सेक्टर में संभावना दिखती है, तो वहां आवश्यकतानुसार नियमों में परिवर्तन भी किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में गारमेंट और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है. उन्होंने बताया कि इंदौर की हुकुमचंद मिल को पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्य हो रहा है और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए 100 करोड़ से अधिक के सेटलमेंट क्लियर किए गए हैं. निवेशकों और श्रमिकों के साथ सरकार की प्रतिबद्धता हर स्तर पर बनी रहेगी. बताया कि ग्वालियर की जेसी मिल और उज्जैन की हीरा मिल के मामले में भी राज्य सरकार ने सहृदयता से निर्णय किये है. कहा कि सरकार उद्योगपतियों के हित में निर्णय लेने के लिए कैबिनेट स्तर पर नीतियों में बदलाव को भी तैयार है. निवेशकों से आग्रह किया कि वे मध्य प्रदेश में आकर संभावनाओं को देखें और राज्य की गतिशीलता, शांति और संसाधनों का लाभ उठाएं. राज्य में टेक्सटॉइल, एग्री बेस्ड इंडस्ट्री, इंजीनियरिंग गुड्स, स्टील प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और आईटी जैसे सेक्टरों में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं. उद्योगपतियों से यह भी कहा कि मध्य प्रदेश केवल निवेश के लिए नहीं, बल्कि एक जनकल्याणकारी राज्य के रूप में भी तेजी से पहचान बना रहा है.

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

**अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर स्थित दरिमा एयरपोर्ट पहुंचे. यहां से वह छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मैनपाट के लिए रवाना हुए. इस दौरान उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे. मैनपाट में आज से तीन दिवसीय चिंतन और प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो रही है, जिसका शुभारंभ जेपी नड्डा करेंगे. सड़क मार्ग से मैनपाट पहुंचने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पौधारोपण करेंगे. इसके बाद प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ होगा. आयोजन में शामिल होने बाकी सांसद और विधायकों को सुबह ही आरक्षित बसों से रवाना कर दिया गया था. उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ अंबिकापुर में भारतीय जनता पार्टी की तीन दिवसीय चिंतन और प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा सोमवार को होगा. शिविर 7 से 9 जुलाई तक चलेगा, जिसमें पार्टी के सभी 54 विधायक और सांसद शामिल होंगे. शिविर के दौरान कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा होगी.

### बाहर वृक्ष आवरण में गुजरात देशभर में अग्रणी

**गांधीनगर।** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार तथा पर्यावरणप्रेमी नागरिकों व स्वैच्छिक संस्थाओं के सतत सहयोग से अब ₹वनराजि में भी गुजरात अधिक प्रसन्न₹ हुआ है. वन विभाग ने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात में नॉटिफाइड फॉरेस्ट एरिया के बाहर वृक्ष आवरण (ट्री कवर) में कुल 241.29 वर्ग किलोमीटर की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे गुजरात इस क्षेत्र में देशभर में अग्रणी बना है. वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलूभाई बेरा तथा राज्य मंत्री मुकेशभाई पटेल के सतत मार्गदर्शन में एफएसआई-2023 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में गुजरात में फॉरेस्ट कवर और ट्री कवर मिलाकर कुल हरित आवरण (ग्रीन कवर) 2.80% था, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 3.38% हो गया. इसी तरह वर्ष 2021 में राज्य का कुल ग्रीन कवर 10.41% था, जो बढ़कर वर्ष 2023 में 11.03% हो गया है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है. इसके अतिरिक्त इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट -2023 के अनुसार, गुजरात में कुल रिकॉर्डेड फॉरेस्ट क्षेत्र 21,870 वर्ग किमी है, जो राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 11.14% है. वहीं फॉरेस्ट कवर 15,016.64 वर्ग किमी (7.65%), और ट्री कवर 6,632.29 वर्ग किमी (3.38%) है. इस प्रकार राज्य का कुल ग्रीन कवर 21,648.93 वर्ग किमी (11.03%) है.

### जापान की है अनुशासित व प्रभावशाली शिक्षा प्रणाली

**टोक्यो।** जापान टेक्नोलॉजी के साथ-साथ अपनी शिक्षा प्रणाली के लिए भी विश्व प्रसिद्ध है. भारतीय पर्यटक जब जापान जाते हैं, तो वहां की स्वच्छता, अनुशासन और शिक्षा व्यवस्था देखकर चकित रह जाते हैं. जापान का स्कूल एजुकेशन सिस्टम '6-3-3-4' मॉडल पर आधारित है—6 साल प्राइमरी (6-12 वर्ष), 3 साल जूनियर हाई स्कूल (12-15 वर्ष), 3 साल सीनियर हाई स्कूल (15-18 वर्ष) और 4 साल यूनिवर्सिटी. 3-5 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए प्री-स्कूल वैकल्पिक होता है. शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में गणित, विज्ञान और नैतिकता को प्रमुखता दी जाती है. जापानी शिक्षा प्रणाली छात्रों को सिर्फ अकादमिक रूप से नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक रूप से भी मजबूत बनाती है. पहली कक्षा से ही बच्चों को होमवर्क दिया जाता है. प्राइमरी स्तर पर यह लगभग 1-2 घंटे प्रतिदिन होता है, जबकि जूनियर और सीनियर हाई स्कूल में बढ़कर 2-3 घंटे हो सकता है. गर्मी की छुट्टियों में भी होमवर्क दिया जाता है. लगभग 50% जूनियर हाई और 60% सीनियर हाई छात्र 'जुकु' (क्रैम स्कूल) में अतिरिक्त कोचिंग लेते हैं, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें.

### होशियारपुर में कार से टकरापलटी बस, छह मरे

**चंडीगढ़।** पंजाब के होशियारपुर जिले में सोमवार को एक यात्री बस के पलटने से छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 17 यात्री घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. हादसे में घायल बारह लोगों की हालत गंभीर होने पर अमृतसर के लिए रेफर किया गया. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घटना पर शोक जताया और घायलों के स्वस्थ जल्द होने की कामना की है. घटना दसूहा-हाजीपुर रोड पर अड्डा सगरां के पास हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दसूहा की तरफ जा रही बस जब अड्डा सगरां के पास पहुंची तो सामने से आ रही एक कार से टकरा गई. बस तेज रफ्तार में होने के कारण चालक बस नियंत्रित नहीं कर सका और थोड़ी दूरी पर जाकर पलट गई. बस पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मोके पर जुट गए और उन्होंने पुलिस को सूचित किया. ग्रामीणों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला.

### एनसीडब्ल्यू सदस्य ने परिजनों से की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कालीगंज में बम धमाके में मारी गई 10 वर्षीय तमन्ना खातून के परिजनों से राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य अर्चना मजूमदार ने सोमवार को मुलाकात की. यह हादसा 23 जून को हुआ था जब कालीगंज विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत के जश्न के दौरान कथित तौर पर बम विस्फोट किया गया. मृतका के परिजनों से मिलने पहुंचीं अर्चना मजूमदार ने मृतक बच्ची की मां से बंद कमरे में बातचीत कर आधिकारिक रूप से उनका बयान दर्ज किया. मुलाकात के दौरान तमन्ना की मां फूट-फूटकर रो पड़ीं और एनसीडब्ल्यू प्रतिनिधि को बताया कि किस तरह स्थानीय असामाजिक तत्वों ने बम फेंककर उनकी बेटी की जान ले ली. परिवार ने आरोप लगाया है कि हमला राजनीतिक बदले की भावना से किया गया क्योंकि वे माकपा समर्थक हैं और उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी को समर्थन देने से इनकार कर दिया था.

## ऑपरेशन सिंदूर — पाकिस्तान की वायुसेना और सुरक्षा तंत्र की कमजोरी के साथ झूठ भी उजागर

# भारत का कोई विमान नहीं गिरा पाया था पाकिस्तान

एजेंसी। नयी दिल्ली

7 मई 2025 की सुबह भारत ने ऐसा सैन्य ऑपरेशन चलाया जिससे न केवल आतंकियों के ठिकाने तबाह हुए, बल्कि पाकिस्तान की वायुसेना और सुरक्षा तंत्र की कमजोरी भी पूरी दुनिया के सामने आ गई. इस मिशन का नाम था 'ऑपरेशन सिंदूर', जो जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया था. इस आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी. भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमाओं के भीतर रहते हुए पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को बेहद सटीकता से निशाना बनाया.




लेकिन ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान ने एक बड़ा दावा कर सनसनी फैला दी. उसने कहा कि उसने भारत के तीन राफेल समेत पांच जेट विमानों को मार गिराया है. इस दावे ने सबका ध्यान खींचा, लेकिन जल्द ही इसकी असलियत सामने आ गई. दरअसल, पाकिस्तान असली राफेल नहीं, बल्कि एक्स-गार्ड डिकॉय से धोखा खा गया था.

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता

ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत 7 मई 2025 को की गई थी, जब भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के खिलाफ कड़ा जवाब देने का निर्णय लिया. इस ऑपरेशन में राफेल, सुखोई Su-30 MKI और मिराज 2000 जैसे अत्याधुनिक जेट्स का इस्तेमाल हुआ. इन विमानों ने SCALP क्रूज मिसाइल और स्पाइस-2000 बमों से पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया. गौर करने वाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने एक बार भी अपनी सीमा नहीं लांघी. उन्होंने भारतीय हवाई क्षेत्र में रहते हुए ही सटीक हमले किए. इससे यह साबित हुआ कि भारत की तकनीकी क्षमता इतनी सशक्त है कि बिना सीमा पार किए भी दुश्मन के अड्डों को ध्वस्त किया जा सकता है.

### पाकिस्तान का दावा और उसकी सच्चाई

ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने भारतीय वायुसेना के पांच विमानों को मार गिराया है. इसमें तीन राफेल, एक Su-30 MKI, एक मिग-29 और एक ड्रोन शामिल था. पाकिस्तानी मीडिया और सैन्य प्रवक्ताओं ने इसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर प्रचारित किया, लेकिन जल्द ही सच्चाई सामने आ गई. भारतीय सैन्य सूत्रों और अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान ने जिन विमानों को मार गिराने का दावा किया, वे वास्तव में X-गार्ड जैमिंग डिकॉय थे, न कि असली राफेल या अन्य लड़ाकू विमान. इन डिकॉय ने दुश्मन के रडार और मिसाइलों को इस कदर भ्रमित किया कि वे असली और नकली में फर्क नहीं कर पाए.

### क्या है एक्स-गार्ड जैमिंग डिकॉय

एक्स-गार्ड एक इजरायली तकनीक पर आधारित फाइबर-ऑप्टिक टोड डिकॉय है, जिसे खासतौर पर राफेल जेट्स के साथ स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली में जोड़ा गया है. इसका वजन मात्र 30 किलोग्राम होता है और यह राफेल के पीछे एक केबल से जुड़ा होता है. इस डिकॉय की सबसे बड़ी खासियत है कि यह 360 डिग्री में जैमिंग सिग्नल भेजता है, जो दुश्मन के रडार और मिसाइलों के एक्टिव सीकर्स को भ्रमित करता है.




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)